CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 09°C

लखनऊ, रविवार 14 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 39 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय पेज 2



मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत, झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक खेल टाइम्स




भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर- कानूनी: अमेरिकी सांसद पेज 11



200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई 'धुरंधर' बॉलीवुड

# बंगाल एसआईआर : वोटर लिस्ट से 58 लाख+नाम हटे

**कोलकाता, वार्ता**




■ ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट से 44 हजार नाम डिलीट
■ साउथ 24 परगना जिले से करीब 8 लाख नाम कटे

**चुनाव आयोग** (ईसी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के पहले फेज के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक, राज्य में 58 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं।

सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट से 44,787 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। यहां जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट से 10,599 नाम हटाए गए। यहां एसआईआर से पहले 2,78,212 वोटर थे। जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8 लाख 16 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए है। यह इलाका टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ, बंगाल भाजपा के को-इंचार्ज अमित मालवीय ने दावा किया है कि सीएम ममता बनर्जी ने 11 दिसम्बर को पहले फेज के आखिरी दिन अपना एसआईआर फॉर्म भर दिया है।

# भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस-वाम गढ़ में लगाई सेंध

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता**



■ नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की

**केरल की राजनीति** में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की है। राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम को लंबे समय से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ माना जाता रहा है।

गत नौ दिसम्बर को हुए स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना के बाद राजग ने 101 वार्ड वाले निगम में बहुमत हासिल करके सबको चौंका दिया। इस जीत से राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर में दशकों से चले आ रहे वामदलों और कांग्रेस प्रभुत्व का पराभव हो गया है। यहां के स्थानीय चुनाव में भाजपा- राजग ने 50 सीटें जीतीं, जबकि वाम दलों के गठबंधन एलडीएफ को 29 सीटें मिलीं, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को 19 सीटें मिलीं। निर्दलीय तथा अन्य को दो सीटें पर संतोष करना पड़ा। राजग को हालांकि बहुमत से एक सीट कम मिली है पर वह सबसे बड़ा दल बन कर उभरा है और उम्मीद की जा रही है कि वह बहुमत साबित करने में सफल रहेगा। तिरुवनंतपुरम के अलावा भाजपा ने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका सहित अन्य स्थानीय निकायों में भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की है। यह पूरे राज्य में राजग की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने भाजपा की जीत को ऐतिहासिक प्रदर्शन और बदलते मतदाता रुझान का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने इस मील के पत्थर वाली जीत के लिए भाजपा और अन्य स्थानीय निकाय प्रतियोगिताओं में मजबूत प्रदर्शन के लिए यूएडीएफ दोनों को बधाई दी।

## पंकज चौधरी होंगे उप्र भाजपा के अध्यक्ष



**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी उप्र में भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। श्री चौधरी ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में एकमात्र उम्मीदवार के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र में मुख्यमंत्री भी चौधरी के प्रस्तावकों में से एक थे। इसके बाद कागजात की जांच की जाएगी और औपचारिक घोषणा रविवार दोपहर को होने की उम्मीद है। पंकज चौधरी वर्तमान में वित्त मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वह लोकसभा में संसद सदस्य भी हैं, जो सातवीं बार उत्तर प्रदेश के महाराजगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बागपत में किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**बागपत।** जिले के बिहारीपुर गांव में शनिवार को एक किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बागपत कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में ऋषिपाल (56) की गांधी चौक के पास किराना की दुकान है। परिजनों के मुताबिक, ऋषिपाल ने शनिवार सुबह करीब पांच बजे दुकान खोली थी। कुछ देर बाद पहुंचे दो बदमाशों ने सीने में गोली मारकर ऋषिपाल की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि वारदात से पहले तीसरे बदमाश ने घटना की रेकी की थी। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि 20 दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति से ऋषिपाल का विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


### आलंद सीट वोट चोरी केस: 22000 पन्नों की चार्जशीट

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने आलंद वोट चोरी मामले में एसीएमएम कोर्ट में 22 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। जांच में पूर्व भाजपा विधायक सुभाष गुट्टेदार और उनके बेटे हर्षानंद को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि 2023 विधानसभा चुनाव से पहले 5,994 वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश हुई।

# दिल्ली-NCR में ग्रैप-3 लागू

## वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर CAQM का सख्त फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ दिल्ली में पिछले तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने से हालात तेजी से बिगड़े
■ शनिवार को एक्यूआई 401 दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर राजधानी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के शहरों में शनिवार को श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना-3 (ग्रैप) लागू कर दी।

दिल्ली में पिछले तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने के कारण स्थिति तेजी से बिगड़ी है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 10 दिसम्बर को 259 (खराब) से बढ़कर 11 दिसम्बर को 307 (बहुत खराब) हो गया और 12 दिसम्बर को यह और बढ़कर 349 (बहुत खराब) हो गया। बिगड़ती स्थिति के कारण शनिवार तड़के हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक 401 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम की खराब स्थिति बने रहने के कारण प्रदूषण की निगरानी वाली इस संस्था ने दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रैप 3 लागू करने की घोषणा की। सीएक्यूएम ने बताया कि वायु में पीएम 2.5 की मात्रा अधिक है और यहां के लगभग सभी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों ने पीएम 2.5 को सबसे ज्यादा प्रदूषक बताया है। यहां शनिवार को सुबह छह बजे शहर का एक्यूआई 387 था, सुबह आठ बजे यह बिगड़कर 393 हो गया और सुबह 10 बजे 401 पर पहुंच गया। सीएक्यूएम ने कहा कि हवा की गुणवत्ता के मौजूदा हालत को देखते हुए और क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता को और खराब होने से रोकने के प्रयास में सीएक्यूएम ग्रैप उप समिति ने आज मौजूदा ग्रैप के स्टेज-3 'गंभीर' एयर क्वालिटी (दिल्ली एक्यूआई 401-450 के बीच) के तहत बताए गए सभी उपायों को पूरे एनसीआर में तुरंत प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है।

## यूपी में घना कोहरा, सड़कों पर 10 मीटर देखना भी मुश्किल



**नई दिल्ली।** यूपी और बिहार में घने कोहरे का असर बढ़ता जा रहा है। यूपी के लखनऊ, गोरखपुर समेत 30 जिलों में सड़कों पर 10 मीटर दूर कुछ भी नहीं दिख रहा है। शनिवार सुबह सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कोहरे की वजह से कई गाड़ियां आपस में भिड़ गई।

इससे एक महिला जख्मी हो गई। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में रविवार को बारिश के साथ हल्की बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति, चंबा और कुल्लू जिलों में बर्फबारी की संभावना है। राजस्थान में सर्दी के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित कई इलाकों में बादल छाए हैं। इससे सर्द हवाएं कमजोर हुई हैं। राज्य के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पारा 3 डिग्री पहुंच गया। मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य के 19 शहरों में कल रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ। इंदौर में 5.2 डिग्री तापमान रहा। इतना ही तापमान प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन और सबसे ठंडी जगह कहे जाने वाले पचमढ़ी में भी दर्ज किया गया।

# असम में वायुसेना का पूर्व अफसर कुलेंद्र शर्मा जासूसी में गिरफ्तार

**गुवाहाटी, वार्ता**

■ पाकिस्तानी एजेंट को सोशल मीडिया के जरिये जानकारी दे रहा था रिटायर्ड अफसर
■ अरुणाचल से भी दो अरेस्ट

**असम के** सोनितपुर जिले से पुलिस ने रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। कुलेंद्र पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध का आरोप है।

पुलिस ने खुफिया इनपुट के आधार पर गिरफ्तारी की। पुलिस के मुताबिक आरोपी कुलेंद्र सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में था और उन्हें सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। उसके मोबाइल और लैपटॉप से संदिग्ध सामग्री मिली है, हालांकि कुछ डेटा डिलीट होने का संदेह है। सोनितपुर के डीएसपी हरिचरण भूमिज ने कहा कि कुलेंद्र के पाकिस्तान से संबंधों को लेकर संदेह काफी मजबूत है। रिटायर्ड होने से पहले, कुलेंद्र तेजपुर वायुसेना स्टेशन में जूनियर वारंट ऑफिसर था, जहां सुखोई 30 स्क्वाड्रन सहित प्रमुख हवाई संसाधन मौजूद हैं। वह 2002 में रिटायर्ड हुआ। इसके बाद उसने कुछ समय के लिए तेजपुर विश्वविद्यालय में काम किया। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में पुलिस ने शुक्रवार को जासूसी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये गिरफ्तारियां पश्चिम सियांग जिले के आलो और चांगलांग जिले के मियाओ से की गईं। इनमें एक की पहचान हिलाल अहमद (26) के रूप में हुई है, जो जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से है। पुलिस ने दूसरे का नाम नहीं बताया है। पुलिस के मुताबिक, ईटानगर थाना को इनपुट मिलने के बाद एक विशेष टीम गठित की गई। स्थानीय लोगों की मदद से संदिग्ध का पता लगाया गया और उसे हिरासत में लिया गया। फिलहाल आरोपी हिलाल को पूछताछ के लिए ईटानगर लाया गया है। हिलाल 25 नवम्बर को पापुम पारे जिले से आलो पहुंचा था। वह पुराने बाजार में आयोजित एक व्यापार मेले में कंबल बेचने के बहाने वहां आया था। इसी दौरान पश्चिम चांगलांग पुलिस ने इस मामले में मियाओ से एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेने की पुष्टि की है, हालांकि उसकी पहचान और भूमिका को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हिलाल अपने सहयोगियों को सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भेज रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां उसके पूरे नेटवर्क और संपर्कों की जांच कर रही हैं।

### भारत के लिए जीने का समय, मरने का नहीं: भागवत

**श्री विजया पुरम।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि देश को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए। यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं। हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# जंग भाषणों से नहीं, एक्शन से जीती जाती है: सीडीएस

## पाकिस्तान हमेशा जीत के झूठे दावे करता रहा है, हमें हमेशा सतर्क रहना होगा

**हैदराबाद, वार्ता**



■ कहा: अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं

**चीफ ऑफ डिफेंस** स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि युद्ध केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई से जीते जाते हैं।

सीडीएस तेलंगाना के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी में आटम टर्म दिसम्बर 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली शब्दों और प्रतीकात्मक दावों से ताकत साबित नहीं होती। अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं। उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि हाल के समय में वहां झूठे जीत के दावे और सोशल मीडिया प्रचार देखने को मिले, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और रही है। सीडीएस ने कहा कि नए अधिकारी ऐसे समय सेवा में आ रहे हैं, जब ऑपरेशन 'सिंदूर' जारी है। मौजूदा सुरक्षा माहौल में हर समय सतर्कता, फुर्ती और तैयार रहना जरूरी है। सैन्य सेवा केवल संकट के क्षणों तक सीमित नहीं होती, बल्कि लगातार तैयारी ही सफलता की कुंजी है। सतर्कता, तत्परता और पेशेवर रवैया ही युद्ध के समय ही नहीं, पूरे सेवा काल में सफलता तय करेगा। भारत की मजबूती मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर टिकी है। जनरल अनिल चौहान ने 29 नवम्बर को नई दिल्ली के सैम मानेकशा सेंटर में चल रहे चाणक्य डिफेंस डायलाग में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि युद्ध लगातार खुद को बदलता और बनाता रहता है। जो कान्सेप्ट भविष्य के लगते हैं, वे लागू होने से पहले ही पुराने भी हो सकते हैं। यह एक ऐसा रिस्क है, जो सेना को उठाना पड़ता है। इसलिए फ्यूचर वारफेयर के मुताबिक अंदाजा लगाना, तैयारी करना हमारे अस्तित्व से जुड़ जाता है। इसका दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है।

# मुंबई BMW हिट-एंड-रन केस के आरोपी को जमानत से इन्कार

■ महिला को 1.5 किमी तक घसीटा था
■ सुप्रीम कोर्ट बोला: ऐसे लड़कों को सबक सिखाना जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है, इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच ने कहा कि आरोपी एक अमीर परिवार से है। उसके पिता शिवसेना के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के गुट से जुड़े थे। इन बातों को ध्यान में रखना जरूरी है। मिहिर शाह को 9 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि पिछले साल 7 जुलाई को वर्ली में उसने बीएमडब्ल्यू से स्कूटर को टक्कर मारी और महिला को करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटते ले गया, जिससे कावेरी नखवा की मौत हो गई और पति प्रदीप नखवा गंभीर रूप से घायल हो गए। शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवम्बर के जमानत देने से इन्कार करने वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने माना था कि हादसे के समय शाह बहुत ज्यादा नशे में था। उसने स्कूटर को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रोकी और पीड़ित को अपनी गाड़ी के नीचे घसीटता हुआ ले गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में भेड़िया मासूम को लेकर भाग निकला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में आदमखोर भेड़िए ने शनिवार भोर ग्राम गोडहिया नंबर 4 के मजरा जरूवा में एक साल की मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब आरवी (1) अपनी मां, राम कुमारी, के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। भेड़िया अचानक आया और बच्ची को अपने जबड़े में दबा. चकर खेतों की ओर भाग गया। मां की चीख सुनकर जागे ग्रामीणों ने शोर मचाया और भेड़िए का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गन्ने के खेतों में गुम हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस स्टेशन के प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा और रेंजर ओंकार यादव अन्य वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। रेंजर ओंकार यादव ने बताया कि जंगली जानवर द्वारा मासूम पर हमला करने की सूचना मिलने के बाद सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और बच्ची की खोज जारी है।

### डंपर-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत, चार घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अजगैन क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से ऑटो-रिक्शा सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मकुर गांव में एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर अचानक बेकाबू होकर सामने से आ रहे ऑटो से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी सात लोग अंदर फंस गए। क्षेत्रीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। अजगैन पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान चलाया।

### यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्र और राज्य सरकार को सुनाई खरी-खरी

# बीएलओ की मौत व कफ सिरप पर सरकार को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- साधना वर्मा की मौत प्रशासनिक दबाव के कारण हुई
- कम समय में कर्मचारियों पर डाल दिया बोझ

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बीएलओ की मौत और कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। अजय राय ने अलीगढ़ जिले के लोधा ब्लॉक के गांव सदलपुर में दिवंगत बीएलओ साधना वर्मा के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

अजय राय ने साधना वर्मा की मौत को बेहद दुखद बताते हुए इसे प्रशासनिक दबाव और सरकार की जल्दबाजी का नतीजा करार दिया। उन्होंने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरा. प लगाए और मृतक बीएलओ के परिजनों को तत्काल सरकारी सहायता दिए जाने की मांग की। अजय राय ने कहा कि साधना वर्मा जैसी कर्मठ शिक्षिका और बीएलओ का इस तरह अचानक निधन पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर कार्य के दौरान लगातार बीएलओ और अन्य कर्मचारियों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है।

अजय राय के मुताबिक प्रदेश में अब तक 15 से 16 बीएलओ की मौत हो चुकी है, जबकि कई कर्मचारी गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सरकार बेहद कम समय में जबरन पूरा कराना चाहती है। यह प्रक्रिया महीनों की होनी चाहिए थी, ताकि कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन बिना मानसिक और शारीरिक दबाव के कर सकें, लेकिन सरकार ने केवल एक महीने का समय देकर कर्मचारियों पर असहनीय बोझ डाल दिया, जिसका नतीजा यह है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, ब्रेन हैमरेज का शिकार हो रहे हैं और कुछ मामलों में आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इस संबंध में बातचीत की और मांग की है कि साधना वर्मा के परि. जनों को उनकी योग्यता के अनुरूप सरकारी नौकरी तत्काल दी जाए।

### मनरेगा का नाम बदलने का फैसला समझ से परे: प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को महात्मा गांधी नेशनल रूरल गारंटी एक्ट (मनरेगा) का नाम बदल कर पूज्य बापू रूरल एम्प्लॉयमेंट स्कीम करने की खबरों पर जवाब देते हुए कहा कि नाम बदलने की प्रक्रिया पर बहुत सारे सरकारी रिसोर्स खर्च हो रहे हैं, ये गैर जरूरी है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें मनरेगा स्कीम का नाम बदलने के फैसले के पीछे का कारण समझ नहीं आ रहा है, उनका कहना है कि इससे बेवजह खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि इसके पीछे क्या सोच है। पहली बात यह महात्मा गांधी का नाम है और जब इसे बदला जाता है, तो सरकार के रिसोर्स फिर से इस पर खर्च होते हैं। ऑफिस से लेकर स्टेशनरी तक, हर चीज का नाम बदलना पड़ता है, इसलिए यह एक बड़ा, महंगा प्रोसेस है, तो बेवजह ऐसा करने का क्या फायदा है? मुझे समझ नहीं आ रहा। शनिवार सुबह शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी मनरेगा स्कीम का नाम बदलने की खबरों पर केंद्र की आलोचना की और इसे जनता को गुमराह करने और गांधी परिवार के नाम का अपमान करने के लिए ध्यान भटकाने वाला बताया। चतुर्वेदी ने कहा कि फ्रस्ट्रेशन की वजह से ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। यह ध्यान भटकाने का एक और तरीका है। वंदे मातरम् के 150 साल की चर्चा से जनता को यह समझने में मदद मिली है कि इतिहास का कौन सा वर्जन व्हाहट्सएप वर्जन है और कौन सा असली।

# भाजपा की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा हैं पंकज

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 20 नवम्बर 1994 को गोरखपुर से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी का नाम उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर लगभग तय माना जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी समाज के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार पंकज चौधरी को पार्टी की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा माना जा रहा है।

20 नवम्बर 1964 को गोरखपुर में जन्मे पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव से की थी। उसी वर्ष गोरखपुर से अलग होकर महाराजगंज नया जिला बना, जिसे उन्होंने अपनी कर्मभूमि बनाया। वे गोरखपुर के डिप्टी मेयर भी रहे। पंकज चौधरी पहली बार 1991 में महाराजगंज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इसके बाद 1996, 1998, 2004, 2019 और 2024 में उन्होंने इस सीट पर जीत दर्ज की। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें, तो उनका राजनीतिक सफर लगातार सफलता की मिसाल रहा है। पूर्वांचल में उनका प्रभाव कुर्मी, ओबीसी और सवर्ण सामाजिक समीकरण के तौर पर देखा जाता है। कुर्मी समुदाय उत्तर प्रदेश में यादवों के बाद दूसरा सबसे बड़ा ओबीसी वोटबैंक माना जाता है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 7 से 10 प्रतिशत बताई जाती है। पूर्वांचल, अवध और बुंदेलखंड की करीब 40-50 विधानसभा सीटों पर कुर्मी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को 33 सीटों का नुकसान हुआ है। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी गैर-यादव ओबीसी वोटों को फिर से एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की संभावित घोषणा को इसी रणनीति का बड़ा कदम माना जा रहा है। संगठन और रणनीति दोनों में मजबूत माने जाने वाले पंकज चौधरी व्यवसाय से भी जुड़े हैं और राहत रूह ऑयल कंपनी के मालिक हैं। भाजपा में इससे पहले विनय कटियार, स्वतंत्र देव सिंह और ओम प्रकाश सिंह तीन कुर्मी नेता प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

### नाम पर मुहर लगी, तो वे भाजपा चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे

**लखनऊ।** यदि पंकज चौधरी के नाम पर मुहर लगती है, तो वे भाजपा के चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पंचायत और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने कुर्मी समाज से आने वाले नेता पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव में कुर्मी समाज का एक हिस्सा 'पीडीए' के नाम पर समाजवादी पार्टी की ओर गया था। इसे देखते हुए भाजपा नेतृत्व इस सामाजिक आधार को फिर से अपने पक्ष में मजबूत करने की कोशिश में जुटा है। इसे गैर यादव ओबीसी वोटों को एकजुट करने की भाजपा की कवायद माना जा रहा है। 2024 लोक सभा चुनाव में अखिलेश यादव के पीडीए दांव से झटका लगा था-राज्य में ओबीसी वोटरों में यादव के बाद कुर्मी सर्वाधिक हैं। करीब आठ से दस प्रतिशत कुर्मी वोटर राज्य की 30-40 सीटों पर प्रभाव डालते हैं।-तराई, काशी, गोरखपुर, अवध, रूहेलखंड में कुर्मी वोटों का प्रभाव है।

### कोहरे में लिपटा प्रयागराज, जनजीवन प्रभावित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा दर्ज किया गया है। शनिवार की सुबह शहर घने कोहरे की चादर में पूरी तरह लिपटा नजर आया। कोहरा इतना घना था कि पास की चीज दिख नहीं रही थी, जिसके कारण सड़कों पर आम दिनों की तुलना में सन्नाटा देखने को मिल रहा है। बीते दो दिनों से कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। शाम होते ही हल्की धुंध छाने लगती है, जो रात गहराने के साथ घने कोहरे में तब्दील हो जाती है और सुबह तक बनी रहती है। कोहरे के साथ-साथ दिन में धूप भी काफी कम हो गई है। धूप कमजोर पड़ने से दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठिठुरन और गलन का असर बढ़ गया है।

# किसानों के लिए मददगार होगा एआई: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



- सेटेलाइट से मिट्टी की जांच होने पर बोले सपा मुखिया
- मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई की भूमिका अहम

हैदराबाद में आयोजित विजन इंडिया पीडीएआई इवेंट में समा. जवादी पार्टी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे एआई किसान से लेकर मेडिकल सेक्टर तक में मददगार साबित हो सकता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान हमें यह अधिकार देता है कि सब बराबर हैं और सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने डिजिटल डिवाइड को कम करने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने की भी आवश्यकता पर जोर दिया। अखिलेश यादव ने किसानों के लिए एआई के इस्तेमाल पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट से मिली इमेज के आधार पर किसानों तक मदद पहुंचाई जा सकती है। मिट्टी की जांच में एआई मददगार हो सकती है, जिससे किसानों को उनकी भूमि की स्थिति का सही समय पर पता चलेगा। साथ ही बारिश के समय और मौसम का पूर्वानुमान एआई के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे फसल नुकसान से बचाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि मंडियों में सही रेट और डेटा किसान तक पहुंचाने में एआई एक बड़ा रोल निभा सकता है, जिससे समय और आर्थिक नुकसान कम होगा।

अखिलेश यादव ने मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई के फायदे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कई बार समय पर बीमारी का पता नहीं चल पाता और इलाज पूरा नहीं हो पाता, जिससे खर्च बढ़ जाता है। एआई की मदद से टेलीमेडिसिन और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जा सकता है, जिससे मरीज को शहर या बड़े अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्टाफ को प्रशिक्षित कर सही समय पर मरीजों को उचित इलाज दिया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि टेक्नोलॉजी आधारित रिस्पॉन्स सिस्टम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का सिस्टम एआई के लिए तैयार होना चाहिए, ताकि सही समय पर निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने यूपी में 108 एंबुलेंस सर्विस और पुलिस का डायल 100 सिस्टम उदाहरण के रूप में बताया, जो तकनीकी आधार पर बेहतर कार्य कर रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का इस्तेमाल केवल टेक्नोलॉजी के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जीवन गुणवत्ता बढ़ाने के लिए होना चाहिए।



सेंसेक्स 84818.13
निफ्टी 25898.55



सोना रु. 133360
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 204100
प्रति किलो



# उप्र में धान किसानों को 4500 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ भुगतान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब तक 3.15 लाख से अधिक किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इसके एवज में किसानों को 4500 करोड़ से अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है। यही नहीं बाजरा बिक्री करने वाले 35 हजार से अधिक किसानों को 421-39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

उत्तर प्रदेश में 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से हो रही है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश व पहली नवम्बर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद हो रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 13 दिसम्बर तक 6.70 लाख किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि 2025-26 में अब तक यह आंकड़ा 7.83 लाख से अधिक है। बाजरा बिक्री के लिए पिछले वर्ष इस अवधि तक 21630 किसानों का पंजीकरण हुआ था, जो इस वर्ष में 80 हजार से अधिक हो गया है। वहीं ज्वार व मक्का में भी पंजीकरण बढ़ गया।

ज्वार बिक्री के लिए पिछले साल 12 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया था, इस साल 16 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण हो चुका है। बाजरा खरीद 33 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धान की बिक्री, किसानों को भुगतान, क्रय केंद्र की व्यवस्था आदि को लेकर निरंतर समीक्षा बैठक कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को समय से भुगतान करने का निर्देश दिया है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक 3-15 लाख किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इस एवज में यूपी के किसानों को 4541.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 4645 क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं। वहीं 'श्रीअन्न' की बात करें तो बाजरा किसानों को 421-39 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है, पिछले वर्ष इस अवधि तक 187.98 करोड़ रुपये भुगतान हुआ था। 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो 31 दिसम्बर तक चलेगी। श्रीअन्न के अंतर्गत बाजरा 33, मक्का 25 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है।

### सोने में तेजी बरकरार, चांदी के भाव में भी रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने में तेजी का दौर बरकरार है। 13 दिसंबर की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है।

मुंबई में कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। उछाल का कारण मुख्य रूप से भारतीय करेंसी रुपये की कमजोरी और सेफ एसेट में लगातार निवेश की मांग है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,338.40 डॉलर प्रति औंस पर है। चांदी में भी 13 दिसंबर को तेजी है, भाव 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव 64.57 डॉलर प्रति औंस है। ग्लोबल सप्लाई में कमी, चीन से लगातार ज्यादा मांग और औद्योगिक खपत में बढ़ोतरी की वजह से इस साल रिटर्न के मामले में चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया। वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

देश के महानगरों अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 133260 प्रति 10 ग्राम है, जबकि हैदराबाद में 133210, जयपुर में 133360, भोपाल में 133260 और चंडीगढ़ में 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ओर से प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत घटाए जाने के बाद सोने और चांदी में निवेश बढ़ा है।

# सेल की बिक्री अप्रैल-नवम्बर में 14 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय इस्पात निगम लिमिटेड (सेल) की बिक्री चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीने में अप्रैल से नवम्बर के दौरान 14 प्रतिशत बढ़कर 127 लाख टन पर पहुंच गई। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी की बिक्री 111 लाख टन रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस साल नवम्बर में उसकी बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी। इसमें खुदरा बिक्री 69 प्रतिशत बढ़कर 1.4 लाख टन रही, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 0.84 लाख टन रही थी।

कंपनी ने बताया कि यह वृद्धि विभिन्न उत्पाद श्रेणियों और वितरण चैनलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन से संभव हुई, जिनमें घरेलू बिक्री योग्य उत्पाद, रोड डिस्पैच और वेयरहाउस से डोर डिलीवरी शामिल हैं। इस माह सेल देश में टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी विक्रेता के रूप में भी उभरी। अप्रैल-नवम्बर के दौरान खुदरा चैनल से बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 9.7 लाख टन रही। यह पिछले साल समान अवधि में 8.6 लाख टन रही थी। कंपनी ने बताया कि इस वृद्धि में राष्ट्रव्यापी ब्रांड प्रचार अभियानों का भी योगदान रहा है। उसने कहा कि ये परिणाम चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में सेल की ग्राहक-केंद्रित प्रयासों, बाजार नेतृत्व और परिचालन उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं, जो विभिन्न खंडों में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। सेल भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

# विश्वनाथ धाम की चौथी वर्षगांठ पर काशी की सड़कों पर भव्य झांकियां

**वाराणसी।**



धार्मिक नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के चौथे लोकार्पण उत्सव पर शनिवार को सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश और शिव बारात समिति के तत्वावधान में मैदागिन चौराहे से भव्य शोभायात्रा में बाबा विश्वनाथ की भक्ति, काशी के विकास, भारतीय महिला क्रिकेट टीम, भारतीय सेना के शौर्य, नारी शक्ति समेत अनेक झांकियां मन मोह रही थीं।

पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान वाद्ययंत्रों पर बाबा के गण, भूत-प्रेत, किन्नर सभी झूमते-गाते नजर आए। बैंड-बाजा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के उद्घोष से सड़कें गूंज उठीं। इस शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी खूब दिखी। काशी के विकास में रोप-वे की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

ऑपरेशन सिदूर से जुड़ी झांकी लोगों में खूब जोश भर रही थी। डा. तिवारी ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की चौथी वर्षगांठ पर बाबा के भक्तों ने मनमोहक झांकियां निकालीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से और उनके लगातार प्रयासों से काशी विकास के नए-नए अध्याय लिख रहा है। तभी तो काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद चार वर्षों में करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। यह आध्यात्मिक दृष्टि के साथ-साथ आर्थिक रूप से प्रदेश और देश के लिए महत्वपूर्ण है। शिव बारात समिति के महामंत्री दिलीप सिंह ने बताया कि काशी के कई संगठनों ने इस आयोजन में भागीदारी की है। दर्जनों झांकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। महादेव के विभिन्न रूप लोगों को देखने को मिले। 50 से ज्यादा महिलाओं की संस्था ने इस आयोजन में शामिल होकर यात्रा को भव्य और दिव्य बना दिया।

# उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय

शाह टाइम्स ब्यूरो

- राज्य सरकार की ओर से स्पष्टीकरण अभी तक नहीं आया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों द्वारा लगातार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) और इस्तीफा दिए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाल के वर्षों में करीब एक दर्जन आईएएस अधिकारी सेवा छोड़ चुके हैं और आने वाले महीनों में इस संख्या के और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ताजा मामला वर्ष 2004 बैच की आईएएस अधिक. ारी अनामिका सिंह का है, जिन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनका आवेदन प्रक्रियाधीन है। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अनामिका सिंह ने हाल के दिनों में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए कोई आवेदन नहीं किया था। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश कैडर के कई आईएएस अधिकारियों में केंद्र में कम प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। अधिकारियों का दावा है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए भेजे गए कई प्रस्तावों को राज्य सरकार की ओर से मंजूरी नहीं मिल रही है और केंद्र में इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया भी कठिन होती जा रही है। हाल ही में 1995 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमोद कुमार ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले वीआरएस लेने वालों में विकास गोठलवाल (2003), विद्या भूषण (2008), जी श्रीनिवासुलु (2005), राजीव अग्रवाल (1993), मोहम्मद मुस्तफा (1995), रिगजिन सैंफेल (2003), रेनुका कुमार (1987) और जुथिका पाटणकर (1988) शामिल हैं। राकेश वर्मा और आरपी सिंह भी सेवा छोड़ चुके हैं। वहीं 2011 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने हाल ही में इस्तीफा दिया है। जी श्रीनिवासुलु ने बाद में अपना वीआरएस आवेदन वापस लेकर पुन: सेवा जॉइन कर ली थी। जिन अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति मिली, उनमें से अधिकांश की पोस्टिंग वाराणसी या अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर रही थी।

# कांग्रेस एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी: जयराम रमेश

- पार्टी नेता ने शशि थरूर पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** केरल निकाय चुनाव में राजधानी तिरुवनंतपुरम में बीजेपी की जीत के बीच सांसद जयराम रमेश ने इशारों-इशारों में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर हमला बोला है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पार्टी को सबसे पुरानी और एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी बताते हुए कहा कि हमारे एक जाने-माने सांसद लगातार हमारे नेताओं और पार्टी की आलोचना करते हैं, लेकिन हम चुपचाप इसे बर्दाश्त करते हैं।

बीजेपी नेता और पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह के बयान पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है और यहां सभी को अपनी राय रखने का अधिकार है। यह समाज का प्रतिनिधित्व करती है और इसलिए 140 साल से ज्यादा पुरानी है। उन्होंने कहा कि पार्टी में बोलने की आजादी के साथ-साथ बोलने के बाद भी आजादी है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की गंगा नदी से तुलना की और कहा कि मुख्य नदी जो बहती रहती है और उसकी बहुत सारी सहायक नदियां हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इन दिनों कांग्रेस की बैठकों में शामिल नहीं हो रहे हैं। हाल ही में कई मौकों पर उन्होंने अपनी ही पार्टी की आलोचना की है और बीजेपी की तारीफ भी करते दिखें हैं, जिसके बाद उनकी कांग्रेस से दूरी पर चर्चा तेज है। केरल के निकाय चुनाव में बीजेप के नेतृत्व वाला एनडीए तिरुवनंतपुरम कॉरपोरेशन में बहुमत के निशान के करीब पहुंच रहा है, 101 वार्डों में से 50 में आगे चल रहा है, जबकि बहुमत का आंकड़ा 51 है।

# उन्नावः डंपर ने ऑटो को रौंदा, तीन की मौत, चार की हालत नाजुक

शाह टाइम्स संवाददाता



**उन्नाव।** जिले में शनिवार तड़के भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। अजगैन थाना क्षेत्र के मकूर गांव के पास तेज रफ्तार में गलत दिशा से आ रहे एक बेकाबू डंपर ने सामने से आ रहे आटो में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भयावह था कि आटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर चालक अत्यधिक तेज गति में था और गलत दिशा से आ रहा था, जिससे आटो चालक को संभलने का कोई अवसर नहीं मिला। टक्कर के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चार लोगों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां से उनकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सीओ हसनगंज अरविंद चौरसिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण डंपर चालक की लापरवाही सामने आई है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं तथा मृतकों और घायलों की पहचान कराने की कार्रवाई चल रही है।

### अफसरों ने संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

**सीतापुर।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा राजागणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना रेउसा में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधकारी ने राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

# हजार करोड़ के कोडीन कफ सिरप रैकेट पर शिकंजा

## लखनऊ समेत 25 ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क पर प्रवर्तन निदेशालय की बड़ी कार्रवाई शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही। लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश, सहारनपुर और अन्य राज्यों में कुल पच्चीस ठिकानों पर शुक्रवार से चल रही छापेमारी में अब तक करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है।

जांच एजेंसी को बड़े पैमाने पर वित्तीय लेनदेन, शेल कंपनियों और सप्लाई चेन से जुड़े अहम सुराग हाथ लगे हैं। सूत्रों के अनुसार यह रैकेट लंबे समय से कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध निर्माण, भंडारण और अंतरराज्यीय सप्लाई में सक्रिय था। जांच के दौरान डिजिटल साक्ष्य, बैंक खातों का ब्योरा और कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए हैं। ईडी को इस नेटवर्क से जुड़े नए नाम और ठिकाने भी मिले हैं, जिनके आधार पर कार्रवाई का दायरा और बढ़ाया गया है। बताया गया कि शुक्रवार को लखनऊ में आलोक सिंह के आवास सहित कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जो शनिवार को भी जारी रही। इसके अलावा सहारनपुर और अन्य स्थानों पर भी एक साथ कार्रवाई की जा रही है। यह वही प्रकरण है, जिस पर बीते महीनों से अलग-अलग एजेंसियां नजर बनाए हुए थीं और पहले भी ड्रग कंट्रोल तथा पुलिस स्तर पर जांच हो चुकी है। अब मनी लान्ड्रिंग के एंगल से ईडी की जांच ने पूरे नेटवर्क को कटघरे में ला खड़ा किया है। ईडी के अनुसार अवैध कफ सिरप की सप्लाई से अर्जित धन को विभिन्न खातों और फर्जी कंपनियों के जरिए घुमाया जा रहा था। संदिग्धों से लगातार पूछताछ की जा रही है और आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे तथा कानूनी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

### तेज रफ्तार बाइक से गिरने से महिला की मौत

**अमेठी।** जिले में गौरीगंज रोड मोड़ के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में रानी देवी (35) अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी थी। गौरीगंज मोड़ के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से अचानक रानी गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। रानी के पति और ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुसाफिरखाना थाने के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**सीतापुर।** तंबौर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में नाकेबंदी की और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने तंबौर थाना क्षेत्र के ग्राम समोदे डीह निवासी रियाज पुत्र जलील को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि रियाज शातिर अपराधी है। उसके सीतापुर समेत बाराबंकी जनपद के थाने में 7 अपराधी मामले दर्ज है। लहरपुर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में वह फरार चल रहा था । उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

### माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का अधिवेशन आज

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का दशम् वार्षिक अधिवेशन कृषक इण्टर कालेज महोली में 14 दिसम्बर को किया जा रहा है। अधिवेशन का उद्घाटन सुबह 10 बजे विधायक शशांक त्रिवेदी करेंगे। समापन अपरान्ह 2 बजे विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा करेंगे। अधिवेशन में राजेन्द्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, वरिष्ठ कोषाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, प्रान्तीय अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र व अन्य प्रदेशीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष चन्द्र कुमार शुक्ल ने दी।

# एआई को गांव, किसान और युवाओं से जोड़े बिना विकसित भारत का संकल्प अधूराः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारत को विकसित देश बनाना है तो डेमोग्राफिक डिविडेंड से जुड़ी चुनौतियों पर गंभीरता से काम करना होगा और ऐसा स्टार्टअप इको सिस्टम तैयार करना पड़ेगा जिससे नौजवानों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी चुनौती आज भी गरीबी है और रोजगार सृजन के लिए ठोस नीतियों की जरूरत है।

हैदराबाद में आयोजित विजन इंडिया एआई समिट को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि देश की लगभग सत्तर फीसदी आबादी गांवों में रहती है। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को गांवों तक पहुंचाना और तकनीक का लाभ आम लोगों तक पहुंचाना बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि संविधान सभी को बराबरी का अधिकार देता है, इसलिए विकास की नीतियां भी समान अवसर पर आधारित होनी चाहिए। डाटा सेंटर और नई तकनीकों के लिए ऐसी नीति बने जिससे सबका साथ और सबका विकास सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और तेजी से बढ़ते शहरीकरण जैसे क्षेत्रों में एआई का सही उपयोग होना चाहिए। डिजिटल डिवाइड को कम करने के लिए समाजवादी पार्टी सरकार ने बड़े पैमाने पर लैपटॉप वितरण किया और आईटी सेक्टर को बढ़ावा दिया। ग्रामीण शिक्षा को एआई से जोड़ने पर देश में बड़ा बदलाव आ सकता है। अखिलेश यादव ने बताया कि हैदराबाद की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में एक सौ आठ एम्बुलेंस सेवा और डायल सौ पुलिस रिस्पांस सिस्टम विकसित किया गया, जो डेटा और तकनीक के बेहतर इस्तेमाल का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए बेहद उपयोगी हो सकता है। ड्रोन, सैटेलाइट इमेज और डिसीजन सपोर्ट सिस्टम से खेती की चुनौतियां कम होंगी, मौसम की आपदाओं की पहले जानकारी मिल सकेगी और मंडियों को डेटा से जोड़कर किसानों का समय और संसाधन बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को एआई और टेली मेडिसिन से काफी हद तक दूर किया जा सकता है। शहरी क्षेत्रों में यातायात, स्मार्ट टोल, बिजली व्यवस्था और कचरा प्रबंधन में भी एआई की अहम भूमिका हो सकती है। उन्होंने साइबर फ्रॉड, डीप फेक और एआई के दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए इसके लिए स्पष्ट रेगुलेशन और नीति बनाने की जरूरत बताई। अखिलेश यादव ने कहा कि नई तकनीक से नौकरियां खत्म नहीं होंगी, बल्कि नए अवसर पैदा होंगे। युवाओं को नए कौशल से लैस करना जरूरी है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, सांसद राजीव राय और पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र भी मौजूद रहे।

### डिवीजन नहीं, विजन की राजनीति चाहिएः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में डिवीजन नहीं बल्कि विजन की राजनीति होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी विकास और प्रगतिशील राजनीति में विश्वास रखती है, जबकि भाजपा देश में बंटवारे की राजनीति कर रही है। देश को आगे बढ़ाने के लिए इस विभाजनकारी राजनीति को रोकना जरूरी है। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने देते हुए बताया कि अखिलेश यादव ने यह बातें हैदराबाद में विजन इंडिया एआई समिट के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। मुख्य प्रवक्ता के अनुसार अखिलेश यादव ने कहा कि दुनिया तेजी से तकनीकी बदलाव के दौर से गुजर रही है और तकनीक का लाभ समाज के हर वर्ग तक समान रूप से पहुंचना चाहिए। किसी के साथ जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि आने वाले वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐसा बने जिससे भेदभाव खत्म हो और सभी को बराबरी का अवसर मिले। राजेंद्र चौधरी ने बताया कि अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बढ़ते साइबर फ्राड और ऑनलाइन स्कैम पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि साइबर फ्राड के मामलों में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। राजनीतिक प्लेटफॉर्म से एआई और डीप फेक वीडियो का गलत इस्तेमाल हो रहा है। एक्सप्रेस-वे से जुड़ी एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लंबी रेंज वाले कैमरों से लोगों की निजी गतिविधियों के वीडियो बनाए जाने की खबरें सामने आई हैं। एआई जहां ट्रैफिक मैनेजमेंट, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुविधा देता है, वहीं इसके दुरुपयोग को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। मुख्य प्रवक्ता के अनुसार अखिलेश यादव ने कहा कि एआई समिट में शहरों के सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, ट्रैफिक सिस्टम, बिजली व्यवस्था, जल प्रबंधन, वायु गुणवत्ता सुधार और पुलिसिंग में एआई के उपयोग को लेकर उपयोगी सुझाव मिले हैं। विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के सुझावों पर समाजवादी पार्टी भविष्य में गंभीरता से विचार करेगी।

### हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**सीतापुर।** मिश्रित कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरसिघौली निवासी राम जीवन उर्फ़ राम निवास पुत्र मेवा लाल उम्र 25 वर्ष और दीपक कुमार पुत्र गंगाराम उम्र 24 वर्ष मोटरसाइकिल से अटवा बाजार से वापस घर जा रहे थे। शुक्रवार रात जब दोनों युवक बाजार से लौट रहे थे, तभी हरदोईख्रसीतापुर रोड पर मिश्रित कोतवाली क्षेत्र की कटेहरी पुलिया के पास मिश्रिख की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर बताते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर उपचार के दौरान राम जीवन उर्फ राम निवास ने दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल दीपक कुमार को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार दीपक की हालत नाजुक बनी हुई है।

# एआईपीटीएफ में नेतृत्व को लेकर चला विवाद खत्म

## अब राष्ट्रीय स्तर पर सुशील कुमार पांडेय के हाथ में कमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय नेतृत्व को लेकर लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता पर आखिरकार विराम लग गया है।

बिहार राज्य के पटना स्थित निबंधन महानिरीक्षक कार्यालय ने राष्ट्रीय निर्वाचन से जुड़े विवाद का निस्तारण करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ही एआईपीटीएफ के विधिक रूप से मान्य राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। आदेश के साथ ही संबंधित विभागीय केंद्र को संगठन का डाटा अद्यतन कर आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। करीब ग्यारह माह पूर्व दायर इस निर्वाचन विवाद के चलते देशभर में संगठन के नेतृत्व को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। अलग-अलग दावों के कारण सहयोगी शिक्षक संगठनों में भी असमंजस था। अब सक्षम प्राधिकारी के आदेश के बाद यह स्थिति स्पष्ट हो गई है और राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का संचालन सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में किया जाएगा। आदेश जारी होते ही विभिन्न राज्यों के शिक्षक संगठनों और पदाधिकारियों की ओर से बधाई संदेश आने लगे। नई दिल्ली स्थित जगदीश मिश्र शिक्षक भवन, जनकपुरी में राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने सुशील कुमार पांडेय का स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष, सचिव सहित कई वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे और निर्णय को संगठनात्मक स्थिरता की दिशा में अहम कदम बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि यह निर्णय शिक्षक एकता और सत्य की जीत है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के कारण शिक्षकों को भ्रमित करने और संगठन को कमजोर करने के प्रयास किए जा रहे थे, जिन पर अब विराम लगा है। उन्होंने दोहराया कि संगठन शिक्षक हितों के लिए पूरी मजबूती से खड़ा रहेगा और जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा।

### बैठक में जिला अधिकारी ने की योजनाओं की समीक्षा

**सीतापुर।** शुक्रवार की जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास खण्डों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को कार्यक्रमों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि लम्बित प्रकरणों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विकास खण्डों में लक्ष्य के अनुरूप अन्नपूर्णा भवनों, मिनी स्टेडियम, एमडीएम शेड, मनरेगा पार्क, शापिंग काम्प्लेक्स आदि के निर्माण हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

# डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में निर्माणाधीन खेल सुविधाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी व जिम हाल तथा 25 मीटर शूटिंग रेंज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि स्टेडियम परिसर में कबड्डी व जिम हाल का निर्माण कार्य पैक्सफेड द्वारा कराया जा रहा है, जबकि 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के माध्यम से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने दोनों ही निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्य की गुणवत्ता, उपयोग में लाई जा रही सामग्री तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। शूटिंग रेंज के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि शूटिंग रेंज को खिलाड़ियों की आवश्यकताओं एवं आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अमेठी जनपद में शूटिंग रेंज का निर्माण यहां के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। इस सुविधा के उपलब्ध होने से जनपद के युवा खिलाड़ी अब अपने ही जिले में नियमित अभ्यास कर सकेंगे, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वे राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि जनपद के खिलाड़ियों को शीघ्र ही इन आधुनिक खेल सुविधाओं का लाभ मिल सके।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तिलोई अमेठी।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग अमेठी के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत शनिवार को विधानसभा तिलोई क्षेत्र के एसपीएन इंटर कालेज के मैदान में दो दिवसीय माननीय विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया गया। खेल प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीबाल, बैडमिंटन, महिला व पुरुष वर्ग में आयोजित की गई जिसमें 100 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान धीरज तिवारी, द्वितीय नीरज यादव, तृतीय ईश्वर दत्त दीक्षित, 100 मीटर जूनियर बालक में प्रथम नूर आलम खां, द्वितीय मनीष जायसवाल, तृतीय विवेक सोनकर, 100 मी बालिका वर्ग में प्रथम काजल मिश्रा, द्वितीय सुधा पटेल, तृतीय अदिति सिंह, 800 मीटर बालक वर्ग जूनियर में प्रथम पंकज, द्वितीय मोहम्मद जीशान, तृतीय मोहम्मद नौशाद, 800 मी सीनियर बालक वर्ग में प्रथम तुषार सिंह, द्वितीय जतिन यादव, तृतीय अमन यादव, 1500 मीटर जूनियर बालक में प्रथम पंकज, द्वितीय इकराग उल्ला, तृतीय विनय विक्रम सिंह, 1500 मी सीनियर बालक वर्ग में प्रथम अमन सिंह, द्वितीय अनुज कुमार, तृतीय भीम, 100 मी बालक सीनियर वर्ग में प्रथम नितिन मौर्य, द्वितीय अरुण, तृतीय तुषार कुमार, 400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम अजमेर अहमद, द्वितीय मोहम्मद अल्ताफ, तृतीय लक्ष्मण, 400 मी बालिका वर्ग में प्रथम अदिति सिंह, द्वितीय शालिनी, तृतीय राहिनी मौर्य, 800 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम बालिका वर्ग में प्रथम साहिबा, द्वितीय आर्या सिंह, तृतीय सुधा पटेल ने हासिल किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अंशुमान सिंह, ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर प्रतिनिधि रमेश बहादुर सिंह, प्रधान संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, खंड विकास अधिकारी तिलोई राजकुमार शर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव, रागिनी पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा खिलाड़ी एवं जन सामान्य उपस्थित रहे।

### खेल कूद से होता है बच्चों का शारीरिक-मानसिक विकास : प्रदीप सिंघल

**सिंहपुर/अमेठी।** विकास क्षेत्र के किरसनगंज चौराहा मजरे शेखनगांव में स्थित स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान जूनियर हाईरुस्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल-कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमेठी कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया। विद्यालय में अध्यनरत बच्चों ने क्रिकेट,कबड्डी,खो- खो, जलेबी,गुब्बारा,दौड़,रस्साकशी,लंबी कूद,ऊंची कूद आदि विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेउसा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां की व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, लेबर रूम, एचआरपी रजिस्टर, गोल्डेन चेन कक्ष, टीकाकरण काउंटर, एनबीएसयू वार्ड, केएमसी वार्ड आदि को देखा। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी से चिकित्सक, फार्मासिस्ट, नर्स, सफाई कर्मी की जानकारी ली। साफ-सफाई न होने, बेडशीट गंदी एवं बेडशीट कलर कोडिंग के अनुसार बिछी न होने पर नाराजगी व्यक्त की। गोल्डेन चेन कक्ष पहुंचकर रजिस्टर का अवलोकन किया। टीकाकरण काउंटर देखते हुये टीकाकरण हेतु आयी महिला का टीकाकरण बुक देखी एवं महिला को दी गयी दवाओं को देखा। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि कर्मचारियों का डयूटी रजिस्टर बनाया जाये। हाई प्रेग्नेंसी रजिस्टर (एच0आर0पी0) रजिस्टर में कमी होने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जल्द से जल्द सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। फैमिली काउंसलर ज्ञान देवी से वार्ता करते हुये रजिस्टर में कमी मिलने पर नोटिस जारी करने, स्टॉफ नर्स आकांशिता को चेतावनी पत्र, रजिस्टर में कमी होने पर स्टॉफ नर्स सीमा का 15 दिन का वेतन रोकने, रजिस्टर एवं अन्य कमियां मिलने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। जिलाधिकारी ने एनबीएसयू वार्ड के रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं रेफर किये गये मरीज से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते उनका हाल जाना।

## सात परिजनों की हत्या में फांसी की सजा पाए शबनम कांड से जुड़ी संपत्ति पर फिर छिड़ा विवाद

# शबनम की विवादित जमीन का मामला गर्माया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** परिवार के सात लोगों की हत्याये कर देश को झकझोर कर रख देने वाली शबनम के पिता की संपत्ति का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। जिलाधिकारी ने पूरे मामले की जांच करने के निर्देश दिये है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बावन खेड़ी में 2008 में शबनम ने अपने प्रेमी सलीम के साथ मिलकर एक खौफनाक नरसंहार को अंजाम दिया था। इस बहुचर्चित नरसंहार को अंजाम देने वाली शबनम व उसके प्रेमी सलीम को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। राष्ट्रपति द्वारा शबनम व सलीम की दया याचिका को खारिज कर दिया गया था। शबनम के जेल जाने के बाद उसके पिता मास्टर शौकत अली की पुश्तैनी हवेली में उसका चाचा सत्तार परिवार के साथ रह रहा है। 2 बीघा जमीन नगर

**दो बीघा जमीन रूबी कौसर ने खरीदी थी**

निवासी रूबी कौसर ने खरीदी थी। इसको लेकर कुछ माह पहले विवाद हुआ था। एक बार फिर इस भूमि का विवाद गहरा गया है। शबनम के चाचा सत्तार का कहना है कि उनके भाई शौकत समेत पूरे परिवार की हत्या कर दी गई थी। शबनम जेल में है। वह इस जमीन का इकलौता वारिस है। यह जमीन उनकी है। जो लोग इस जमीन को अपना बता रहे है। उस पर उसके भाई शौकत अली समेत उनके परिवार के सात लोगों की कब्रे मौजूद है। जमीन खरीदने वाली रूबी कौसर का कहना है कि उन्होंने दो बीघा जमीन वजीर अहमद से खरीदी है। खरीदी गई जमीन पर कब्रे नहीं है। सब कुछ उनके पक्ष में है कुछ लोग बेवजह इस मामले में अड़चन पैदा कर रहे हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के सामने यह मामला गूंज गया। जिलाधिकारी ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर लेखपाल को जांच करने के निर्देश दिये हैं। हलका लेखपाल ने बताया कि वह पूरे मामले की जांच कर जिला अधिकारी को जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।



हसनपुर। कोतवाली में विवादित जमीन के बारे में डीएम-एसपी को जानकारी देते लेखपाल।

# चौखट गांव निवासी युवक बना सेना में लेफ्टिनेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** क्षेत्र के गांव चौखट निवासी युवक ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकादमी से कठिन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद आजाद सिंह को पासिंग आउट परेड में लेफ्टिनेंट पद मिला।

लेफ्टिनेंट आजाद सिंह नरेंद्र पाल सिंह के पुत्र तथा सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह के पौत्र हैं। उनके परिवार में देश सेवा की मजबूत परंपरा रही है। उनके दादा धर्मपाल सिंह भारतीय सेना में सूब. ेदार मेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे व उन्होंने 1965 व 1971 के भारत.पाक युद्ध में वीरता के साथ देश की सेवा की थी। उसी सैन्य

**परिजनों ने मिठाई बांटकर जताई खुशी**

परंपरा और देशभद्रि से प्रेरित होकर आजाद सिंह ने भी सेना में अधिाकारी बनने का लक्ष्य चुना। चार वर्षों के कठोर प्रशिक्षण अनुशासन और परिश्रम के बाद उनका यह सपना साकार हुआ। पासिंग आउट परेड के दौरान स्वजन भी मौजूद रहेए जिनकी आंखों में गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। लेफ्टिनेंट बनने की सूचना मिलते ही गांव में हर्ष का माहौल बन गया। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। युवक के मामा दीपक चौधरी ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आजाद सिंह की सराहना की।



# लोक अदालत में 1 लाख 3 हजार वाद निपटाए

## छह लाख 75 हजार का जुर्माना वसूला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय लोक अदालत में 1 लाख 3 हजार 542 वादों का निस्तारण किया गया। 5647 फौजदारी वादों का निस्तारण कर छह लाख 75 हजार 400 रूपये जुर्माना वसूला गया।

जनपद न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई। प्रशासनिक न्याय मूर्ति प्रशांत कुमार व जनपद न्यायाधीश विवेक कुमार ने लोक अदालत का उद्घाटन किया। लोक अदालत में एक लाख 26 हजार 382 मुकदमे रजिस्टर्ड थे। जिनमें से एक लाख 3 हजार 542 वादों का निस्तारण हुआ। फौजदारी के 5 हजार 647 वादों का निस्तारण कर 6 लाख 75 हजार 400 रूपये जुर्माना वसूला गया। एनआई एक्ट के 138 में से सात वादों का निस्तारण हुआ। विद्युत अधिनियम के 621 वादों तथा पोक्सो एक्ट के दो, कुटुम्ब न्यायालय के 52 वादों का निस्तारण हुआ। सिविल के 31 वाद निपटाये गये। प्री लिटिगेशन के 16 मामलों का निस्तारण कर 8 लाख 52 हजार 296 रूपये प्रतिकर दिलाया गया। उपभोक्ता फोरम के 16 मामलों का निस्तारण कर 85 लाख दो हजार 296 प्रतिकर दिलाया गया। इस मौके पर एडीजे शाकिर हसन, विशेष सत्र न्यायाधीश शैलेजा राठी, एससीएसटी के एडीजे संजय चौधरी, सुश्री नसीमा खानम, अरविंद कुमार शुक्ला, हेमलता त्यागी, सीजेएम डा. लकी आदि मौजूद रहे।

# अशोक गुर्जर की पत्नी ने लगायी मदद की गुहार

## दिल्ली कार ब्लास्ट में हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दिल्ली कार ब्लास्ट में मारे गए अशोक गुर्जर की विधवा पत्नी ने मीडिया से बात करते हुए अपनी दर्दनाक आर्थिक स्थिति से रूबरू कराया है।

अशोक कुमार गुर्जर की विधवा पत्नी ने बताया कि 2 महीने से उसके बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। क्योंकि उनके पास फीस भरने के लिए पैसे नहीं है। आर्थिक परेशानी होने के कारण बच्चों की शिक्षा रुक सी गई है। उन्होंने बताया आर्थिक तंगी कारण वह दिल्ली में रहकर बच्चों की पढ़ाई नहीं करा पाई है। अशोक गुर्जर के शव के पास राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने सहायता करने के लंबे चौड़े वादे किये थे। लेकिन जिस तरह से अशोक गुर्जर की विधवा पत्नी सोनम ने मीडिया के सामने आकर अपनी आर्थिक स्थिति से अवगत कराया है। उससे साफ जाहिर होता है पीड़ित परिवार की सहायता नहीं की गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक व्यवस्था प्रदान किये जाने की मांग की है।

## गन्ना लदे ट्रक से गिरी पूली, भाकियू नेता घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** अल्लाबख्शपुर क्रय केंद्र से गन्ना लाद कर असमोली शुगर मिल जा रहे ट्रक से एक पूली नीचे गिर गई। जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार भाकियू नेता गंभीर रूप से घायल हो गए। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव जमापुर निवासी भाकियू महात्मा टिकैट के मंडलाध्यक्ष जसपाल सिंह दो दिन पहले ब्लाक प्रभारी इका. सपाल सिंह के साथ डिडौली कोतवाली क्षेत्र में जोया-सम्भल मार्ग पर जा रहे थे। उनके आगे असमोली शुगर मिल को जा रहा गन्ना लदा ट्रक जा रहा था। जब वह मीरपुर गांव के सामने पहुंचे तो ट्रक से गन्ना की पूली गिर गई। यह पूली बाइक चला रहे जसपाल सिंह के उपर गिरी। वह बाइक समेत गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार मुरादाबाद में चल रहा है। घटना के बाद संगठन पदाधिकारियों में रोष है और ट्रक चालक तथा असमोली मिल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# औद्योगिक इकाई पर प्रदुषण फैलाने व चकरोड कब्जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चे के राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू के नेतृत्व में शहबाजपुर डोर, बसैली, फाजलपुर के किसानों ने कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में नायब तहसीलदार और अपराध निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर नगर की एक औद्योगिक इकाई के विरूद्ध चकरोड कब्जाने और प्रदुषण फैलाने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

**किसानों ने थाना दिवस में पहुंचकर दिया शिकायती पत्र**

शनिवार को क्षेत्र के किसान अरुण सिद्धू के कार्यालय फाजलपुर में पहुंचे और अपनी परेशानी बताई। जिसके बाद पदाधिकारी और किसान थाना दिवस में पहुंचे। श्री सिद्धू ने किसानों को आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में औद्योगिक इकाई द्वारा किए जा रहे शोषण को रूकवाया जाएगा और स्थानी नवयुवकों को रोजगार दिलाने का मुदद्दा भी उठाया जाएगा। इस अवसर पर



प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, तेजपाल सिंह, चौधरी चंद्रपाल सिंह, अमरजीत सिंह, मलखान सिंह, सुरेश कुमार,सुमेर सिंह, शानेआलम, वीर हुसैन, यमन नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# धनौरा में लक्ष्य राज सिंह का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर में शनिवार को क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के वंशज एवं मेवाड़ राजवंश के सदस्य लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ का जोरदार और भव्य स्वागत किया। गोलघर स्थित यूनिक हॉस्पिटल परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में क्षत्रिय समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिजनौर जनपद जा रहे थे। तयशुदा कार्यक्रम के तहत समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान माहौल उत्साह और गौरव से भर गया। समाज के लोगों ने कहा कि लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने सामाजिक कार्यों के साथ मेवाड़ की गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण व प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई है, जिसके लिए उन्हें देशभर में सम्मान मिला है। स्वागत समारोह में डॉ. आदित्य चौहान, सुबोध देवरा, नौबहार चौहान, भुवनेश त्यागी, अतुल त्यागी, नरेंद्र कटारिया, राजा साहब सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मेवाड़ परंपरा और क्षत्रिय समाज की एकता को लेकर भी चर्चा की गई।



# खेलों से बच्चों में अनुशासन व नेतृत्व क्षमता का विकास: त्यागी

## घनश्यामदास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कैलसा में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर कैलसा में वार्षिक खेलकूद महोत्सव प्रतिस्पर्धा का आयोजन बड़े उत्साह व जोश के साथ किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि वैंकटेश्वर के वाइस चॉसलर डॉ. राजीव त्यागी द्वारा फीता काटकर किया गया।

शनिवार को विद्यालय के अध्यक्ष अजय टण्डन ने मुख्य अतिथि को पुष्प अर्पण कर उनका स्वागत किया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इसके बाद विभिन्न टीमों ने शानदार परेड प्रस्तुत की जिसने सभी का मन मोह लिया। खेलकूद प्रतियोगिता पूरे दिन रोमंचक रही और कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 100 मी. 200मी., 400मी. दौड़, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 400 मी0 दौड. में सीनियर बालक वर्ग में पुलकित ने प्रथम, आजाद ने द्वितीय तथा शाने आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी0 दौड. प्राइमरी बालिका वर्ग में दीपा ने प्रथम, लता ने द्वितीय तथा एंजिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 में 200 मी. दौड़ में बालक वर्ग में अर्पित सागर ने प्रथम, हर्षित ने द्वितीय तथा अर्पित भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ0 राजीव त्यागी ने खेल में भविष्य विषय पर बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए कुछ बिन्दुओं के माध्यम से जैसे- प्रतिस्पर्धा, समय प्रबंधन, समय के साथ परिवर्तन आदि के माध्यम से बताया कि इन तरीकों से या तो हम जीत हासिल करते हैं। विजेताओं को मेडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 राजीव त्यागी, अजय टण्डन, प्रबंधिका श्रीमती अंजलि टण्डन, निदेशिका अदिति टण्डन एवं प्रधानाचार्य राजेन्द्र वर्मा एकता, वंदना, नितिन, पूजा, मीनाक्षी, शीतल, शालिनी, रचित, वीरेन्द्र शर्मा, अमन शाक्य, कृष्टि, प्रगति कपूर, शोएब, कृपाल सिंह तथा ध्यान सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।



# हमजा, दक्ष, समर व रिहान की टीम जीतीं

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में आयोजित हो रही क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन बैडमिंटन, क्रिकेट और शतरंज की प्रतियोगिता आयोजित की गई। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता के दौरान कक्षा प्रथम व द्वितीय क्रिकेट मैच में एसआर हाउस को पराजित करते हुए हमजा की टीम जीती और रजा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। कक्षा तृतीय और चतुर्थ के बीच हुए मैच में मे दक्ष की टीम ने बाजी मारी, वही कक्षा पंचम और षष्ठम में समर की टीम विजयी रही। कक्षा सप्तम एवं अष्टम के मैच में रिहान की टीम विजेता रही और समीर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरी और बैडमिंटन में अर्थ, प्रिंस, अवनी अरहान यशवर्धान, समीर, असद आरुष, मंयक, अभिनव, अक्षय, काव्यांश और मीश ने बाजी मारी। चैस में सागर, हर्ष और दक्ष विजयी रहे।

## डीआईजी मुनिराज ने मिशन शक्ति की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

# महिला सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** डीआईजी मुरादाबाद मुनि. राज जी ने शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस अफसरों की बैठक ली। मिशन शक्ति केंद्रों एवं मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीआईजी ने गोष्ठी के दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में संचा. लित विभिन्न गतिविधियों, महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, महिला सुरक्षा से जुड़े सुरक्षा उपायों तथा जागरूकता अभियानों की गहन समीक्षा की। गोष्ठी के दौरान थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के संचालन, पुलिस के उत्तरदायित्वों तथा महिला अपराधों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुपालन व महिला हेल्प डेस्क प्रार्थना पत्र रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर,फीडबैक/फॉलोअप रजिस्टर, प्रशिक्षण पुस्तिका/मासिक गोष्ठी रजिस्टर एवं महिला बीट रजिस्टर के बारे में भी मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी व थाना प्रभारियों से जानकारी ली। अधीनस्थ अधिकारियों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने तथा मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से जन- जागरूकता कार्यक्रमों को और व्यापक रूप देने के लिए निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ, समस्त थाना प्रभारी, मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी एवं मिशन शक्ति के प्रभारी मौजूद रहे।



# ओवररेटिंग पर शराब दुकान पर हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** रहरा कस्बे में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर बीती देर रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब शराब खरीदने पहुंचे ग्राहकों ने सेल्समैन पर प्रिंट रेट से अधिक रुपये वसूलने का आरोप लगाया। दुकान ओवरटेक के पीछे स्थित बताई जा रही है, जहां देर रात तक शराब की बिक्री चल रही थी।

ग्राहकों का कहना है कि शराब की बोतलों पर अंकित मूल्य से प्रति बोतल 20 से 30 रुपये अधिक वसूले जा रहे थे। जब कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और प्रिंट रेट पर शराब देने की बात कही, तो सेल्समैन ने कथित तौर पर टालमटोल करना शुरू कर दिया। इसी बात को लेकर ग्राहकों और सेल्समैन के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हंगामे में बदल गई। हंगामे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। कुछ लोगों ने मामले की शिकायत संबंधित विभाग से करने की बात कही। आरोप है कि ओवररेटिंग का यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्राहकों ने आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी सेल्समैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस घटना के बाद कुछ समय के लिए दुकान पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी आधिकारिक कार्रवाई की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस मामले मे आबकारी इंस्पेक्टर हसनपुर राजकुमार यादव से बात करनी चाही तो उन्होंने अपना फोन रिसीव नहीं किया

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** क्षेत्र के ढक्का मोड पर कार व बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।सैद नगली थाना क्षेत्र के ढक्का भूड़ शर्की निवासी आजम पुत्र नसीर अपने रिश्तेदार सद्दाम पुत्र जान मोहम्मद निवासी अशोक विहार थाना लोनी जिला गाजियाबाद के साथ सैद नगली किसी काम से जा रहा थे। शनिवार की सुबह जैसे ही दोनों बाइक सवार संभल मार्ग पर ढक्का मोड पर पहुंचे तो संभल की दिशा से मेरठ जा रही कार से बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर राहगीरो की भीड़ जुट गई। राहगीरों के द्वारा घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार व बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने बताया कि कार चालक प्रदीप कुमार अपनी कार लेकर मेरठ जा रहे थे। जबकि बाइक सवारी युवक सैदनगली किसी काम से जा रहे थे। अभी किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है ।तहरीर मिलती है तो जांच कार्यवाही की जाएगी।

**वाई.एम.एस. (पी.जी.) कालेज मण्डी धनौरा जिला अमरोहा**

**डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) प्रशिक्षण 2025-26 में सीधे प्रवेश अल्पसंख्यक संस्थान**

**प्रवेश हेतु सूचना**

NCTE से भान्यता प्राप्त एवं सम्बद्ध, सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ.प्र.प्रयागराज के पत्र संख्या डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2025 ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश/ चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश सं01169/ अरसठ-42025-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुगाग-4. दिनांक 12.11.2025 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, डी.एल.एड प्रशिक्षण 2025 हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। कॉलिज की वेबसाइट www.ymscollege.in पर ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि 15.12.2025 है। अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें

**नोट:** गर्त वर्ष के भांति इस बार भी डी.एल.एड प्रशिक्षण 2025 में उत्तर प्रदेश से अलग राज्यों के अभ्यर्थी भी प्रवेश के लिये आवेदन कर सकते हैं।

**सम्पर्क सूत्र: 9568288074, 7351315555, 9719330500**

# यूपी में बाल विवाह के खिलाफ योगी सरकार का महाअभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**( मो० इरफान मुनीम )**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बाल विवाह के खिलाफ योगी सरकार ने एक बड़ा अभियान शुरू किया है। बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के तहत प्रदेश में 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक 100 दिवसीय विशेष महाअभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला, ब्लॉक, ग्राम और वार्ड स्तर पर ऑपरेशन जीरो टॉलरेंस लागू रहेगा।

महिला कल्याण निदेशालय के आदेशानुसार, अभियान से जुड़ी हर गतिविधि, कार्यक्रम, कार्रवाई और रिपोर्ट को बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट, फोटो, वीडियो, केस-स्टडी और मीडिया कवरेज को ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी और सीएमपीओ सीधे जवाबदेह होंगे।

**100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत ड्राइव शुरू, 10 हाई-रिस्क जिलों पर फोकस**

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के आधार पर बाल विवाह की अधिक प्रवृत्ति वाले प्रदेश के 10 जिलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन जिलों में स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, पंचायत, नगर निकाय और सामाजिक संगठनों की संयुक्त टीमें तैनात की गई हैं, ताकि बाल विवाह की हर सूचना पर तत्काल हस्तक्षेप किया जा सके।

**अभियान का पहला चरण** 27 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसमें स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

**दूसरा चरण** 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित है। इस दौरान मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, मैरिज हॉल, बैंड-बाजा, कैटरर्स और फोटोग्राफर्स जैसे विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं को अभियान से जोड़ा जाएगा और उन पर निगरानी रखी जाएगी।

**तीसरा चरण** 1 फरवरी से 8 मार्च 2026 तक चलेगा। इसमें ग्राम पंचायत, वार्ड और समुदाय स्तर पर सीधी निगरानी की जाएगी तथा बाल विवाह के उच्च जोखिम वाले परिवारों की पहचान कर हस्तक्षेप किया जाएगा।

अभियान के तहत बाल विवाह विरोधी प्रतिज्ञा कार्यक्रम, सफल हस्तक्षेपों की केस-स्टडी, रोल मॉडल्स की पहचान और बाल विवाह मुक्त ग्राम/वार्ड घोषित करने की प्रक्रिया भी अनिवार्य की गई है। बेहतर कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और समुदाय सदस्यों को जिला व राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

प्रशासन ने बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006, किशोर न्याय अधिनियम-2015 और पीआ. सीएसओ अधिनियम-2012 के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हर रिपोर्टेड मामले पर सीएमपीओ द्वारा तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# दुष्कर्म के मुकदमे में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी

**■ वीडियो वायरल करने की दी चेतावनी, एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दुष्कर्म के एक पुराने मुकदमे में गवाही देने से रो. कने के लिए पीड़िता और उसके पति को जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अपनी और अपने पति की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई, एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने बताया कि वह मूल रूप से थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव की निवासी है, 11 अप्रैल 2019 की रात करीब 11 बजे जब वह घर से बाहर गई थी, तभी गांव के ही शनि ने उसका मुंह दबाकर तमंचा दिखाया और जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई, जिस पर उसके पिता ने थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जो कोर्ट में विचाराधीन है।

पीड़िता ने बताया कि अब उसकी शादी कस्बा किच्छा, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) में हो चुकी है और दुष्कर्म का मुकदमा न्यायालय में गवाही में चल रहा है। आरोप है कि इसी को लेकर आरोपी शनि लगातार फोन पर धमकियां दे रहा है। वह गवाही देने पर जान से मारने और वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी दे रहा है।

पीड़िता का आरोप है कि 3 दिसंबर 25 को दोपहर करीब 12 बजे आरोपी शनि अपने भाई वीरपाल पुत्र सियाराम के साथ उसके घर पहुंचा और जमकर शोर-शराबा किया। दोनों ने पीड़िता और उसके पति को खुलेआम जान से मारने की धमकी दी और मुकदमे में समझौता न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

पीड़िता ने खुद के साथ ही अपने पति की जान को खतरा बताते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### जनाबे फात्मा जहरा का यौम ए विलादत मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**संभल।** इदारा ए कारवाने जहरा के तत्वावधान में यहां इमामबाड़ा ए खुर्द में पैगम्बर मोहम्मद सल्लिलाहो अलह वसल्लम की बेटी जनाब ए फात्मा जहरा की यौम ए विलादत के उपलक्ष्य में एक अजीमुश्शान जलसा मुनाकिद किया गया, जिसमें तमाम मकामी शायरों ने अपने कलाम से जनाब ए फात्मा जहरा के किरदार पर रौशनी डालते हुए उन्हें खिराज से अकीदत पेश की। तत्पश्चात मौलाना तंजीम हैदर ने जलसे को खिताब करते हुए जनाब ए फात्मा जहरा की सीरत ओ किरदार पर विस्तार से रौशनी डाली, साथ ही उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वह जनाब ए फात्मा जहरा के नक्शे कदम पर चलें, और उनके सीरत ओ किरदार को अपने में शामिल करें।

### राहुल गुप्ता बने भाजपा नगर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी ने अश्वनी राहुल गुप्ता को बहेड़ी नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनको नगर अध्यक्ष बनाये जाने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से जी जान के साथ पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का आह्वान किया है।

नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अश्वनी राहुल गुप्ता ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसको पूरी तरह से निभायेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी और नगर वासियों की सेवा करना ही उनका कर्तव्य है जिसको वो पूरे जी जान से पूरा करेंगे। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राहुल गुप्ता के नगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्हें बधाई दी है।

### रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन और जीआरपी थाने का निरीक्षण करने पहुंचीं पुष्पा पांडे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने शनिवार को रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान, उन्होंने बाल सहायता केंद्र पर मौजूद एक बच्ची के बारे में जानकारी ली। पुष्पा पांडे ने बच्ची को उचित संरक्षण दिलवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जीआरपी थाने का भी निरीक्षण किया। थाने में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

इस औचक निरीक्षण के समय सुपरवाइजर मेघा वर्मा भी उपस्थित रहीं।

### दिल्ली में आज होने वाली कांग्रेस की विशाल रैली में भाग लेने क्षेत्र से कार्यकर्ता हुए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आज होने वाली कांग्रेस पार्टी की रैली में शामिल हो के लिए क्षेत्र से कई कार्यकर्ता देर शाम रवाना हो गए।

कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर दत्तराम गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पार्टी की होने वाली इस विशाल रैली में क्षेत्र से रामभरोसे लाल, संजय गंगवार, ओमकार, अंगन लाल गंगवार आदि अपने साथियों के साथ देर रात दिल्ली को रवाना हो गए। पार्टी की इस रैली को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी, पार्टी के अध्यक्ष के साथ ही सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी संबोधित करेंगे। इस रैली में समूचे भारत से पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# गन्ना भुगतान की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना छठे दिन भी जारी रहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सामाजिक संस्था पैनी नजर द्वारा तहसील परिसर में गन्ना भुगतान की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। भारी ठंड में चल रहे इस अनिश्चित कालीन धरने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अभी भी कोई पहल न किए जाने से किसानों में भारी आक्रोश नजर आ रहा है।

छठे दिन धरने पर सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड ने जहां राजनीतिक दलों पर हमला किया, वहीं उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अपने हक के लिए जागरूक होने और धरने में शामिल होने का आवाहन किया। किसान नेताओं ने अपना समर्थन देते हुए प्रदेश की योगी सरकार को किसान विरोधी बताया। कहा क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल प्रबंधन किसानों का 70 करोड़ 34 लाख रुपए दवाए बैठा है, लेकिन जिला प्रशासन आरसी जारी कर हाथ पर हाथ धरे बैठा है। धरने पर सपा के युवा नेता टीटू गंगवार ने स्थानीय प्रशासन पर किसानों की इस मांग की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से तत्काल ही हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द किसानों का भुगतान कराए जाने की मांग की।

धरने पर पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह गंगवार, किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष रामरतन गंगवार, वहीद अहमद, ब्रह्मानंद गंगवार, बृजेश गंगवार, सरदार सेवा सिंह, संतोष कुर्मी, हरीशंकर गंगवार आदि किसान नेता शामिल रहे। माह का दूसरा शनिवार होने की वजह से तहसील में अवकाश रहा, जिसकी वजह से धरने पर लोगों की तादात कम जरूर रही, लेकिन को भी किसान अपने भुगतान की मांग को लेकर भारी ठंड में धरने पर डटे हुए हैं, उनके जोश में कमी नजर नहीं आई।

# बरेली में समाजसेवा की नई आवाज बने फरमान हसन खान

**■ शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण में जमीनी स्तर पर कर रहे असरदार काम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय फरमान हसन खान आज बरेली और आसपास के इलाकों में सामाजिक सेवा का एक भरोसेमंद नाम बनते जा रहे हैं। बिना प्रचार के जमीनी स्तर पर किए जा रहे उनके प्रयासों ने उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में अलग पहचान दिलाई है।



फरमान हसन खान आला हजरत ताजुश्शरिया वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक हैं, जिसके माध्यम से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, जरूरतमंदों के इलाज, छात्रवृत्ति, कौशल विकास और आपातकालीन सहायता जैसे कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं। वे जमात-ए-रजा-ए-मुस्तफा में राष्ट्रीय महासचिव के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती असजद रजा खान कादरी हैं। संगठन द्वारा उर्स-ए-रजवी और रमजान जैसे धार्मिक अवसरों पर चिकित्सा सहायता और सामाजिक सहयोग से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं के तहत संस्था द्वारा कैंसर उपचार, हृदय बायपास, हिप सर्जरी, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाती है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए नीट, आईएएस आईपीएस पीसीएस-जे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और स्कूल स्तर की पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है।

इसके अलावा महिलाओं और युवाओं के लिए डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। धार्मिक और सामा. जिक आयोजनों के साथ वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण को भी संस्था की गतिविधियों में शामिल किया गया है। फरमान हसन खान का मानना है कि समाज में सकारात्मक बदलाव छोटे लेकिन निरंतर प्रयासों से संभव है। उनके कार्यों से प्रेरित होकर कई युवा सामाजिक सेवा से जुड़ रहे हैं।

# बरेली लोक अदालत में 1.81 लाख से अधिक मामले निपटे

**■ 30 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का निस्तारण हुआ**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा निर्देशन में बरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत में कुल 1,81,462 वादों का सुलह-समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया, जिसमें 30 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि के आदेश पारित किए गए।



जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह-द्वितीय, जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के अध्यक्ष भी हैं, ने देवी सरस्वती और गणेश भगवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया। इस आयोजन में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, अधिवक्ताओं और अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी, अपर जनपद न्यायाधीश रामानन्द ने बताया कि इस पहल के माध्यम से कुल 1,81,462 वादों का सफल निस्तारण किया गया और 30,07,30,555 रुपये की धनराशि के आदेश पारित किए गए।

विभिन्न न्यायालयों द्वारा निपटाए गए मामलों का विवरण इस प्रकार है: सत्र न्यायालयों ने 927 वादों का निस्तारण कर 6,800 रुपये का जुर्माना लगाया। दीवानी न्यायालयों ने 25,621 वादों का निस्तारण कर 1,52,88,616 रुपये की जुर्माना राशि तय की, जबकि फौजदारी न्यायालयों ने 4,664 वादों का निस्तारण कर 19,39,050 रुपये की जुर्माना धनराशि का आदेश पारित किया।

पारिवारिक न्यायालयों ने 223 जोड़ों के बीच गिले-शिकवे दूर कर समझौता कराया। प्रधान न्यायाधीश मोहम्मद अशरफ अन्सारी ने 64 वादों में, अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने 50 वादों में, छाया नैन ने 45 वादों में और ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने 64 वादों में आपसी समझौता कराया। मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण ने 216 वादों का निस्तारण कर 10,81,14,000 रुपये की समझौता धनराशि और वाणिज्यिक न्यायालय ने 9 वादों का निस्तारण कर 70,55,470 रुपये की समझौता धनराशि का आदेश पारित किया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने राष्ट्रीय लोक अदालत में 42,891 वादों का निस्तारण किया। सम्भागीय परिवहन विभाग ने 1,563 मामलों का निस्तारण कर 8,16,050 रुपये की समझौता राशि तय की। पुलिस विभाग ने 77,159 मामलों का निस्तारण किया, जिसमें 26,607 ई-चालान शामिल थे, और 2,62,88,690 रुपये की जुर्माना राशि एकत्र की। इसके अतिरिक्त, कैनाल न्यायालय ने 7 मामलों का निस्तारण कर 700 रुपये की समझौता राशि, उपभोक्ता फोरम ने 6 वादों का निस्तारण कर 31,25,962 रुपये की समझौता राशि और श्रम विभाग ने 25 वादों का निस्तारण कर 3,05,34,434 रुपये की समझौता राशि तय की। बीडीए ने 8 वाद, स्वास्थ्य विभाग ने 1,694 मामले और नगर निगम ने 10,866 मामलों का निस्तारण किया तथा भारत संचार निगम लिमिटेड ने 49 मामलों का निस्तारण कर 1 लाख 4 हजार 783 रुपये की समझौता राशि प्राप्त की। वहीं, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 14,043 मामलों के निस्तारण का आदेश पारित किया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न न्यायालयों और पुलिस अधीक्षक-यातायात, बरेली द्वारा कुल 52,542 ई-चालानों का भी निस्तारण किया गया।

जनपद न्यायालय परिसर में बैंक संबंधी वादों के निस्तारण के लिए 20 पीठों का गठन किया गया था। इन पीठों के समक्ष विभिन्न बैंकों से संबंधित 1,511 ऋण वादों का समाधान किया गया, जिससे कुल 10 करोड़ 74 लाख 56 हजार रुपये की ऋण धनराशि वसूल की गई। आम जनता को सुविधा प्रदान करने और जानकारी देने के लिए लोक अदालत परिसर में एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया था, जहाँ पैरा लीगल वालंटियर उपस्थित रहे। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमा शंकर कहार ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सभी न्यायिक अधिकारियों, बैंक-बीमा कंपनी के अधिकारियों, अन्य न्यायिक कर्मचारियों, पराविधिक स्वयंसेवकों और मीडिया कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नकली सोना थमाकर 65 हजार की ठगी, जांच के बाद हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर के मोहल्ला चाड़क्यपुरी वीजामऊ रोड के रहने वाले सर्राफ व्यापारी के साथ दो ठगों ने नकली सोना देकर 65 हजार रुपए की ठगी कर ली। सर्राफ व्यापारी भूपराम ने थाने में घटना की तहरीर देकर ठगी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

सर्राफ व्यापारी भूपराम द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि कल 12 दिसंबर को देर शाम थाना बरखेड़ा के रहने वाले दो युवक उसके पास आए और असली सोना बताकर उसे गिरवी रखने के बहाने 65 हजार रुपये ले लिए। युवकों द्वारा दिए गए सोने पर शक होने पर भूपराम ने शनिवार को उसकी जांच कराई, जिसमें वह पूरी तरह नकली निकला। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से नकली सोना थमाकर उसके साथ धोखाधड़ी की और 65 हजार रुपये हड़प लिए। ठगी का एहसास होते ही पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ठगों की तलाश में जुटी हुई है।

### पत्नी ने पति पर देह व्यापार कराने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पैसा कमाने के लिए तुझे विहार से लाया हूं, यह कहना है क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण का। कोतवाली पहुंची विहार प्रदेश से निकाह करके लाई गई एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति पर यह संगीन आरोप लगाया है।

छह माह पहले क्षेत्र के एक गांव का सिलाई कारीगर विहार प्रदेश से एक महिला को निकाह करके अपने गांव लाया था। पत्नी के रूप में उसके साथ रहने वाली महिला ने अपने पति पर देह व्यापार कराए जाने का सनसनी खेज आरोप लगाया है। पत्नी के मुताबिक पति हर रोज अपने साथ आदमियों को लेकर आता है और उससे देह व्यापार करने को कहता है, जब वह इसका विरोध करती है तो उसके साथ मारपीट की जाती है।

बुधवार को भी उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया, वह घर से रोते हुए जादौंपुर रेलवे फाटक पर रो रही थी कि उसे थाना भोजीपुरा के गांव की एक महिला अपने साथ घर ले गई। रात काटने के बाद शनिवार को उसके साथ कोतवाली पहुंची महिला ने पति पर देह व्यापार कराए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

# अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में एक शिशु महिला ने जुड़वां बच्चों को दिया जन्म



**■ बरेली के निजी सेंटर की जांच पर फिर उठे सवाल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर निवासी एक गर्भवती महिला ने जिला महिला अस्पताल में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया, जबकि निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर की रिपोर्ट में गर्भ में केवल एक शिशु होने की बात कही गई थी। इस घटना ने एक बार फिर अल्ट्रासाउंड जांच रिपोर्टों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इज्जतनगर के आंबेडकर नगर निवासी आकाश ने अपनी पत्नी आरती को प्रसव पीड़ा होने पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। भर्ती प्रक्रिया के दौरान परिजनों ने स्टाफ को सुभाष नगर के तिलक कॉलोनी स्थित एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर की 11 अक्टूबर की रिपोर्ट दिखाई, जिसमें गर्भ में एक शिशु दर्ज था।

मरीज को गंभीर प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद स्टाफ ने तुरंत लेबर कक्ष में प्रसव कराया। पहले एक बच्चे के जन्म के बाद भी पेट में हलचल महसूस होने पर स्टाफ ने सूझबूझ दिखाते हुए दूसरे बच्चे का भी सुरक्षित प्रसव कराया। इस तरह आरती ने दो स्वस्थ बेटों को जन्म दिया। जुड़वां बच्चों के जन्म की खबर सुनकर परिजन भी हैरान रह गए, हालांकि जच्चा-बच्चा दोनों की हालत स्थिर है।

जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि निजी सेंटर की जांच रिपोर्ट में एक शिशु दर्ज था, लेकिन मरीज ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। स्टाफ की सूचना के बाद इस मामले से सीएमओ को अवगत कराया जाएगा और निजी सेंटर की जांच रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच के लिए कहा जाएगा।

# तौकीर रजा समेत 20 के खिलाफ एक और चार्जशीट दाखिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शहर में 26 सितंबर को पुलिस पर पथराव कर फायरिंग करने और पेट्रोल बम फेंकने के मामले में सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज कोमल कुंडू की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मौलाना तौकीर रजा समेत 20 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। इस मुकदमे में दो आरोपियों को नामजद करते हुए 150 अज्ञात को आरोपी बनाया गया था। दावा है कि मौलाना प्रकरण में सभी मुकदमों में जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

26 सितंबर को आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर तौकीर रजा ने लोगों को इस्लामिया ग्राउंड में एकत्रित होने के लिए कॉल किया था। तौकीर ने लोगों से अपील की थी कि इस्लामिया ग्राउंड में बड़ी संख्या में सभी लोग पहुंचे। वहीं प्रशासन ने उन्हें प्रोटेस्ट की अनुमति नहीं दी थी। आरोप है कि अनुमति न मिलने के बाद भी तौकीर ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी थी। तौकीर ने वीडियो जारी कर लोगों को उकसाने का काम किया था। इसके बाद पुलिस पर पथराव कर फायरिंग की गई थी। इसकी शुरुआत इस्लामिया ग्राउंड के पास खलील तिराहे से हुई थी।



इसी तरह नौ महला मस्जिद पर हुए बवाल में चौकी प्रभारी कोमल कुंडू ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया था कि मौलाना तौकीर रजा और नदीम खां ने इस्लामिया कॉलेज पर भीड़ को इकट्ठा कर शांति व्यवस्था खराब की। पुलिस ने सबसे अपील भी की कि लोग अपने-अपने घर जाएं। जिस पर भीड़ में शामिल उपद्रवी उत्तेजित होने लगे और कहने लगे कि मौलाना तौकीर रजा एवं नदीम खां ने इस्लामियां ग्राउंड में बुलाया है। अगर किसी को रोका तो अंजाम बुरा होगा। इस दौरान सरकार विरोधी नारों के साथ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। जब पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो फायरिंग और पेट्रोल बम से हमला किया गया।

गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। जिसमें 22 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इस मामले की विवेचना दरोगा नितिन कर रहे थे। जिन्होंने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया। इस मामले में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां, उनके करीबी नफीस खान, नदीम खान, मुनीर इदरीशी, फरहान रजा खां, फैजुल नवी, आरिफ खां, अनीस सकलैनी, अफजाल बेग, सफीले अहमद उर्फ शफी अहमद, फरहद, मोईन अली, सईद अहमद, रिहान, अफरोज, जुबैर, कसान, आमान हुसैन, मोहम्मद हरमैन और नेमतुल्ला के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है।

### शौचालय पर लगाए बाबर और मदनी के पोस्टर, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बजरंग दल के कार्यकर्ता का विवादित वीडियो सामने आया है। आरोप है कि उसने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना असद मदनी और बाबर के पोस्टर छपवाकर उन्हें सार्वजनिक शौचालयों पर चस्पा किया। उन्हीं पोस्टरों पर टॉयलेट करते हुए वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

वीडियो सामने आने के बाद मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। एक्स पर कई यूजर्स ने वीडियो शेयर करते हुए पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। वीडियो में बजरंग दल का कार्यकर्ता सार्वजनिक शौचालयों पर ''बाबर शौचालय'' और ''मौलाना मदनी शौचालय'' लिखे पोस्टर चस्पा करता दिख रहा है।

वीडियो में वह और उसके साथी पोस्टरों पर टॉयलेट करते नजर आते हैं। इंस्टाग्राम पर डाले गए वीडियो में एक गाना भी जोड़ा गया है।

# कांठ रोड पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, गुस्साई भीड़ ने की बस में तोड़फोड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत पीएसी तिराहे के पास शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। नजीबाबाद डिपो की रोडवेज बस ने एक ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा नवी वाहिनी गांधी आश्रम के पास कांठ रोड पर हुआ, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।हादसे में ई-रिक्शा चालक अनिल कुमार, निवासी आशियाना फेज-2, थाना सिविल लाइंस, गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार अनिल कुमार सवारी छोड़ने के बाद पीली कोठी की ओर से अपने घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ ने रोडवेज बस पर पथराव कर दिया और तोड़फोड़ भी की। कुछ ही देर में बस के शीशे टूट गए। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने भीड़ को शांत कराते हुए रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया।हादसे के बाद कांठ रोड पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था को संभालते हुए जाम खुलवाया।पुलिस ने घायल ई-रिक्शा चालक अनिल कुमार को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है और हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। रोडवेज बस चालक से पूछताछ की जा रही है और तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कब्रिस्तान पर कब्जे की शिकायत लेकर थाने पहुंचे ग्रामीण



**कांठ ( शाह टाइम्स )** बच्चों को दफन करने के लिए उपयोग में लाई जा रही भूमि पर कब्जे की शिकायत लेकर आज दर्जन पर महिला पुरुष थाने पहुंचे और भूमि को कब्जा मुक्त कराई जाने की मांग उठाई ग्रामीणों ने बताया कि गढ़ी निवासी हाजी रिजवान अहमद जब गांव के प्रधान थे।

उस वक्त उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए कुछ भूमि का आवंटन कराया था जिसमें सभी समाज के बच्चों को दफन किए जाने की व्यवस्था थी बताया गया कि कुछ लोगों ने वहां पर कुछ माह पहले पौधारोपण कर दिया उस वक्त तो दूसरे पक्ष ने इसकी शिकायत नहीं की लेकिन अब वह शिकायत लेकर थाने पहुंचे और उन्होंने उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग उठाई कब्जा करने वालों पर शिकायतकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाएं।

कुल मिलाकर पुलिस ने टीम के साथ जाकर संबंधित भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने का भरोसा दिलाया है।

## एक नजर

### इस्लाम के पहले खलीफा का यौमे उर्स मनाया मुस्तफा का हमसफर 'अबू बकर-अबू बकर'



**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान रजा चौक स्थित साबरी मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया के हफ्ता वारी इज्तेमा में इस्लाम के पहले खलीफा हजरत सिद्दीके अकबर का यौमे उर्स मनाया इज्तेमा का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से कारी आरिफ अजहरी ने किया और नबी ए पाक की शान में नात शरीफ पेश की इसके बाद मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया मौलाना फैजान मदनी ने सिद्दके अकबर की सीरत बयान करते हुए कहा सिद्दिके अकबर नबीयों के बाद सबसे अफजल हैं आखिर में मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस अवसर पर गुलाम नबी अत्तारी काशिफ अत्तारी कघरी नईम अत्तारी कघरी अबू बकर अत्तारी बिशारत अत्तारी अबरार हुसैन अत्तारी जुमैर अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### नगर में स्थित जेएलएम इंटर कॉलेज में जेएनवी प्रवेश परीक्षा हुई सम्पन्न




**कुन्दरकी।** नगर स्थित जे एल एम इण्टर कॉलेज में जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा-06 प्रवेश परीक्षा-2026 शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रभारी तसलीम खान ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर कुल 291 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 131 बालक तथा 160 बालिकाएं। पंजीकृत 291 परीक्षार्थी में से 215 ने परीक्षा दी जबकि 76 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र अध्यक्ष रफत अली खान ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर खण्ड विकास अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह और खण्ड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकीनाथ तथा जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार ने परीक्षा केंद्र की निगरानी की। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। मदन स्वरूप इण्टर कालेज हरियाना में पंजीकृत 288 में से 85 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षक मोबीन अख्तर, रिजवान खान, इमरान खान, इदरीस अहमद, रिजवान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### थाना दिवस में दर्ज हुई 11 शिकायतें



**बिलारी।** दिसंबर के दूसरे शनिवार को कोतवाली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम विनय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह ने जनता की शिकायतों को सुना। दस से 2:00 बजे तक चले समाधान दिवस में कुल 11 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें 10 राजस्व विभाग संबंधित थीं और एक शिकायत पुलिस संबंधित थीं। एसडीएम में कहा राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण में पुलिस और मौके पर जाकर गंभीरता पूर्वक स्थिति को समझें और निष्पक्षता के साथ गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करें। दिवस में कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह इंस्पेक्टर क्राइम जयदेव सिंह, हसिल कर रखा तो राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत 850 वादों का कांठ ग्रामीण न्यायालय में निस्तारण कर 10 हजार 730 जुर्माना वसूला




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज कांठ के ग्रामीण न्यायालय में किया गया। जिसमें पुलिस एक्ट के 823, जुआ अधिनियम के 2, आवकारी एक्ट के 39 और अन्य 5 कुल मिलाकर 869 मुकदमे निस्तारण के लिए लगाए गए थे। इनमें पुलिस एक्ट के 823, जुआ अधिनियम के 2 आवकारी के 24 अन्य 1 कुल मिलाकर 850 वादों का निस्तारण कर दिया गया। जिनमे पुलिस एक्ट से 8230 रुपए जुआ अधिनियम से 100 आवकारी से 2400 कुल 10730 जुर्माना वसूला गया। ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी कुंवर सूर्य सेन सिंह ने बताया कि इस तरह के लोक अदालतों के माध्यम से लोगों को चल रहे मुकदमों की भाग दौड़ से निजाद मिल जाती है। वादकारियों ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत को आम जनता के लिए अच्छा कदम बताया। इस मामले को लेकर ग्रामीण न्यायालय में काफी भीड़ रही।

# दहेज की मांग को लेकर बैंक मैनेजर पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेश पर पुलिस ने गांव मनकुआ मकसूदपुर निवासी ग्रामीण की तहरीर पर जनपद हापुड़ निवासी बैंक मैनेजर उसकी माता,पिता और बहन के खिलाफ दहेज प्रथा का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को दिये शिकायती पत्र में गांव मनकुआ मकसूदपुर निवासी दल सिंह पुत्र गरीब दास ने कहा है कि 14 जून को बेटी शिवानी का रिश्ता हिंदू धर्म के रिति रिवाज से कोतवाली हापुड़ निवासी तेजपाल सिंह के बेटे दीपक कुमार के साथ तय किया था। रिश्ते में 70 हजार की नकदी, सोने चांदी के जेवरात और खानपान में करीब 7 लाख रुपए खर्च किए थे। रिश्ते के कुछ महीने बाद तेजपाल सिंह ने फोन पर कहा कि बेटा बैंक में मैनेजर है। विवाह में पांच लाख रुपए नकदी और स्कार्पियो कार दोगे तभी बारात लेकर तुम्हारे घर पहुंच कर विवाह करेंगे नही तो रिश्ता तोड़ रहे हैं।

पीड़ित ने उनसे अपनी हैसियत का हवाला देते हुए रिश्ता नहीं तोड़ने की मिन्नतें कीं पर उन्होंने एक नही सुनी। पिता की हां में हां मिलाते हुए तेजपाल उसकी मां दयावती और बहन रजनी ने कहा कि हमें दूसरी जगह से पांच लाख रुपए और स्कार्पियो कार मिल रही हैं। तुम हमारी मांग पूरी कर दो नही तो तुमसे रिश्ता खत्म कर दूसरी जगह कर लेंगे। कप्तान के आदेश पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। केस की विवेचना कर रहीं उप निरीक्षक मौसमा रानी ने बताया की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# नशे ने ले ली एक और युवक की जान, मृतक की मां लगा रही बहू पर बेटे को मारने का आरोप



**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में चल रहे सुखे नशे के कारोबार ने एक और युवक की जान ले ली, मृतक का शब आशापुर कॉलोनी के पास गन्ने के खेत में पड़ा मिला हालांकि मृतक की मां अपनी बहू पर ही उसे मारे जाने का आरोप लगा रही है। फिलहाल पुलिस ने शब पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। दोपहर को थाना क्षेत्र के आशापुर कॉलोनी के पास शब पड़ा होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, कुछ देर बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए बताया गया कि नासिर पुत्र सफीक निवासी सराय खजूर थाना छजलैट पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी को साथ लेकर अपनी ससुराल में 3 माह से रह रहा था। दो दिन पहले वह अपने गांव सराय खजूर आकर मां से मिला लेकिन वहां से आने के बाद वह गायब हो गया उसके गायब होने की जानकारी मिलने पर परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की आसपास में रिश्तेदारी एवं गांव में देखा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक नशे का सेवन करता था इसी शक के आधार पर यह जानते हुए कि नशे का कारोबार आशापुर कॉलोनी में संचालित है वह यहां पहुंच गए उन्होंने यहां पर पुलिस और ग्रामीणों के सामने शब की पहचान नासिर के रूप में की, मृतक की मां भाई चाचा भी मौके पर आ गए।

मृतक की मां ने रोते हुए अपनी ही बहू पर उसके बेटे को मरवाने का आरोप लगाया। मृतक के मौसेरे भाई भोजपुर निवासी मोहम्मद मोइन पुत्र जमील अहमद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मृतक का पोस्टमार्टम कराकर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई सूचना मिलते ही एएसपी आदि भी मौके पर पहुंच गए हालांकि मौत नशे की वजह से हुई या इसके पीछे की वजह कुछ और है इसका सही पता तो पोस्टमार्टम और जांच के बाद ही चलेगा लेकिन कुल मिलाकर आशापुर कॉलोनी के पास मृत मिले युवक का शब देखकर एक बार फिर लोग मौत का कारण सुखे नशे को ही बता रहे हैं।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला व बालिका सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नेशनल एकेडमी फॉर मूवमेंट नागरिक एकता परिषद (NAMNEP) ने उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के सहयोग से थाकुरद्वारा क्षेत्र के सूरज नगर, मुख्तियारपुर नवादा गांव, स्कूल, बाजार एवं समुदायिक केंद्र में महिला एवं बालिका सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस इंस्पेक्टर सरिता जी और मानवाधिकार रक्षक प्रेम कुमार कपिलराज ने POSH अधिनियम, कार्यस्थल उत्पीड़न रोकथाम, ICC भूमिका पर व्याख्यान दिया। घरेलू हिंसा, साइबर अपराध एवं यौन शोषण पर केस स्टडीज भी प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं का प्रचार भी किया गया, जिसमें कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, नारी शक्ति वंदन और रानी लक्ष्मीबाई कोष शामिल थीं। महिलाओं को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन गाइड भी दी गई। हेल्पलाइन वितरण के दौरान पंपलेट एवं QR कोड के साथ महिला हेल्पलाइन (181), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), साइबर क्राइम (1930) और POSH शिकायत (112) की जानकारी दी गई। इंटरएक्टिव सेशन में 20+महिलाओं की शिकायतें सुनी गईं और स्थानीय अध्यापिकाओं का सहयोग लिया गया। कार्यक्रम में 500-600 महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया और 300+ महिलाओं को हेल्पलाइन जानकारी दी गई। 50 कन्या सुमंगला आवेदन भी प्राप्त हुए। NAMNEP ने 100+ फोटो/वीडियो रिकॉर्ड कर अपने चौनलों पर अपलोड किए। NAMNEP और पुलिस की संयुक्त पहल 'सुरक्षित, सम्मानित एवं सशक्त महिलाएं' को मजबूत करती है। कार्यक्रम के आयोजकों ने मासिक फॉलो-अप सत्र और POSH को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करने की सिफारिश की है।

## थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं



**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा द्वारा थाना भोजपुर परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा ने प्राप्त शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाने में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। और क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना भोजपुर स्थित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली गई और महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। दिवस में भोजपुर थाना क्षेत्र के लेखपाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राणा शुगर मिल ने किसानों के गन्ने का निर्धारित समय से किया भुगतान

■ **किसानों के चेहरों पर आई मुस्कान करी गन्ना मिल की प्रशंसा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** क्षेत्र के वेलवाड़ा पर स्तिथ राणा शुगरमिल द्वारा गन्ना पेराई सत्र 2025 --26 में 30/11/2025 तक का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है किसानों का कहना है कि राणा मिल ने इस बार गन्ना तोल व्यवस्था को अधिक पारदर्शी तेज और सुचारू बनाया है जिससे गन्ना आपूर्ति में लगने वाला समय कम हुआ है किसानों का कहना है कि मिल परिसर में मिल प्रबंधन द्वारा साफ सफाई लाइन व्यवस्था और डिजिटल तोल प्राणी से कार्य में पारदर्शिता आई है ओर समय अनुसार मिल से गन्ने का भुगतान होने पर अगली फसल व पारिवारिक जरूरतों को पूरा कर सकेंगे साथ ही मिल प्रबंधन ने किसानों से अपील कर कहा है कि आगे भी गन्ना मूल्य भुगतान इसी क्रम में दिया जायेगा और सभी किसान अपना गन्ना अपनी राणा मिल को ही सप्लाई करें।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में टीएमयू का फिर डंका



**मुरादाबाद।** स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन- एसआईएच- 2025 की सॉफ्टवेयर श्रेणी में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की टीम- सोलर मास्टर्स ने स्वदेशी फॉर आत्मनिर्भर भारत में रिन्युएबल एंड सस्टेनेबल एनर्जी प्रॉब्लम पर लगातार 36 घंटे में तीन मेंटरिंग सेशन और तीन इवेल्यूएशन सेशन में मनवाया प्रतिभा का लोहा, विजेता टीम डेढ़ लाख रूपए के चेक से सम्मानित, एसआईएच- 2020 में भी टीएमयू टेकहैकर्स की टीम एयरपोर्ट को अथॉरिटी ऑफ इंडिया और टेक्नोहैकर ने कृषि मंत्रालय, बिहार की प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए एक-एक लाख रूपये विजेता पुरस्कार राशि की थी अर्जित साल 2025 जाते- जाते तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी की झोली एक और अविस्मरणीय पुरस्कार से सुशोभित कर गया। टीएमयू के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी और कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- सीओई की साझा टीम स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन- एसआईएच- 2025 की सॉफ्टवेयर श्रेणी में विजेता रही है। एआईसीटीई की नोडल अधिकारी डॉ. श्रुति भार्गव चौबे ने विजेता टीम को डेढ़ लाख रूपए का चेक देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है, एचआईएच- 2020 में भी टीएमयू की टेकहैकर्स और टेक्नोहैकर टीमें विजेता रही हैं। टेकहैकर्स की टीम एयरपोर्ट को अथॉरिटी ऑफ इंडिया की प्रॉब्लम स्टेटमेंट और दूसरी टीम टेक्नोहैकर ने कृषि मंत्रालय, बिहार सरकार की प्रॉब्लम स्टेटमेंट पर काम किया था। दोनों विजेता टीमों ने एक-एक लाख रूपये विजेता पुरस्कार राशि भी अर्जित की थी। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने इस मेधावी टीम के संग-संग कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, हमें सीसीएसआईटी और सीओई के स्टुडेंट्स पर नाज है। उन्होंने विजेता टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस टीम के मेंटर्स- सीओई के श्री प्रशान्त कुमार और सीसीएसआईटी की डॉ. प्रीति रानी हैं। विजेता टीम में सीसीएसआईटी के स्टुडेंट्स- रजत विश्नोई बतौर टीम लीडर, युवराज विश्नोई, सादगी कुमारी, संदीप शर्मा, रूपेश कुमारी एवम् सीओई की स्टुडेंट रिया जैन शामिल रहे हैं। टीएमयू की इस टीम ने स्वदेशी फॉर आत्मनिर्भर भारत में रिन्युएबल एंड सस्टेनेबल एनर्जी प्रॉब्लम पर लगातार 36 घंटे में तीन मेंटरिंग सेशन और तीन इवेल्यूएशन सेशन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सोलर मास्टर्स टीम ने मेटाहेरिस्टिक-आधारित डुअल एक्सेस सोलर ट्रेकर सौर पैनल प्रणाली विक. सित की है। इसके जरिए सौलर पैनल को सूर्य की दिशा के अनुसार घुमाया जा सकेगा, ताकि पैनलों पर असमान रूप से छाया पड़ने पर भी अधिकतम विद्युत प्राप्त की जा सके। इसकी व्यावहारि. कता को और बढ़ाने के लिए टीम ने एक वेब-आधारित निगरानी और प्रबंधन मंच भी विकसित किया है। इसके जरिए उपयोगकर्ताओं को छायांकन प्रभावों का निरीक्षण करने, ऊर्जा प्रदर्शन को ट्रैक करने और पैनल पुनर्संरचना को दूरस्थ रूप से नियंत्रित करने की सुविधा भी होगी। आंध्रप्रदेश के ओंगल में आयोजित एसआईएच ग्रैंड फिनाले में टीएमयू के स्टुडेंट्स की टीम- सोलर मास्टर्स ने 04 टीम को मात देकर यह गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है, सॉफ्टवेयर श्रेणी में स्वदेशी फॉर आत्मनिर्भर भारत में रिन्युएबल एंड सस्टेनेबल एनर्जी प्रॉब्लम पर देशभर से करीब 500 टीमों ने प्रतिभाग किया, लेकिन ग्रैंड फिलाने में टीएमयू समेत केवल 05 टीमें ही अपनी जगह बना सकीं। एसआईएच मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, एआईसीटीई और मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन इन्नोवेशन सेल की एक संयुक्त राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य दैनिक जीवन की समस्याओं का नवाचार के जरिए समाधान करना है। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने भी विज. ेता टीम को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हाइवे पर कोहरे में भिड़े बीस से अधिक वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे पर छाए घने कोहरे और सड़क पर बिखरी मैली के कारण 20-25 वाहन आगे पीछे से आपस में टकरा गए। हादसे में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई तो वहीं दस लोग घायल हो गए, जिनमें से चार को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई और ट्रैफिक को व्यवस्थित रूप से पास कराया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

शनिवार की सुबह वातावरण में घना कोहरा छाया था, पास का

### दस घायल, एक को हॉयर सेंटर किया रेफर

देखना भी मुश्किल हो रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुरादाबाद से दिल्ली वाली साइड में शहबाजपुर डोर गांव के पास सड़क पर मैली बिखरी थी। मैली के हो रही फिसलन और ऊपर से कोहरे के कारण एक टेलर वाहन ने अचानक ब्रेक लगाए तो उसके पीछे से मैनपुरी निवासी विमल का डंपर टकरा गया। डंपर से बिहार निवासी मुकेश कुमार की कार टकरा गई। फिर पीछे से तीन गाड़ियां टकराई। फिर पिथौरागढ़ निवासी मनोज की कार टकरा गई। फिर एक ट्रक के पीछे से ईंटो लदी ट्रैक्टर ट्राली टकरा गई। इस तरह करीब 20-25 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में कई कारें क्षतिग्रस्त हो गई तो कुछ को छोटे मोटे डेंट आए। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दस लोग घायल हो गए। जिनमें से चार घायलों को उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया तो वहीं मामूली रूप से चोटिल छह लोग मौके से ही अपने गंतव्य को चले गए। सात बजे से आठ बजे के बीच हुए इस हादसे के चलते हाइवे पर वाहनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा रखा। क्षतिग्रस्त गाड़ियों को उनके मालिकों ने मैकेनिक बुलाकर ठीक कराया, कुछ कारें तो इतनी ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गई थीं कि उन्हें दूसरे वाहनों से खिंचवाकर वर्कशॉप ले जाया गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

### कोहरे के कारण दृश्यता रही कम

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** शनिवार की सुबह कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रहने के कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ा। आठ बजे तक भी ठीक प्रकार से रोशनी नहीं हो सकी थी, इस कारण चालकों ने हेड लाइट जलाकर ही अपने वाहन चलाए।



गजरौला। हाइवे पर वाहन टकराने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई कार।

## तीन चौकी प्रभारियों का तबादला

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से एसपी अमित कुमार आनंद ने तीन चौकी प्रभारियों का तबादला किया है। पुलिस कार्यालय से गुरुवार रात जारी तबादला सूची में एसपी ने जोया चौकी इंचार्ज दरोगा नरेंद्र कुमार को गजरौला कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया है। वहीं, गजरौला चौकी इंचार्ज रामनिवास को थाना सैदनगली भेजा गया है जबकि अमरोहा देहात थाने की पैनेसिया चौकी इंचार्ज संजीव कुमार को जोया चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, इन तबादलों के बाद चर्चा है कि जिले में जल्द बड़ा फेरबदल हो सकता है। जिसमें कई थानों के प्रभारी भी इधर-उधर हो सकते हैं।

# पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से हमला

### जेसीबी से मेढ़ काटने के विरोध पर भड़के दबंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जेसीबी से मेड़ काट रहे लोगों ने विरोध पर किसान व बेटे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दूसरे पक्ष से तीन सगे भाइयों समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव रामपुर सफेद की है। गांव निवासी किसान विरेश कुमार द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक 11 दिसंबर की सुबह जब वह बेटे रवि के साथ अपने खेत पर पहुंचे तो वहां गांव के रहने वाले सगे भाई विपिन, मोनू व सुंदर के अलावा विवेक जेसीबी से उनके खेत की मेड़ काट रहे थे। विरेश और रवि ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसके बाद लाठी-डंडों से भी पिटाई की, हमले में दोनों गंभीर घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को जमा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।

# प्रवेश परीक्षा से 1228 ने किया किनारा

### आठ परीक्षा केन्द्रों पर हुई जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा/मंडी धनौरा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा से 1228 छात्र-छात्राओं ने किनारा कर लिया। जिले के आठ परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा सम्पन्न हुई। शनिवार को जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा सुबह 11 बजे आठ परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई। जनपद में तीन हजार 326 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। यह परीक्षा राजकीय बालिका इंटर कालेज, सिख इंटर कालेज नारंगपुर, भगवत सरन इंटर कालेज जोया, श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज, राष्ट्रीय इंटर कालेज धनौरा, ज्ञान भारती इंटर कालेज गजरौला, सुखदेवी इंटर कालेज हसनपुर व ग्रामोदय इंटर कालेज गंगेश्वरी में सम्पन्न हुई। परीक्षा को नकलविहिन सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र अध्यक्ष नियुक्त किये गये थे। जबकि कई शिक्षा अधिकारी उड़न दस्ते के रूप में नियुक्त रहे। 2098 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी परीक्षार्थियों को गेट पर तलाशी के बाद अंदर प्रवेश दिया गया। इस परीक्षा से 1228 परीक्षार्थियों ने किनारा कर लिया। प्राचार्य डा. योगेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि यह परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

# घर में घुसकर बी फार्मा की छात्रा से किया दुष्कर्म

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता ढवारसी।** बी फार्मा की छात्रा से दरिंदे ने घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म कर दिया। अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के एक गांव में 5 दिसंबर की रात को बी फार्मा की छात्रा वह उसकी बहन घर में अकेली थी। परिवार के लोग राजस्थान गये हुए थे। पड़ोसी आरोपी दीवार फांदकर घर के भीतर घुस गया तथा कमरे में सो रही छात्रा को दबोच कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म कर दिया। उसके बाद आरोपी ने अश्लील वीडियो बनाकर किसी को इस बारे में बताने पर उसे वायरल करने की छात्रा को धमकी दी। छात्रा आरोपी की धमकी से सहम गई। उसके बाद से ही छात्रा गुमसुम से रहने लगी। परिवार के लोगों ने जब यह देखा तो उन्होंने छात्रा को समझा कर पूछा तो उसने पूरी वारदात के बारे में उन्हें बता दिया। उसके बाद पीड़ित परिवार थाने पहुंच गया। पुलिस ने अमित पुत्र हरि ओम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# महाराणा प्रताप के वंशज का पुष्पवर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्यराज सिंह का गजरौला पहुंचने पर क्षत्रिय समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। इस दौरान लक्ष्यराज सिंह ने लोगों से

### एकजुट रहें, एक दूसरे के सुख दुख में काम आएं: लक्ष्यराज

आह्वान किया कि एकजुट रहें और एक दूसरे के सुख दुख में काम आएं।

शनिवार को दिल्ली से धामपुर जाते समय लक्ष्यराज सिंह का नगर के इंदिरा चौक पर क्षत्रिय समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने उन्हें ढ़ोलक भेंट की। लक्ष्यराज सिंह ने स्वागत के दौरान उमड़े लोगों का आभार जताते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह भगत, पूर्व प्रधाानाचार्य जीपी सिंह, महेन्द्र चौहान, अंकित चौहान, सचिन चौहान, पवन चौहान, प्रमोद चौहान, जगतपाल सिंह, अशोक चौहान, बलकरण सिंह, गौरव चौहान, राहुल चौहान, सोमपाल चौहान, नीरज चौहान, लोकेश, अजय आदि मौजूद रहे।



# ट्रेनों के ठहराव को पूर्व सांसद ने भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को भेजे पत्र में गजरौला औद्योगिक नगरी के रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव बढ़ाने की मांग की है।

पूर्व सांसद द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख करत हुए कहा गया है कि गजरौला औद्योगिक नगरी के रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आते जाते हैं। चूंकि यहां पर औद्योगिक नगरी भी है, इसलिए फैक्ट्रियों में भी लोगों का आना जाना रहता है, साथ ही यहां से प्रतिदिन छात्र-छात्राएं भी पढ़ने के लिए मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली आदि के लिए आते जाते हैं। इस

### नजीबाबाद वाली पैसेंजर को हरिद्वार तक चलाने की मांग

द्रष्टिगत यहां पर राज्यरानी एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस, अयोध्या एक्सप्रेस का ठहराव कराने, पुशपुल पैसेंजर को फिर से चलाने और गजरौला से नजीबाबाद को जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को सीधे हरिद्वार तक चलाने की मांग की है। पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि उन्हें पूरा विश्वास है कि रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा उनकी मांग को जरूर पूरा किया जाएगा, क्योंकि गजरौला से रेल मंत्री को पूरा लगाव है। उन्होंने अपने गजरौला दौरे के चलते रेलवे का पुल भी स्वीकृत किया था।

# साइड लगने के बाद युवकों ने ट्रक चालक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के इंदिरा चौक पर ट्रक द्वारा साइड मारने के बाद बाइक सवार तीन युवकों ने चालक के साथ मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव को आसपास के दुकानदार भी आए तो युवकों ने उनके

### नगर के इंदिरा चौक पर हुई घटना से मची अफरातफरी

साथ भी झड़प की। हालांकि बाद में मामला शांत होने पर युवक और ट्रक चालक अपनी अपनी मंजिल को रवाना हो गए।

शनिवार को अपरान्ह के बाद नगर के इंदिरा चौक पर धनौरा दिशा से आ रह एक ट्रक की एक बाइक में साइड लग गई। बाइक पर तीन युवक सवार थे। घटना के बाद उन्होंने ट्रक चालक को नीचे उतार लिया और जमकर पिटाई की। आसपास के लोगों ने बीच बचाव की कोशिश की तो युवकों ने उनके साथ भी झड़प की। काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। हालांकि बाद में मामला रफादफा हो गया। जिसके बाद युवक अपनी बाइक लेकर और चालक अपना ट्रक लेकर वहां से रवाना हो गए। इसके बाद भीड़ भी चली गई।



# मामूली बात पर झगड़ा, देवर भाभी को किया घायल

### रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** सब्जी विक्रेता से बात कर रहे युवक से गांव के ही एक व्यक्ति ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। झगड़ा देख युवक को बचाने आई भाभी को भी पीटकर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मकसूदपुर नवादा की है। यहां पर श्याम सिंह का परिवार रहता है। शुक्रवार देर शाम श्याम सिंह का छोटा बेटा मोहित कुमार गांव में एक सब्जी विक्रेता से बात कर रहा था। आरोप है कि तभी वहां पहुंचे गांव के एक व्यक्ति ने मोहित कुमार के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मोहित ने जब गाली देने को विरोध किया तो उसने भारी वस्तु से मोहित के सिर में वार कर दिया। झगड़ा देख मोहित को बचाने के लिए उसकी भाभी आई तब एक दूसरे व्यक्ति व दो रिश्तेदारों ने मिलकर महिला की पिटाई की। हमले में देवर-भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरिशवर्धन सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली हैं। जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सांय ढलते ही सड़कों पर नशेड़ियों का आतंक

# बीच सड़क पर युवती को बुरी नियत से दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शहर की सड़कों पर शाम ढलते ही नशेड़ियों को उत्पात बढ़ता जा रहा है। बेकाबू होते इन हालात को काबू करने में पुलिस नाकाम दिख रही है। ताजी घटना में नशे में धुत एक युवक ने शादी समारोह से लौट रही युवती के साथ सरेराह छेड़छाड़ कर दी, इतना ही हद से बढ़ते हुए सड़क पर बुरी नीयत से दबोच लिया। उसकी दुस्साहिक हरकत से राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई हालांकि स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप करते हुए उसी वक्त मामला रफा-दफा करा दिया। पुलिस कार्रवाई से बचने पर नशेड़ी युवक को परिजनों ने नशा मुक्ति केंद्र भेज दिया है।

गुरुवार रात की घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। यहां पर नशेड़ी युवकों की तादाद तेजी से बढ़ रही है, इसका कारण शहर के गली-मोहल्लों में आसानी से नशीले पदार्थों की पुड़िए मिल जाना है। रात में करीब साढ़े आठ बजे मोहल्ले की रहने वाली एक युवती परिजनों के साथ शादी समारोह से लौट रही थी। परिजन आगे चल रहे थे जबकि युवती उनसे थोड़ा पीछे चल रही थी। बताया जा रहा है कि उसी दौरान वहां खड़े नशे में धुत एक युवक ने बीच सड़क युवती को बुरी नीयत से दबोच लिया। छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। घबराई युवती के शोर मचाने परिजन जब पीछे पलटकर लौटे तो युवक ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नशेड़ी युवक के परिजन भी घटनास्थल पर आ गए। घटना को लेकर हंगामा हो गया। विवाद बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया, नशेड़ी युवक और उसके परिजनों से बीच सड़क माफी मंगवाते हुए मामला रफा-दफा करा दिया। पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई है लेकिन स्थानीय लोग इस तरह की घटनाओं के लिए जिम्मेदार पुलिस को ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि शहर में खुलेआम नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं, धंधे में शामिल लोगों पर पुलिस का कोई अंकुश नहीं है।

## हाइवे स्थित शोरूम से चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे स्थित एक जूते के शोरूम में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हाइवे पर कैटाविल शोरूम स्थित है। शोरूम के मैनेजर विकास सिंह द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप है कि 21 नवम्बर को शाम को वह शोरूम ठीक प्रकार से बंद कराके गया था। अगले दिन सुबह दस बजे शोरूम खोला तो सामान अस्त व्यस्त है और डीवीआर, कपड़े, जूते आदि चोरी हो गए हैं। स्टॉक से मिलान किया गया तो तीस पीस कम निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित

### पति समेत आठ पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव में किसान का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी की शादी आठ साल पहले मुरादाबाद जनपद के सिविल लाइन थानाक्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग करते हैं। विवाहिता का देवर उसके साथ छेड़खानी करता है। एक दिन देवर ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म किया। फिलहाल विवाहिता अपने मायके में पिता के घर रहती है। आरोप है कि 8 नवंबर की शाम पांच बजे ससुराल वाले अपने घर में घुस आए और मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। दहेज की मांग दोहराई। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की। प्रभारी सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में पति समेत दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# खेलों से होता है मानसिक और शारीरिक विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित विश्व बंधु एकेडमी में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्राईमरी, जूनियर व सीनियर वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शनिवार को महोत्सव का शुभारंभ मशाल जागृत एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के बाद प्रबंधक मोहित बंधु एवं प्रधानाचार्य परवेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया। प्रबंधक ने कहा कि खेलों का विद्यार्थी जीवन में विशेष महत्तव है। खेल के माध्यम से विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा की भावना का बोध करते हैं तो उनका शारिरिक और मानसिक विकास भी होता है। कक्षा 11 के

### विश्व बंधु एकेडमी में खेल महोत्सव का आयोजन

छात्र देव, बाबर, निगम, हर्षिता, अदिति, अंशु रानी ने आरंभ है प्रचंड गीत पर सुन्दर प्रस्तुति दी तो वहीं कक्षा एलकेजी, यूकेजी के छात्र आवेश, माही बैंसला, वंश, आराध्या, आरोही, आरव सागर, जानवी, आयु आदि ने बापू सेहत के लिए गीत प्रस्तुत सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव में योग, प्रदर्शन, एरोबिक्स, जुम्बा आदि के साथ साथ दौड़, नींबू दौड़, खिलौना एकत्र करने की दौड़ आदि में अबूकर, माही, आश्वी, जॉनी, राघव, अभियंत, मनि, अंकिता, अंशिका, अवनी, दीप, आमिर, प्रिंस, सिमरन, प्रशांत, हर्ष, प्रशांत, इशिका, गौरीक, सत्यम, अक्षित, धैर्य, मायशा, नित्या, मोक्ष, प्रिंस, राजन, हनी, उत्तम, जतिन, वैष्णवी, आरोही, निशिका, चेष्टा, मानवी, तरूण, जयंत, इशिका, अंश यादव, लविश आदि छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्राप्त किए। महोत्सव को सफल बनाने में पीटीआई राजन धारीवाल सहित सोनिया, मेघा, प्रिया, कपिल, मेनका, खुशी, राजन, मुकेश, सोनम, सना, जिबरान, अनवर, कशिफ आदि का योगदान रहा।




# औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा हेतु बनाएं मजबूत रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सभी औद्योगिक इकाइयों से सुरक्षा हेतु मजबूत रणनीति बनाने की बात कही। इसके लिए 15 जनवरी तक का समय भी दिया। कहा कि इसके

### आपात मॉक ड्रिल के तहत जुबिलेंट पहुंचीं डीएम

बाद लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई भी की जाएगी। डीएम एवं एसपी द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व में जेबीएफ द्वारा आयोजित मिनी मैराथन के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

शनिवार को जिला आफ साइट आपात मॉक ड्रिल के तहत जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में माकड्रिल का आयोजन किया गया। इससे पूर्व आफीसर्स क्लब में हुई बैठक में डीएम ने आमंत्रित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। सुरक्षा चक्र इस कदर मजबूत हो कि आपातकालीन स्थिति में कोई अवरोध न होने पाए। उन्होंने इसके लिए इकाई के मुख्य द्वार के पास ही व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान जुबिलेंट में अमोनिया गैस का रिसाव होने पर सुरक्षा एवं बचाव के त्वरित कार्यों का मॉकड्रिल किया गया। एसपी अमित कुमार आनंद ने इस तरह के आयोजन को बेहद आवश्यक बताया। इस मौके पर एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया, जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा, उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार सिंह, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डा.सुजिंदर फोगाट, सीएमओ डा. एसपी सिंह, डीडीएफ रविंद्र कुमार, अनुराग तोमर, अमित कुमार, एके सिंह, शशांक सिंह वालियान, सुबोध कुमार आदि मौजूद रहे।



# सीडीओ ने किया मनरेगा एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मुख्य विकास गुलाब चंद्र ने विकास खंड मिलक अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेली में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे तालाब खुदाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, खंड विकास अधिकारी मिलक, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, एपीओ, ग्राम प्रधान एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के समय रोजगार सेवक द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 63 श्रमिकों का मास्टर रोल निर्गत किया गया था, जिसमें से 50 श्रमिक मौके पर उपस्थित पाए गए। कार्यस्थल पर उपस्थित श्रमिकों से उनके जॉब कार्ड के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा रोजगार सेवक द्वारा उपलब्ध कराए गए जॉब कार्ड का परीक्षण किया गया। मौके पर कार्यरत श्रमिकों के नाम एवं जॉब कार्ड संख्या का मनरेगा पोर्टल के माध्यम से सत्यापन किया गया। श्रमिक नारायण दास पुत्र हीरालाल एवं चंद्रसेन पुत्र दुर्जन सिंह द्वारा बताया गया कि उनके जॉब कार्ड घर पर हैं, जिस पर उनकी जॉब कार्ड संख्या के आधार पर पोर्टल से पुष्टि की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर चल रहे कार्य की वर्क आईडी के माध्यम से पोर्टल पर उपस्थिति सत्यापन किए जाने पर यह पाया गया कि दिनांक 12 दिसम्बर 2025 के मास्टर रोल में एक ही फोटो की पुन. रावृत्ति की गई है।

इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी को संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किए जाने तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न होने के निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत धनेली उत्तरी में मनरेगा योजना अंतर्गत नवनिर्मित अन्नपूर्णा राशन दुकान का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित अंत्योदय कार्ड धारक मंजू से खाद्यान्न वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, जिनके द्वारा बताया गया कि उन्हें प्रतिमाह नियमानुसार खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है।

निरीक्षण के दौरान कोटा डीलर से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत कार्ड निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, जिस पर अवगत कराया गया कि रवीना, विद्या देवी सहित अन्य पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

# रामपुर सीजन ट्रॉफी 2 फाइनल मैच, एकता क्रिकेट क्लब हारा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैदनगर।** का आज दूसरा सेमीफाइनल मैच एकता क्रिकेट क्लब वह सनराइज के बीच खेला गया।

एकता ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 20 ओवर में 199 रन बनाए 200 रन का लक्ष्य दिया एकता की ओर से उस्मान ख्वाजा ने 74 रन वह मो. हसिन लेटी ने 74 रन बनाएं जवाब में सनराइज वेडिंग करने उतरी काफी रोमांस मुकाबले में 204 रन 19 ओवर 4 बालों में पूरे कर लिए और इस मैच को दो विकेट से जीत लिया सनराइज की तरफ से राज कश्यप ने 43 विजय पंछी ने 38 नरेंद्र ने 30 रनों का योगदान दिया आज के गेम चेंजर विजय पंछी वह नरेंद्र गिल मैन ऑफ द मैच रहे आज हमारे इस मैच के मुख्य अतिथि



फिल्म स्टार अली खान साहब थे दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की और खेल से जुड़े रहने की सलाह दी और बोले जो अच्छा खेलेगा वह जीतेगा।

इस अवसर पर कोतवाल ओंकार सिंह जी समाजसेवी मामून शाह मेहमान ने खूबसूरती अरशद अली खान गुड्डू के दोनों साहबजादे अजान खान अवन खान समाजसेवी अर्सलान खान शाहनवाज खान शाहिद खान समा. जसेवी अर्सलान खान आरिफ अली यासिर शाह इस अवसर पर टूर्नामेंट आयोजन सैयद आदिल मियां में और आमिर कुरैशी वह कमेटी सदस्य आमिर शम्सी आमिर सैफी इजाज पठान सभासद भरा वह आदि कमेटी सदस्य मौजूद रहे कल दिनांक 14 12 2025 को रामपुर ट्रॉफी लीग सीजन 2 का फाइनल मैच खेला जाएगा सेवा फार्मेसी वह सनराइज क्रिकेट क्लब के बीच सुबह 11:00 से।

# भाले से मारने वाले युवक को रंगेहाथ पकड़ पुलिस को सौंपा

### कार्यवाही न होने से गौ रक्षा सेवा समिति के कार्यकर्ताओं में आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** थाने में गौ रक्षा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष सुंदर लाल ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम में मेरे कार्यकर्ता रामू यादव निवासी रूपपुर को सूचना मिली कि चार युवक भाले लिए बड़ागांव रूपपुर के बीच जंगल की ओर प्रतिबद्ध जानवरों को मारने के लिए जा रहे है। तभी सूचना पाकर अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और चुपके से उन्हें देखा कि घास चर रहे प्रतिबद्ध जानवरों को भालों से मार रहे है। जिसकी सूचना रामू यादव ने तत्काल गौ रक्षा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल को दी सूचना मिलते ही अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अपनी टीम के साथ मौका पाकर उन चारों को पकड़ने के लिए भागे। उन्हें अपनी ओर आता देख चारों युवक भाग निकले इन चारों युवकों को पकड़ने के लिए काफी दूर तक पीछा करने पर एक युवक को मय भाले के साथ पकड़ लिया और तीन युवक भाले लेकर भागने में सफल हो गए। उस पकड़े हुए युवक ने अपना नाम सैफ अली पुत्र आविद बताया जिसको को सैफनी थाने लाकर पुलिस को सुपुर्द कर उन चारों युवकों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की लगाई गुहार। जिसमें शनिवार को जिला अध्यक्ष सुंदरलाल ने बताया कि पुलिस ने मय भाले के पकड़े युवक का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्या प्रतिबद्ध जानवरों को भालों से मारकर खेतों से भगाया जाएगा और दोषी नहीं थे। वह तीनों क्यों भाग निकले वहीं थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पकड़े गया। युवक अपने खेत की रखवाली कर रहा था यह लोग उसे थाने ले आए जिसका शांति भंग में चालान कर दिया गया।

# राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस मेला संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समग्र शिक्षा माध्यमिक योजनान्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन राजकीय जुल्फिकार बालि. का इण्टर कॉलेज, रामपुर में किया गया।

जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेले का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ। दीपा सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

मेले में जनपद के समस्त राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कैरियर विकल्पों से संबंधित स्टॉल लगाए गए। स्टॉलों का भ्रमण



करते हुए छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया एवं उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए तपस्वी बनना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार कैरियर का चयन कर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम करना चाहिए।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने कहा कि जनपद में विद्यालय स्तर पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किए जाने के उपरांत जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया है। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए विचार उनकी संकल्पनात्मक क्षमता को दर्शाते हैं। संकल्पना को संकल्प में बदलकर लक्ष्य प्राप्ति हेतु कठिन परिश्रम आवश्यक है।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं वक्ताओं ने अपने मार्गदर्शन एवं व्यक्तिगत अनुभव साझा कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन हरीश कुमार, प्रधानाचार्य, जैन इंटर कॉलेज एवं अक्षय भटनागर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# जिला जज और डीएम एसपी ने लोक अदालत के दौरान की बैठक



**■ लंबित वादों के अधिकाधिक एवं त्वरित निस्तारण के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के दौरान जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत के दौरान लंबित वादों के अधिकाधिक एवं त्वरित निस्तारण के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। माननीय अधिकारियों द्वारा आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष बल दिया गया, जिससे आमजन को सुलभ, त्वरित एवं न्यायसंगत न्याय प्राप्त हो सके।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ग्राम रायपुर के मझरे में 50 वर्ष पुराने बंद पड़े शिव मंदिर को खुलवाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुर का मझरा में लगभग 50 वर्षों से बंद पड़े शिव मंदिर को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्य कार्यकर्ताओं ने मंदिर के कपाट खोले बताते चले कि बजरंग दल के नगर संयोजक टिंकू यादव ने बताया कि ग्राम रायपुर का मझरा में लगभग 50 वर्षों से एक शिव मंदिर जिसमें शिवलिंग स्थापित है वह बंद पड़ा हुआ था मंदिर पर घास झाड़ियों से ढका पड़ा हुआ था।

। मंदिर की जमीन को भी लोगो ने कब्जा रखा था कुछ समय पूर्व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को जानकारी प्राप्त हुई



जानकारी के मुताबिक बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने बमुश्किल मंदिर की साफ सफाई कर मंदिर के कपाट खोले ओर मंदिर की देख रेख के लिए एक महात्मा को रख दिया गया है और पूजा पाठ प्रारंभ कराई गई अब हर बुधवार को भजन कीर्तन चलता रहता है जिसमें कार्यकर्ताओं ने बताया कि खोले गए मंदिर पर लाईट को लेकर काफी समय से अधिकारियों के पास चक्कर लगा रहे है जिसमें बिजली विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को निरीक्षण किया ओर जल्द से जल्द लाईट लगाने का आश्वासन भी दिया बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के इस सराहनीय कार्य को देख आस पास के क्षेत्रो में प्रशंसा की जा रही है जिसमें उपस्थित बजरंग दल के नगर संयोजक टिंकू यादव, नमन रस्तोगी, गौरव भटनागर, अमरसिंह यादव ,सत्यम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सैफनी थाने में धार्मिक ग्रन्थ फाड़ने पर करणी सेना ने दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** नगर में धार्मिक ग्रंथ फाड़ने पर पुलिस को दी तहरीर जानकारी अनुसार ठाकुर सचिन चौहान जिला अध्यक्ष करणी सेना मुरादाबाद और अनुपम गोस्वामी बिलारी विधानसभा अध्यक्ष करणी सेना को सूचना मिली कि सैफनी नगर में धार्मिक ग्रंथो को फाड़ा गया है जब करणी सेना टीम घटनास्थल पर पहुंची वहां पहुंचने के बाद आसपास के लोगों से जानकारी ली तो से अपनी के ही रहने वाले दिलीप पहलवान ने बताया कि उनकी दुकान के ठीक सामने ही ग्रंथ फाड़े गए हैं जैसे हनुमान चालीसा रामचरितमानस सुंदरकांड आदि ग्रंथ फाड़े गए हैं इसकी छाया प्रति भी पदाधिकारियो के पास उपलब्ध है।

ग्रन्थ फाड़ने वाले आरोपी शानू पुत्र अबरार मोहल्ला साईं मस्जिद हाजी खुर्शीद अहमद, अजीम पुत्र शमीम अहमद मोहल्ला शिवालय मंदिर, सब्बू पुत्र नजाकत हुसैन के साथ अन्य तीन अज्ञात लोग



शामिल थे जिनको उक्त पहचान नहीं सके पुलिस ने उक्त लोगों द्वारा धार्मिक पुस्तकों को फाड़कर जो हिंदू संस्कृति का अपमान किया है इससे संगठन करणी सेना में भारी रोष व्याप्त है करणी सेना ने उक्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

# सैफनी नगर पंचायत के विकास कार्यों की जांच करने आई टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** शुक्रवार को नगर पंचायत के विकास कार्यों की जांच करने आई टीम के मौजूदगी में नगर अध्यक्ष व सभासदपति में हुई नोंक झोंक जिस पर विकास कार्यों की जांच करने आई टीम हुई बापिस झड़प होने पर प्रथम पक्ष ने पांच नाम दर्ज व तीन अज्ञात लोगों तथा द्वितीय पक्ष ने भी पांच नामदर्ज व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में दी तहरीर जिस पर पुलिस ने दोनों की तहरीर के आधार पर मुकदमे दर्ज किए दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए गरमा गर्मी में काफी नोंक झोंक हुई जिसमें शनिवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला।

# सहज योग आत्म-साक्षात्कार कार्यक्रम संगीत और ध्यान के साथ सम्पन्न



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सहज योग परिवार, रामपुर के तत्वावधान में आयोजित सहज योग आत्म-साक्षात्कार कार्यक्रम हसंगीत और ध्यान के साथह आज सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया।

यह कार्यक्रम परम पूज्य माता जी निर्मला देवी के दिव्य आशीर्वाद से आनंद कॉन्वेंट स्कूल, बजरंग विहार, ज्वाला नगर, रामपुर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों एवं नगरवासियों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सहज भजन गायक दीपक वर्मा की गरिमामई उपस्थिति रही। वर्मा ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण सहज भजनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को ध्यान की गहराई से जोड़ा। उनके भजनों के साथ हुए सामूहिक ध्यान ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा, शांति और सकारात्मकता से भर दिया।

कार्यक्रम के दौरान सहज योग ध्यान पद्धति के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्म-साक्षात्कार का अनुभव कराया गया।

आयोजकों ने बताया कि सहज योग ध्यान एक सरल, सहज एवं पूर्णतः निःशुल्क साधना है, जो सभी के लिए सुलभ है और आज के तनावपूर्ण जीवन में मानसिक शांति व आत्मिक संतुलन प्रदान करती है।

कार्यक्रम में सम्मिलित साधकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए मान. सिक शांति, आनंद और आंतरिक संत. ुलन की अनुभूति व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर सहज योग परिवार, रामपुर ने मुख्य वक्ता दीपक वर्मा सहित सभी आगंतुकों, साधकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# ग्रामीण व शहरी युवाओं के लिए विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादे. शिक विकास अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जनपद रामपुर की समस्त विधानसभाओं में हमा। विधायक खेल स्पर्धाह का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ते हुए उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि विधानसभा 36 बिलासपुर में दिनांक 15 एवं 16 दिसम्बर, 2025 को सर्व संस।ति स्कूल, बिलासपुर में, विधानसभा 38 मिलक में दिनांक 16 एवं 17 दिसम्बर, 2025 को मिनी स्टेडियम, तिराहा मिलक में, विधानसभा 37 नगर रामपुर में दिनांक 17 एवं 18 दिसम्बर, 2025 को शहीदे आजम स्टेडियम, बमनपुरी रामपुर में, विधानसभा 35 चमरौआ में दिनांक 18 एवं 19 दिसम्बर, 2025 को शहीदे आजम स्टेडियम, बमनपुरी रामपुर में तथा विधानसभा 34 स्वार में दिनांक 26 एवं 27 दिसम्बर, 2025 को मंसब अली स्टेडियम, टांडा में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

मा. विधायक खेल स्पर्धा के अंतर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन सहित कुल आठ खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। यह स्पर्धा खिलाड़ियों की उपलब्धता एवं पंजीकरण के अनुसार सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में महिला एवं पुरुष श्रेणी में कराई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी अपनी-अपनी विधान सभा के अनुसार प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को युवा साथी पोर्टल द्धीजजचरूध्ध्लनअेंजीप।पदऋ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा तथा प्रतियोगिता स्थल पर आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लानी होगी। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

# खेत की रंजिशन में ग्रामीण से की मारपीट में एक आरोपी गिरफ्तार, जेल

शाह टाइम्स संवादाता

**चमरौआ।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत की मेड को लेकर पुरानी रंजिश के चलते तीन दिन पूर्व ग्रामीण के साथ हुई के मामले में पुलिस ने एक आरोपी की धरपकड़ कर जेल भेज दिया है।

मामला थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव से तीन दिन पूर्व का है। गांव निवासी जगतपाल पुत्र मदद लाल ने थाना पुलिस को दी तकरीर में बताया है। कि उसकी क्षेत्र के ही जंगल में खेती की जमीन है। जिसके चलते पिछले दिनों खेत की मेड को लेकर गांव के ही सैजी पुत्र इस्तेकार से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इस दौरान बीते दिन पीड़ित का पिता अपने खेत से काम कर जंगल के रास्ते होते हुए घर वापस लौटते वक्त आरोपियों ने शिकायत कर्ता के पिता से मारपीट कर फायर झोंकने का मामला सामने आया था। जिसमें तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सैजी, नावेद, साजेब, बाबू पुत्र इस्तकार समेत चार लोगों की खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसमें फरार चल रहे आरा. ेपी को पुलिस ने किसी मुखबिर की सूचना पर सैजी पुत्र इस्तेकार नमक युवक की धरपकड़ की है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया साथ ही पुलिस वाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है। मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

> पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार ने बताया आरोपी सैजी पुत्र इस्तेकार निवासी ग्राम पैगंबरपुर को गिरतार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। साथ मामले की जांच चल रही है। मामले में जो आरोपी फरार चल रहे है। उनकी तलाश जारी है।
>
> **राजवीर सिंह परिहार**
> **सी ओ मिलक**

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 वैवाहिक मामलों का निपटारा, 22 दंपति फिर साथ रहने को हुए राजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश के अनुपालन में शनिवार को जिला जजी परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, रामपुर अरविंद कुमार.प्प ने की।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 25 वैवाहिक मामलों, जिनमें धारा 125 सीआरपीसी एवं अन्य धाराओं के 91 प्रकरण शामिल थे, का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर



निस्तारण किया गया। इनमें 22 ऐसे मामले सामने आए, जिनमें दंपतियों के संबंध टूटने की कगार पर थे और तलाक की अर्जी न्यायालय में दाखिल की जा चुकी थी।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों और समझाइश के बाद 22 दंपति पुन: एक साथ रहने के लिए सहमत हो गए। न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में दंपतियों ने एक-दूसरे को फूल माला पहनाकर रजीनामा किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत को पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम बताया गया।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।

इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

## शुद्धि पत्र

दिनांक 10 दिसम्बर को प्रकाशित उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की सूचना में वद्वारा को द्वारा उबल को उक्त, दद्वारा को द्वारा, तिरय को तिरथ, गुरसील को गुरमीत, लिस्थ को तिरथ, सामान्तराण को नामान्तरण पढ़ा जाए।

# भाकियू टिकैत का धरना जारी

## सफाई कर्मचारी को हटाने के मुद्दे का पटाक्षेप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में विभिन्न मांगो को लेकर चल रहा भाकियू टिकैत धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। सफाई कर्मचारी को हटाने के मुद्दे का पटाक्षेप हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में समस्याओं के सामाधान नहीं होने को लेकर भाकियू टिकैत ने धरना-प्रदर्शन शुरू किया था। जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने कहा कि निराश्रित गौवंश को पकड़वाए जाने, फर्द में अंश निर्धारण, गांगन पुल चैकिंग में किसानों के वाहनों के चालान काटने, बिजली बिल व सफाई कर्मचारी दीपक कुमार को हटाने आदि मांगों के समस्याओं के सामाधान नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ है। सफाई कर्मचारी को ब्लॉक में एडीओ पंचायत के कार्यालय में तैनात कर रखा है। उसको ब्लॉक से हटाकर उसकी मूल तैनाती में भेजने की मांग की गई थी। इस मामले को लेकर बीडीओ प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार द्वारा सफाई कर्मचारी को ब्लॉक से स्थान्तरित करने के आश्वासन पर यह मुद्दा समाप्त हो गया है। लेकिन अन्य मांगों का कोई समाधान नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकाल. ीन चलेगा। इस मौके पर किसान नेता महेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, मुनेश कुमार,अतेन्द्र कुमार, पुनीत तुषियार, रोहित राणा, रिंकु राठी, सुजीव कुमार, शिशपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, यशपाल सिंह, जैनेंद्र कुमार, ओमप्रकाश सिंह, मुदित त्यागी, राक. ेश कुमार, मोहित कुमार, कामेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम तरकौली के पास मिट्टी से भरे एक डंपर ने मोपेड को टक्कर मार दी। जिसमें मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। डंपर चालक मौके से डंपर को लेकर फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज अपराह्न करीब तीन बजे मिली जानकारी के मुताबिक नूरपुर क्षेत्र के ग्राम कुंडा बल्दाना निवासी 50 वर्षीय मुख्तियार अहमद मोपेड से नगीना की ओर जा रहा था। नहटौर नगीना मार्ग पर ग्राम तरकौली के पास मिट्टी भरकर आ रहे एक डंपर ने उसकी मोपेड को टक्कर मार दी। जिसमें मुख्तियार अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर डंपर चालक डंपर को मौके से लेकर फरार हो गया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# स्विफ्ट कार और बाइक की टक्कर में तीन घायल



## एक गंभीर घायल हायर सेंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम श्यामाबाद के समीप स्विफ्ट कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। हादसे में बाइक सवार युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़ी सलेमपुर निवासी आहद पुत्र मौहम्मद उमर बाइक से स्योहारा की ओर जा रहा था। इसी दौरान हरगनपुर थाना नगीना देहात से मुरादाबाद की ओर जा रही एक स्विफ्ट कार जैसे ही ग्राम श्यामाबाद के पास पहुंची दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार आहद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार सवार अर्जुन सिंह (45 वर्ष) और उनकी पत्नी अंशू (40 वर्ष) को भी चोटें आईं। दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को स्योहारा सरकारी अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने आहद की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए समीक्षा बैठक

## एसबीडी में 20 व 21 फरवरी को आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी का भविष्य : चुनौतियां और सम्भावनाएं विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 20-21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस सम्बंध में समीक्षा हेतु एक बैठक का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।

संगोष्ठी की संयोजक एवं आयोजन सचिव हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रो.डॉ. अल्पना सिंह ने बताया कि दो दिनों में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, इंग्लैंड, रूस, उज्बेकिस्तान, नीदरलैंड, मॉरीशस, नार्वे, नेपाल, चीन, जापान, श्रीलंका आदि विभिन्न देशों से भाषाविद और विद्वान आमंत्रित हैं। इसके साथ ही देश के अलग-अलग प्रांतों से शिक्षाविदों और भाषाविदों द्वारा वैश्विक स्तर पर हिंदी के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर गंभीर चिंतन मनन किया जाएगा और भविष्य की संभावनाओं के लिए नए सुझावों और उपायों पर चर्चा की जाएगी।

प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम चौहान ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी के विकास पर गहन चिंतन मनन करने के साथ ही इसके मार्ग में आने वाली चुनौतियों पर विमर्श किया जाएगा। इससे सभी लाभान्वित होंगे। प्रो. बिमल सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। इस विषय पर चर्चा होना बहुत आवश्यक है। इस तरह के सेमिनार और कार्यक्रम हमें मानसिक रूप से समृद्ध करते हैं।

इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की सहसंयोजक डॉ. कनक चौहान और डॉ. रंजू सिंह ने बताया कि हम निरन्तर प्रचार और प्रसार द्वारा अधिक से अधिक प्राध्यापकों और शोध छात्रों को को संगोष्ठी से जोड़ने का प्रयासरत हैं, जिससे सभी भाषा के प्रति जागरूक होकर लाभान्वित हो सकें।

संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. पायल शर्मा ने बताया कि इस अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाषा के प्रति सजग विद्वान, शोधार्थी और विद्यार्थी जुड़कर विभिन्न सत्रों में हिन्दी की वैश्विक पहचान पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

महाविद्यालय की व्यवस्थापक रेणु गोयल ने संगोष्ठी की सफलता के लिए शुभकामनाए देते हुए संगोष्ठी की संयोजक एवं आयोजन सचिव डा. अल्पना सिंह को साधुवाद देते हुए कहा कि इस परिक्षेत्र के लिए यह गौरव की बात है कि हमारा महाविद्यालय दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करा रहा है। प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार तथा उपमंत्री अजय कुमार माहेश्वरी उपस्थित रहें।

# शुगर मिल में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

## 106 लोगों को मिले चश्मे, 250 से अधिक की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अवध शुगर मिल की ओर से सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए मिल परिसर में बने चिकित्सालय पर एक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के किसानों गन्ना लाने वाले वाहन चालकों शुगर मिल कर्मचारियों एवं आसपास के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

शिविर के दौरान 250 से अधिक लोगों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 106 जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। जबकि अन्य मरीजों को आंखों से संबंधित निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई। नेत्र शिविर का उद्घाटन अधिशासी उपाध्यक्ष सुशील कुमार, विवेककांत शर्मा, मुकेश मिश्रा, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार, जे.के सिंह, विवेक श्रीवास्तव एवं एडवोकेट राजेश शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने अवध शुगर मिल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह के नेतृत्व में सामाजिक दायित्व निभा रही मिल एचआर विभाग के अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सुखबीर सिंह हमेशा से ही शुगर मिल को केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार संस्था के रूप में विकसित करने के पक्षधर रहे हैं। अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह के नेतृत्व में अवध शुगर मिल द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान एवं अन्य जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। उनका मानना है कि किसानों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य ही मिल की वास्तविक पूंजी है।

शुगर मिल अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह ने यह भी बताया कि अवध शुगर मिल द्वारा इससे पूर्व भी कई बार इस प्रकार के निशुल्क चिकित्सा एवं नेत्र शिविर आयोजित किए जा चुके हैं और भविष्य में भी इस तरह के जनकल्याणकारी शिविर लगातार लगाए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

शिविर में आए लोगों ने अवध शुगर मिल प्रबंधन एवं अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया।

# कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने किया लोक अदालत का भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि छात्र-छात्राओं ने जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही को देखा तथा लोक अदालत द्वारा अपनाए जाने वाली प्रक्रिया की बारीकियों को समझा।

महाविद्यालय प्रबन्धक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने विधि विद्यार्थियों के समूह को हरी झण्डी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर की ओर रवाना किया। महाविद्यालय के सहायक प्रवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि आपसी समझौतों के द्वारा वादों के निस्तारण में विधि विद्यार्थियों को अहम भूमिका हो सकती है। इसलिए विधि विद्यार्थियों को इस प्रकार की कार्यवाहियों में शत-प्रतिशत भागीदारी करनी चाहिए और विधि विद्यार्थियों को लोक अदालत की स्थापना एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों से भी अवगत कराया।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने विधि के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया और विभिन्न प्रकार के मामलों जैसे मोटर एक्सिडेंट क्लेम, बैंक लोन, व्यवाहिक मामलों आदि के बारे में विस्तार से बताया। सहायक प्रवक्ता डॉ. एमए खान ने विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना व उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया एवं न्यायालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधि विद्यार्थियों एवं सभी प्रवक्तागण शिव कुमार, विशाल, विक्रम सिंह, दीपिका सिंह, अभिशेक प्रताप सिंह, मीनू कोठारी, खुशबू रानी आदि का विशेष योगदान रहा।

# महफिले मकासिदा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के ग्राम छजुपुरा सादात स्थित इमाम बारगाह में रसूल अल्लाह की बेटी हजरत फातेमा जैहरा के जन्मदिन के उपलक्ष में एक महफिले मकासिदा का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज मौलाना मेहंदी अब्बास जैदी द्वारा तिलावते कलामे पाक तथा रौशन अब्बास जैदी की नाते पाक से हुआ। महफिल का संचालन शाही वास्ती ने किया।

रोशन अब्बास ने नात पढ़ी कि- सूए तैबा जो सफर हो तो मजा आ जाये, उनके कूचे से गुजर हो तो मजा आ जाये। हसन मेहंदी जैदी ने कलाम पढ़ा कि- रब ने बनाई और भी दुनिया में ताहेरा, लेकिन किसी को उम्मे अबीहा नहीं किया। अम्मार हैदर ने कहा कि- दे दिया सरकार ने उम्मे अबीहा का लकब, अब जमाना सोचता रह जाये क्या हैं फातेमा। मौहम्मद मेहंदी राजा ने कलाम पेश किया कि-ता कयामत अयां नहीं होगा, राजे परवरदिगार हैं जैहरा। निजामत कर रहे शाही वास्ती ने कलाम पढ़ा कि-वो खुदा कितना मौहतरम होगा, जिसके पैकर का नाम है जैहरा। मौहम्मद रजा ने कहा-जमीं से आसमां तक सारी दौलत फातेमा की है। खुदा हाकिम तो है, लेकिन हुकूमत फातेमा की है। मौलाना मेहंदी अब्बास जैदी ने पढ़ा कि- हैरत की बात ये है कि कातिल बतूल का बज्में नबी में बैठने वाला निकल गया। महफिल में इनके अलावा नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, जाफर जैदी, मुन्तजिर मेहंदी, अली रजा, असगर अब्बास, अली अब्बास, वफा अब्बास, अरमान अली, वासिफ अब्बास आदि ने भी अपने-अपने कलाम पढ़े।

## नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**चांदपुर।** ब्लॉक जलीलपुर के छात्रों हेतु स्थापित किए गए दो केंद्रों पर पर जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा सफलता पूर्वक आयोजित हुई। परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कुल पंजीकृत 376 छात्र-छात्राओं में 287 ने और परीक्षा केंद्र हिन्दू इंटर कॉलेज में पंजीकृत 432 छात्र-छात्राओं में 327 ने परीक्षा दी। बीईओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में सभी सम्मानित शिक्षकों ने परीक्षा सम्पन्न कराने में सहयोग दिया।

# जिला विद्यालय निरीक्षक से शिक्षकों ने की भेंट

## जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ के नेतृत्व में जनपदीय समस्याओं पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव से उनके कार्यालय में भेंट की। वार्ता के दौरान शिक्षकों ने एनपीएस के लेजर की सत्यापित प्रतिलिपि जारी कर सभी विद्यालयों से लेजर बनवाए जाने, एनपीएस से पुरानी पेंशन में आने वाले शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण, व्यवसायिक शिक्षकों के अवशेष भुगतान आदि अनेक बिंदुओं पर बात की।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी समस्याओं को तुरंत नोट कर सप्ताह भर के भीतर उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया। विज्ञप्ति में बताया गया कि सत्र परिवर्तन के कारण व्यवसायिक शिक्षकों का कुछ महीने का वेतन अवशेष के रूप में लंबितवाई जिसके भुगतान का आश्वासन जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिया। वार्ता के दौरान डीआईओएस ने आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के प्रबंधक रामनारायण सिंह के देहांत पर शोक एवं संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें एक व्यवहार कुशल मृदुभाषी व्यक्ति बताया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके शीघ्र निस्तारण के लिए पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष तथा जिला मंत्री के अतिरिक्त राजेंद्र सोलंकी, कुलबीर सिंह, बालमुकुंद, रामबदन सिंह तथा नीरज अवस्थी आदि शिक्षक सम्मिलित रहे।

## एक नजर

### पावन प्रकाश पर्व का शुभारंभ

**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित होने वाले दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 26 दिवसीय पावन प्रकाश पर्व का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ की श्रृंखला से कर दिया गया है। इस श्रृंखला का पहला अखंड पाठ आयोजित कराने का सौभाग्य कर्नाटक से पधारे कर्नाटक सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार ओंकार सिंह भाटिया के परिवार को मिला। दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत कर्नाटक सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार ओंकार सिंह भाटिया तथा गुरु घर के कार्यों और कार्यक्रमों में निष्ठा पूर्ण योगदान देने वाली गुरु दरबार की समर्पित एवं निष्ठावान सेविका बीबी इंद्रजीत कौर भाटिया के संयोजन में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए की गई। 26 दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए प्रबंध समिति अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट तथा सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने बताया कि 14 दिसंबर को गुरु घर में साहिबजादा बाबा फतेह सिंह का जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 20 दिसंबर से तीन दिवसीय विशेष गुरुवाणी विचार कार्यक्रम तथा गुरमत समागम का आयोजन होगा। जिसमें पंजाब के पटियाला से पहली बार धामपुर पहुंचने वाली बीबी जसजीत कौर खालसा जी के द्वारा गुरबाणी कीर्तन एवं विचारों के माध्यम से संगत समूह को लाभान्वित कराया जाएगा।

### जल तपस्या कर रहे महंत संदीप गोस्वामी



**धामपुर।** माहल्ला बाड़वान स्थित कुम्हारो वाली गली में श्री राम रुपाए बालाजी मंदिर के महंत संदीप गोस्वामी महाराज द्वारा केसरिया रंग के ड्रम में शीतल जल भरकर शुक्रवार की शाम से प्रारंभ की गई दो दिवसीय जल तपस्या आज दूसरे दिन भी जारी रही। जन कल्याण हेतु की जा रही तपस्या को बालाजी महाराज के दरबार से जुड़े भक्त परिवारों तथा श्रद्धालु जनों के लिए उपलब्धि पूर्ण बताते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों से लगातार की जा रही इस प्रकार की तपस्या के अंतर्गत जिन लोगों ने तपस्या स्थल पर पहुंचकर महंत संदीप गोस्वामी जी महाराज की तपस्या में किसी भी प्रकार से अपना योगदान दिया है तथा उनके दर्शन करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया है। उन परिवारों पर मेहंदीपुर वाले बालाजी महाराज की अपार कृपा और अनुकंपा निरंतर बनी हुई है और संबंधित परिवार प्रगति एवं उन्नति के पथ की ओर अग्रसर रहते हुए अनेकों प्रकार की उपलब्धियां भी अर्जित कर रहे हैं। इस मौके पर जल तपस्या स्थल बालाजी महाराज के अलावा अन्य देवी देवताओं के पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा। उधर महंत संदीप गोस्वामी जी महाराज ने बताया कि वह जन कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए जो भी कार्य संपादित कर पाते हैं, उन सभी कार्यों में उनके इष्ट एवं आराध्य देव बालाजी महाराज की कृपा अनुकंपा और आशीर्वाद की निरंतरता बनी रहती है। उनकी तपस्या का एकमात्र मुख्य उद्देश्य भक्त परिवारों का बालाजी महाराज के दरबार से जुड़ाव कराकर प्रत्येक सनातन परिवार में शांति खुशहाली और समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना करना है, जिसके लिए वह आगे भी तपस्या निरंतर जारी रखेंगे।

### आमिर चौधरी ने किया उद्घाटन



**स्योहारा।** सहसपुर रोड पर बहुप्रतीक्षित जायका रेस्टोरेंट का भव्य तरीके से शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए आमिर चौधरी ने फीता काटकर रेस्टोरेंट की शुरुआत की। रेस्टोरेंट परिसर सुंदर सजावट, रोशनी और मेहमानों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। आमिर चौधरी के पहुंचते ही कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ गया। उद्घाटन के बाद आमिर चौधरी ने रेस्टोरेंट की रसोई, काउंटर, बैठने की व्यवस्था और सेवा प्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने रेस्टोरेंट के संचालक सलमान खान को बधाई देते हुए कहा कि स्योहारा जैसे तेजी से विकसित हो रहे नगर में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था का उपलब्ध होना बेहद खुशी की बात है। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और नगर की खाद्य संस्कृति को भी नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोग अमजद खान, शानू शेख, मौहम्मद अली, सोनू चौहान, कपिल चौहान, सूर्यकुमार सैनी, आसिफ, रईस, जावेद जेडी, हाजी जुल्फुकार, सुल्तान आदि उपस्थित रहे।

### हीमपुर बुजुर्ग में जागरूकता कार्यक्रम



**चांदपुर।** ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में ग्रामीणों को पुलिस द्वारा साइबर क्राइम और यातायात जागरूकता के प्रति संदेश पहुंचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस क्षेत्रधिकारी की अध्यक्षता में गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, पुरूषों व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सीओ देश दीपक ने कहा कि आजकल साइबर क्राइम ज्यादा बढ़ गया है। लोगो से ऑनलाईन ठगी की आये दिन घटनाये सुनने मे आ रही है। इसकी रोकथाम के लिये पुलिस ने ग्रामीणों को कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बताए। सो,ाल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा गया कि साइबर ठगी से बचने के लिये किसी अंजान कॉल के आने पर कोई ओटीपी नम्बर नहीं देने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सख्त हिदायत की गई। साथ ही कहा कि साइबर अपराध ने आजकल देशभर में ठगी का गेम चला रखा है। ऐसे लोगों के चुगल से बचने के लिये आप सभी को जागरूक होना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे ग्राम प्रधान अली वारिस ने सभी का आभार जताया तथा मीडिया बंधुओं का धन्यवाद किया।

### औषधि विक्रेता संघ की बैठक

**कोतवाली देहात।** औषधि विक्रेता संघ की बैठक पुखराज सिंह मलिक के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष पुखराज सिंह मलिक ने कहा कि कोई भी केमिस्ट बिना बिल की दवाई न खरीदे। सभी ग्राहकों को बिल से दवाइयां दें। उन्होंने कहा कि कुछ केमिस्टों को बिना वजह तंग किया जा रहा है। केमिस्टों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केमिस्ट नियमों के अनुसार ही दवाइयां क्रय विक्रय करें। इस अवसर पर कोई भी नशे की दवाई न बेचने की शपथ ली गई। बैठक में प्रदीप चौधरी, अरुण कश्यप, अमित गुप्ता, उत्तम कुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत सचिवों ने सौंपा ज्ञापन

**कोतवाली देहात।** विकास खंड कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत सचिवों ने बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने कहा कि पंचायत सचिवों को गैर विभागीय कार्यों में लगाया जा रहा है। पंचायत सचिवों पर विभागीय कार्यों का काफी भार है। पंचायत सचिवों को गैर विभाग के कार्यों में न लगाया जाए। इस अवसर पर राजीव कुमार, नितिन कुमार, मिथुन कुमार, दीपक, धर्म प्रिय, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# भारत-द.अफ्रीका का तीसरा मैच आज

**दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रूख तय करने में अहम होगा**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकबाले में पांच मैचों की सीरीज में बढ़त लेने उतरेंगे। पहले मैच में भारत की शानदार जीत के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में जोरदार वापसी करते हुए बराबरी कर ली, जिससे इस खूबसूरत पहाड़ी मैदान पर एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रुख तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत की बल्लेबाजी ने कुछ अच्छे संकेत दिखाए हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी रही है। पहले दो मैचों में शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभालने में तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या का मिडिल ऑर्डर में योगदान महत्वपूर्ण रहा है। ओपनर अभिषेक शर्मा भारत की योजनाओं के केंद्र में बने हुए हैं, टीम पावरप्ले के दौरान तेज शुरुआत देने की उनकी क्षमता पर भरोसा कर रही है। सीनियर बल्लेबाज शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने और लाइनअप को स्थिरता देने के लिए उत्सुक होंगे। पिछले मैच में काफी रन देने के बाद भारत की गेंदबाजी इकाई पर सबकी नजर रहेगी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दूसरे टी-20 में शुरुआती विकेट लेने में नाकाम रहे और मेजबान टीम उनसे ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। स्पिनर अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने विकेट लिए हैं और वे बीच के ओवरों को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका पिछले मैच में दमदार बल्लेबाजी की बदौलत अपनी शानदार जीत से आत्मविश्वास हासिल किया। क्विंटन डी कॉक आक्रामक पारी खेलकर टीम की अगुवाई करने, जबकि कप्तान एडन मारक्रम अच्छी शुरुआत देने का प्रयास करेंगे। मेहमान टीम की बल्लेबाजी की गहराई, जिसे डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर और डोनोवन फरेरा ने मजबूत किया है। गेंदबाजी की बात की जाए तो पिछले मैच में ओटनील बार्टमैन चार विकेट लेने के बाद एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। मार्को यानसन की अतिरिक्त बाउंस और लुंगी एनगिडी के तेज आक्रमण को और मजबूत बनाया है, जिससे दक्षिण अफ्रीका पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में दबाव बना पा रहा है। धर्मशाला मैदान की छोटी बाउंड्री बल्लेबाजों के सेट होने के बाद स्ट्रोक प्ले में मदद करती हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 187 के करीब है और शाम को बाद में ओस पड़ने की उम्मीद है। दोनों टीमें सीरीज में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने के लिए बेताब हैं, इसलिए एक कड़े मुकाबले की उम्मीद है, क्योंकि भारत घरेलू फायदे पर निर्भर है जबकि दक्षिण अफ्रीका अपनी नई गति को बनाए रखना चाहेगा। संभावित भारतीय टीमप्रतिशत अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा।

संभावित दक्षिण अफ्रीका टीमप्रतिशत रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडन मारक्रम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को यानसन, लुथो सिपामला, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन, ट्रिस्टन स्टब्स, केशव महाराज, एनरिक नॉर्टजे, टोनी डी जॉर्जी, कॉर्बिन बॉश, रीजा हेंड्रिक्स और क्वेना मफाका

## जियोस्टार पर दिखेंगे टी-20 वर्ल्ड कप के सभी मैच

# आईसीसी ने एग्रीमेंट टूटने पर रिपोर्ट्स का खंडन किया




**● काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगले साल होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप जियोस्टार पर ही प्रसारित होगा। आईसीसी और ब्राडकास्टर जियोस्टार ने शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि जियोस्टार भारत में आईसीसी का आधिकारिक मीडिया राइट्स पार्टनर बना हुआ है। काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। बयान में आगे कहा गया कि भारतीय फैंस को आगामी आईसीसी इवेंट्स की बिना रुके, वर्ल्ड-क्लास कवरेज देने पर फोकस है। इसमें आगामी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। दोनों संस्थाओं ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारियां योजना के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। 4 दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा-जियो पीछे हटा 8 दिसंबर सोमवार को इकोनामिक टाइम्स ने दावा किया गया था कि भारत-श्रीलंका में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्ड कप से 3 महीने पहले ब्राडकास्टर जियोस्टार मैच प्रसारण से पीछे हट गया है। जियोस्टार के पीछे हटने की वजह नुकसान को बताया जा रहा था।

रिपोर्ट में कहा गया कि आईसीसी ने सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक किसी भी प्लेटफार्म ने कीमत ज्यादा होने की वजह से राइट्स में दिलचस्पी नहीं दिखाई। 2023 में आईसीसी ने अपने 4 साल (2024 से 2027 तक) के सारे टूर्नामेंट्स के भारत में दिखाने के अधिकार जियोस्टार (तब स्टार इंडिया) को बेचे थे। 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 वर्ल्ड कप को हाटस्टार पर फ्री में दिखाया गया था। भारत आईसीसी की कमाई का 80प्रतिशत देता है भारत आईसीसी के रेवेन्यू का करीब 80प्रतिशत हिस्सा देता है, जो क्रिकेट की डिपेंडेंसी दिखाता है। आईसीसी ने 2024 में +474 मिलियन (करीब 4,000 करोड़ रुपए) का सरप्लस कमाया। सरप्लस मतलब अतिरिक्त कमाई या प्राफिट (जैसे आपकी सैलरी से खर्चे कटने के बाद जो बचे)। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेडयूल जारी कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में होगा।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## फीफा विश्व कप 2026 की टिकट के लिए 24 घंटे में 50 लाख आवेदन

**ज्यूरिख, वार्ता।** अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट बिक्री के तीसरे चरण शुरू होने के 24 घंटे अंदर दुनिया भर से 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। फीफा ने शनिवार को बताया कि 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फुटबॉल प्रशंसकों ने फीफाडॉटकॉम/ टिकटस के माध्यम से 50 लाख टिकटों की मांग के आवेदन प्राप्त हुए है। कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले इस 48-टीमों के इस टूर्नामेंट को देखने के प्रति प्रशंसकों के उत्साह को दिखाता है। शुरुआती आंकड़े ग्रुप-स्टेज के शानदार मुकाबलों के लिए जबरदस्त दिलचस्पी दिखाते हैं, जिसमें कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) अब तक रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ अवधि के दौरान सबसे अधिक डिमांड वाला मैच बनकर उभरा है।

## श्रीलंका की अंडर-19 टीम ने नेपाल को हराया

**दुबई, वार्ता।** सेतमिका सेनेविरत्ने (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद दिमांता महाविताना (नाबाद 39) और कविजा गमागे (24) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 211 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने 14-5 ओवर में दो विकेट पर 84 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज दिमांता महाविताना ने 49 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से (नाबाद 39) रनों की पारी खेली। कविजा गमागे ने 29 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 24) रन बनाए। विरन चामुदिता (10) और के वितानापतिराना (दा) रन बनाकर आउट हुए।

## मेसी के स्वागत आयोजन में कुप्रबंधन पर ममता ने माफी मांगी उच्च स्तरीय जांच का ऐलान

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेसी के यहां दौरे के मौके पर सॉल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में मची अफरा-तफरी और कुप्रबंधन पर गहरा दुख जाहिर करते हुए 'जिम्मेदारी तय करने' और 'ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने' के लिए एक उच्च-स्तरीय जांच का ऐलान किया।

सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रशंसकों से सार्वजनिक माफी मांगी। उन्होंने एक्स पर एक बयान में कहा कि स्टेडियम में जो कुछ हुआ, उससे बहुत परेशान और हैरान है। यहां हजारों दर्शक अपने पसंदीदा फुटबॉलर को देखने की उम्मीद में इकठा हुए थे। उन्होंने कहा कि वह उस समय वह खुद



**सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रशंसकों से सार्वजनिक माफी मांगी**

कार्यक्रम स्थल पर जा रही थीं। सुश्री बनर्जी ने कहा कि मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए लियोनेल मेसी के साथ-साथ सभी खेल प्रेमियों और उनके प्रशंसकों से ईमानदारी से माफी मांगती हूं। मैं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) असीम कुमार राय की अध्यक्षता में एक जांच समिति बना रही हूं।

# लियोनेल मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत



## झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक

**कोलकाता, वार्ता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी को 14 साल बाद फुटबॉल के दीवानों के शहर कोलकाता में लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। शहर में हजारों प्रशंसक, अपने पसंदीदा वैश्विक सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए, मध्यरात्रि के बाद कड़ाके की ठंड में भी डटे रहे। हालांकि, बाद में साल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में यह उत्साह उस समय अराजकता और निराशा में बदल गया, जब उनके प्रशंसक मेसी की एक झलग ठीक से नहीं पा सके। मेसी का विमान नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कल देर रात उतरा। उनके आगमन पर वहां मौजूद लोगों में जोश भर गया। उनके समर्थक बार्सिलोना की नंबर 10 जर्सी पहने उनका नाम लेकर चिल्ला रहे थे और अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे। भारी सुरक्षा तैनाती के बावजूद, भीड़ हवाई अड्डे के परिधि और हयात रीजेंसी होटल के पास जमा हो गई। मेसी को इस होटल में ठहराया गया था। भारतीय फुटबॉल का मक्का कहे जाने वाले कोलकाता शहर ने मेसी की दूसरी यात्राा को यादगार बनाने के लिए पूरे मन से तैयारी की थी। इनमें ईएम बाईपास पर लेक टाउन क्रॉसिग पर फैन जोन और एक विशाल 70 फुट की प्रतिमा शामिल थी। सूत्राों ने बताया कि साल्ट लेक स्टेडियम के पास होटल जाते समय, मेसी को शहर के प्रवेश द्वार वीआईपी रोड पर बिग बेन क्लॉक टॉवर के पास फीफा विश्व कप पकड़े हुए उनकी एक सफेद प्रतिमा दिखाई गई। प्रशंसकों की भीड़ में नादिया जिले के कल्याणी से एक किशोर लड़का भी व्हीलचेयर पर यात्राा करके आया था। मेसी के कट्टर समर्थक उनको फुटबाल का ष्भगवानष मानते हैं। मोहन बागान क्लब के सदस्य सुरजेंदु गांगुली ने कहा कि मेसी का कोलकाता आना एक बड़ी बात है।

### मेसी ने किया कोलकाता में दुनिया की सबसे ऊंची अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** 2022 फीफा विश्व कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा रहे लियोनेल मेसी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रवेश द्वार पर दुनिया की सबसे ऊंची 70 फीट की लोहे की अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण किया। अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पर एक निजी जेट से सुबह-सुबह पहुंचने के कुछ घंटों बाद उन्होंने हयात होटल से रिमोट कंट्रोल के जरिए वीआईपी रोड पर स्थित अपनी प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। इस दौरान कई इंटर मियामी खिलाड़ी और हिंदी फिल्म सुपरस्टार शाहरुख खान मौजूद थे। यह प्रतिमा, 2022 फीफा विश्व कप पकड़े हुए मेसी की एक तस्वीर की प्रतिकृति है।

# गावस्कर के पर्सनालिटी राइट्स केस में दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश



**● यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाईनऔर डिजीटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनील गावस्कर की याचिका पर आदेश दिया है। यह मामला पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को सात दिन में कार्रवाई करने को कहा है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने गावस्कर के वकील से बात की। उन्होंने कहा- वकील पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से संपर्क करें। अदालत ने प्लेटफार्म्स को निर्देश दिया कि वे गावस्कर के मुकदमे को आईटी एक्ट 2021 के तहत शिकायत मानकर जरूरी कदम उठाएं। यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है। एक दिन पहले अभिनेता सलमान खान और तेलुगु स्टार जूनियर एनटीआर भी अपने पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे थे।

कोर्ट ने कहा कि अगर सोशल मीडिया मीडियम को गावस्कर द्वारा दिए गए किसी भी 'वेबलिंक' को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वे उन्हें इसकी जानकारी दें। अदालत ने गावस्कर (वादी) को निर्देश दिया कि वे जिन यूआरएल को हटाने का अनुरोध कर रहे हैं, उन्हें 24 घंटे में सोशल मीडिया मीडियम को उपलब्ध कराएं। गावस्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ई-कामर्स वेबसाइट द्वारा उनके नाम, तस्वीरें और शख्सियत एवं पहचान के अनधिकृत उपयोग को रोकने तथा पर्सनालिटी राइट्स की रक्षा के लिए हाई कोर्ट का रुख किया था। पर्सनालिटी राइट्स के तहत किसी व्यक्ति को अपनी तस्वीर, नाम या पहचान की सुरक्षा, उन पर नियंत्रण रखने और उनके उपयोग से लाभ प्राप्त करने का अधिकार होता है। इन सेलेब्स के पास हैं पर्सनैलिटी राइट्स ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन से पहले इसी साल मई में एक्टर जैकी श्राफ भी कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी इमेज और वीडियो बदलकर बिना इजाजत मर्चेंडाइज बेचा जा रहा है। उस समय कोर्ट ने उनके पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स को भी सुरक्षित किया था।

# लिएंडर पेस-महेश भूपति 'कोर्ट पर' एक साथ दिखे

**● इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैड स्लेम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर नंबर-1 बने है और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रायोजित टेनिस प्रीमियर लीग के चौथे दिन भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में और एसजी पाइपर्स बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी महेश भूपति अपनी टीम के समर्थन में लीग के चारकोल ग्रे कोर्ट पर एक साथ दिखे गए। इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर वर्ल्ड नंबर 1 बने हैं और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे हैं।

इस दौरान अपनी खुशी इजहार करते हुए पेस ने कहा कि अहमदाबाद में होना बहुत अच्छा लग रहा है। सबसे पहले तो मौसम शानदार है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना पूरे देश में टेनिस का विस्तार करने और उसे लोकप्रिय बनाने के सपने का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं सानिया, रोहन, महेश और उन सभी सितारों का बहुत आभारी हूं जो लीग को सपोर्ट करते हैं। जब आप खिलाड़ियों को देखते हैं, तो हमने जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के और लड़कियों को एक साथ लाने में कामयाबी



हासिल की है और इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लेवर भी जोड़ा है। टेनिस जगत के पूरे समुदाय का यहा एक साथ आना खास है। दिन के तीसरे मैच में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को 49-51 से हराया। जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। सीजन और अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि सीजन बहुत अच्छा चल रहा है। मैं अपनी टीम के प्रति थोड़ा पक्षपाती हूं। दिल्ली एसेस अभी शीर्ष पर है लेकिन अभी बहुत सारा टेनिस बाकी है। यहां का फॉर्मेट बहुत दिलचस्प है। पेस ने दिल्ली की टीम के साथ अपनी भूमिका पर कहा कि 40 साल तक अपने देश के लिए खेलना, 20 ग्रैंड स्लैम जीतना और सात ओलंपिक खेलना एक आशीर्वाद है। अब, बच्चों को मेंटर करना और ऐसी लीग बनाना ताकि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेल सकें।

## असम के चार खिलाड़ी भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

**● इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) 2025 के दौरान कथित तौर पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप के कारण चार खिलाड़ियों अमित सिन्हा, इशान अहमद, अमन त्रिपाठी और अभिषेक ठाकुर को निलंबित कर दिया है।

एसीए ने शुक्रवार को इन चारों खिलाड़ियों निलंबित कर दिया। उन्होंने इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्रथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज करा दी है। ए सभी खिलाड़ी अलग-अलग स्तर पर असम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेने वाले कुछ असम के खिलाड़ियों को प्रभावित और उकसाने का प्रयास करने का आरोप है। एसीए के सचिव सनातन दास ने कहा कि आरोप सामने आने के बाद बीसीसीआई की भ्रष्टाचार विरोधी और सुरक्षा यूनिट (एएससीयू) ने जांच की थी। एसीयू ने भी आपराधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पहली नजर में खेल की अखंडता को प्रभावित करने वाले गंभीर कदाचार में उनकी भागीदारी प्रतीत होती है। असम के एसएमटीए लीग मैच 26 नवम्बर से आठ दिसम्बर तक लखनऊ में हुए थे। टीम चल रहे सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दास ने कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान इन खिलाड़ियों को जिला इकाइयों या इससे जुड़े क्लबों द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट या मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# दीपक हुड्डा संदिग्ध गेंदबाजी सूची में



**● बीसीसीआई ने 16 सितम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के एक्शन के बारे में जानकारी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को 16 दिसम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के बारे में यह जानकारी दी। घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए खेलने वाले 30 साल के ऑलराउंडर हुड्डा पिछले आईपीएल सीजन की तरह ही अभी भी संदिग्ध सूची में बने हुए हैं।

पार्ट-टाइम ऑफ-स्पिन गेंदबाज हुड्डा ने पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सात आईपीएल मैच खेले थे, लेकिन उनमें से किसी में भी गेंदबाजी नहीं की थी। हालांकि, उन्होंने तब से बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में छह ओवर फेंके हैं। रणजी ट्रॉफी में एक ओवर और चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पांच ओवर। आखिरी मैच उन्हें आठ दिसम्बर को झारखंड के खिलाफ गेंदबाजी करते देखा गया था। अगर उन्हें फिर से संदिग्ध एक्शन के लिए बुलाया जाता है, तो उन पर आईपीएल में गेंदबाजी करने पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने अहमदाबाद में उस मैच में तीन ओवर फेंके थे और 24 रन देकर तीन विकेट लिए थे। हुड्डा ने भारत के लिए 10 एकदिवसीय और 21 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, अबू धाबी नीलामी में एएल1 (ऑलराउंडर) कैटेगरी में 75 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ शामिल हैं।

### साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने फुटबॉल से लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने हृदय संबंधी बीमारी का पता चलने के बाद पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। ब्राजील के ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीय ऑस्कर ने अपने करीबी लोगों को अपने फैसले के बारे में बताया और पिछले महीने हुई एक घटना के बाद आगे की जटिलताओं का जोखिम न उठाने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रहना पड़ा था। ऑस्कर पिछले दिसम्बर में चेल्सी और शंघाई पोर्ट के साथ सफल कार्यकाल के बाद तीन साल के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब साओ पाउलो में लौटे थे। जुलाई में चोटों के कारण वह इस साल केवल 21 मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने दो गोल किए।

## केएससीए चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की मिली अनुमति

**● यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की अनुमति दे दी है और इससे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी अवगत करा दिया गया है।

यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है। प्रसाद और उपाध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर ने इस सप्ताह की शुरुआत में बेलगावी में राज्य के विधानसभा सत्रा के दौरान मुख्यमंत्राी सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात सार्थक रही। इस फैसले का त्वरित परिणाम यह होगा कि विराट कोहली चिन्नास्वामी में खेल सकेंगे क्योंकि केएससीए सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से दिल्ली के मुकाबलों को अलूर से यहां स्थानांतरित करने का विचार कर रहा है। कोहली और ऋषभ पंत दोनों ही विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं और वह पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

भारत के दो बड़े खिलाड़ियों के खेलने की संभावना को देखते हुए केएससीए चिन्नास्वामी के कुछ स्टैंड्स को प्रशंसकों के लिए खोलने का भी विचार कर रहा है ताकि दो हजार से तीन हजार प्रशंसकों के लिए खेल देखने की व्यवस्था की जा सके।



नई दिल्ली। इंडिया गेट के पास स्थित कर्तव्य पथ धुंध से घिरे हुए दृश्य के बीच सैर करते लोग।

## यमन में अलगाववादियों के हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए

**सना।** पूर्वी यमन के हद्रमाउत प्रांत में अलगाववादी बलों के हमले में 30 से अधिक यमनी सैनिक मारे गए। सेना के जनरल स्टाफ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी सना से बात करते हुए अलगाववादी बलों पर आरोप लगाया कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए घायलों को मार रहे हैं और कैदियों को फांसी दे रहे हैं। जनरल स्टाफ ने शुक्रवार को कहा कि अलगाववादियों के हमले में कम से कम 32 यमनी अधिकारी और सैनिक मारे गए, जबकि 45 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी और सैनिक अभी भी लापता हैं। जनरल स्टाफ ने अलगाववादियों पर हद्रमाउत को अस्थिर करने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अधिकारियों के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में राजनीतिक प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

## यूक्रेन में संघर्ष समाप्ति के नजदीकः अलेक्जेंडर स्टब

**हेलसिकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले रूस और यूक्रेन के बीच चले आ रहे संघर्ष का कोई न कोई समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं और वहां शांति की संभावना पहले से कहीं ज्यादा है। स्टब ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम पिछले चार वर्षों में किसी भी समय की तुलना में शांति या अंतिम परिणाम के अधिक नजदीक हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले 'किसी प्रकार का समाधान' निकालने का प्रयास कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने विशिष्ट चर्चाओं पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि यूक्रेनी संघर्ष के लिए यूरोप के पास कोई स्वतंत्र समाधान नहीं है।

# कोठरी में इमरान को एकांत कारावास

### संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस एडवर्ड्स ने जताई चिंता, कहाः यह यातना के बराबर

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस जिल एडवर्ड्स ने आज पाकिस्तान सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति को लेकर आ रही रिपोर्ट्स पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी परिस्थितियां यातना या अन्य अपमानवीय या अपमानजनक व्यवहार के बराबर मानी जा सकती हैं।

एडवर्ड्स ने कहा मैं पाकिस्तानी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि इमरान खान की हिरासत की शर्तें पूरी तरह से अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने बताया कि 26 सितम्बर 2023 को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित होने के बाद से इमरान



■ इमरान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिएः एडवर्ड्स

खान को लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया है। उन्हें दिन में 23 घंटे कोठरी में बंद रखा जाता है और बाहरी दुनिया से उनका संपर्क बेहद सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खान को उनकी कोठरी में कथित तौर पर लगातार कैमरे की निगरानी में रखा जाता है। विशेषज्ञ ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत लंबे समय तक एकांत कारावास प्रतिबंधित है और अगर यह 15 दिनों से अधिक समय तक हो जाता है, तो इसे यातना का एक रूप माना जाता है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए। यह न केवल एक गैरकानूनी उपाय है, बल्कि लंबे समय तक एकांत कारावास से उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत हानिकारण परिणाम हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, इमरान खान को कोठरी से बाहर गतिविधि करने या अन्य कैदियों से मिलने की अनुमति नहीं है और सामूहिक नमाज में भी शामिल नहीं हो सकते। वकीलों, परिजनों और अदालत की ओर से अधिकृत अन्य लोगों की मुलाकातें अक्सर रोक दी जाती हैं या समय से पहले खत्म हो जाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान एक छोटी सी कोठरी में रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी और पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं है। इस कोठरी में गर्मियों और सर्दियों में तापमान चरम सीमा तक पहुंच जाता है और खराब हवा के कारण दुर्गंध और कीट-मकौड़े की समस्या होती है। इसके कारण उन्हें मतली, उल्टी और वजन कम होने की शिकायत रही है। एडवर्ड्स ने कहा, जो कोई भी कैदी है, उसके साथ मानवता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। कैदी की उम्र और स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखा जाना चाहिए, जिसमें उचित सोने की व्यवस्था, जलवायु संरक्षण, पर्याप्त जगह, रोशनी, गर्मी और वेंटिलेशन शामिल हैं।

# भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर-कानूनी

### अमेरिकी सांसद बोलेः इसका नुकसान आम अमेरिकी नागरिक भुगत रहे, 3 सांसदों ने प्रस्ताव पेश किया

**वाशिंगटन।** तीन अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर लगाए भारी-भरकम टैरिफ को चुनौती दी है। ये सांसद हैं डेबोरा रास, मार्क वीजी और राजा कृष्णमूर्ति। इन्होंने अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसका मकसद भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने 50 प्रतिशत टैरिफ को हटाना है। सांसदों का कहना है कि ये टैरिफ गैर-कानूनी हैं।

अमेरिका के लिए नुकसानदेह हैं और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम अमेरिकी नागरिकों को हो रहा है। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। डेबोरा रास ने कहा कि उनके राज्य नार्थ कैरोलिना में भारत से बहुत निवेश आता है, हजारों नौकरियां भारतीय कंपनियों से जुड़ी हैं, ये टैरिफ उस रिश्ते को चोट पहुंचा रहे हैं। मार्क वीजी ने इसे 'आम अमेरिकियों पर अतिरिक्त टैक्स' बताया।

उन्होंने कहा कि सामान महंगा हो जाने से आम लोगों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि ये टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं, अमेरिकी मजदूरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत से रिश्ते मजबूत करने चाहिए, बिगाड़ने नहीं। यह प्रस्ताव सिर्फ भारत के टैरिफ तक सीमित नहीं है। सांसदों का कहना है कि ट्रम्प लगातार अधिकारों का इस्तेमाल करके एकतरफा तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं, जबकि व्यापार नियम बनाने का असली अधिकार अमेरिकी संसद के पास है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत पर टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं। अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प कई बार यह दावा कर चुके हैं कि, भारत के तेल खरीद से मिलने वाले पैसे से रूस, यूक्रेन में जंग को बढ़ावा देता है। ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगा चुके हैं। इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से और पेनल्टी 27 अगस्त से लागू हुआ। पिछले कुछ महीनों में, भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ता काफी खटास भरा रहा। अमेरिका ने भारत के हाई टैरिफ और ट्रेड घाटे की वजह से टैरिफ लगाया है। इस वजह से दोनों देशों को एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट में परेशानी हुई थी। अमेरिका को लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलित है। भारत, अमेरिका को ज्यादा चीजें बेचता है और अमेरिका, भारत को उतनी चीजें नहीं बेच पाता। इस अंतर को कम करने के लिए भी यह टैरिफ लगाया गया है। अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर का कहना है कि भारत ने एग्रीकल्चर सेक्टर को लेकर अब तक का 'सबसे अच्छा आफर' दिया है। आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी किसानों को भारत के बाजारों तक ज्यादा पहुंच मिले, इसके लिए बातचीत की जा रही है। खासकर ज्वार और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए घरेलू मार्केट खोलने पर चर्चा हो रही है। ग्रीयर ने बताया कि अमेरिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है।




■ कहाः टैरिफ अमेरिका के लिए नुकसानदेह, इससे सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिकी नागरिकों को हो रहा

## ब्राजील ने ट्रम्प से अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क निलंबित करने को कहा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ब्राजीलियाई उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क को तब तक के लिए निलंबित करने का आग्रह किया है, जब तक दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने के लिए उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता जारी है। उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री जेराल्डो अल्कमिन ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति ने कहा है कि बातचीत जारी रहने तक आयात शुल्क पर फैसला रोक दिया जाए। हमें इंतजार करना होगा। अल्कमिन ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के मूल आयात शुल्क दायरे को कम करने के फैसले के बाद ब्राजील और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय बातचीत 'लगातार आगे बढ़ रही है'। कार्यकारी आदेश के जरिए शुरुआती कदम में करीब 4000 ब्राजीलियाई उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था, जिससे बड़े स्तर पर निर्यात प्रभावित हुए थे।

## ईरान में नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी गिरफ्तार, बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं

**तेहरान।** ईरान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। नगरिस मशहद शहर में एक्टिविस्ट खोसरो अलिकोरदी की एक शोक सभा में शामिल होने गई थीं, जहां उन्हें पकड़ लिया गया। अलिकोरदी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। ईरानी अधिकारियों ने उनकी मौत को दिल का दौरा बताया है, लेकिन इस पर शक जताया जा रहा है। अलिकोरदी इसके विरोध में बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नरगिस मोहम्मदी के भाई मेहदी, जो उस कार्यक्रम में मौजूद थे, ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। परिवार का कहना है कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया और कई लोगों के साथ मारपीट की गई। अभी तक यह साफ नहीं है कि नरगिस मोहम्मदी को कहां रखा गया है। नोबेल कमेटी ने नरगिस मोहम्मदी की गिरफ्तारी पर गंभीर चिंता जताई है। नरगिस मोहम्मदी को 2023 में ईरान में महिलाओं पर हो रहे दमन के खिलाफ संघर्ष और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था।

## गैरकानूनी है एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क को लेकर ट्रम्प प्रशासन का हालिया फैसला अमेरिका में सियासी और कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बन गया है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से एच-1बी वीजा पर एक लाख डालर की भारी-भरकम फीस लगाने के फैसले के खिलाफ अब खुद अमेरिका के 20 राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में राज्यों का कहना है कि यह फैसला गैरकानूनी है और इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं में स्टाफ की कमी और गंभीर हो जाएगी।

बता दें कि यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (डीएसएस) की उस नीति के खिलाफ है, जिसमें एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों से बहुत ज्यादा फीस लेने की बात कही गई है। एच-1बी वीजा का इस्तेमाल आमतौर पर अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल जैसे संस्थान करते हैं, ताकि वे विदेश से कुशल कर्मचारियों को रख सकें। राज्यों ने ट्रम्प के इस फैसले के खिलाफ कोर्ट में दलील दी है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला प्रशासनिक

■ सियासी व कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बना, ट्रम्प के फैसले के खिलाफ 20 अमेरिकी राज्य पहुंचे कोर्ट

प्रक्रिया कानून का उल्लंघन करता है। राज्यों ने इस बात पर भी जोर दिया कि ट्रंप प्रशासन का ये फैसला अमेरिकी संविधान के भी खिलाफ है। कांग्रेस ने कभी भी इतनी ज्यादा फीस लगाने की अनुमति नहीं दी। राज्यों ने कहा कि पहले एच-1बी वीजा की फीस सिर्फ सिस्टम चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी।

अभी तक एच-1बी वीजा के लिए कंपनियों को कुल मिलाकर 960 डालर से 7595 डालर तक फीस देनी पड़ती है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर लिया गया है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं राज्यों के अटार्नी जनरल्स ने चेतावनी दी है कि इस नई फीस से टीचरों और डाक्टरों की कमी और गंभीर हो जाएगी। 2024-25 के स्कूल वर्ष में अमेरिका के 74 प्रतिशत स्कूल जिलों ने माना कि उन्हें खाली पद भरने में दिक्कत हो रही है।

## फ्रांस में 'लम्पी रोग' के कारण पशुओं के मारे जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे किसान

**पेरिस।** दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में किसानों ने 'लम्पी स्किन रोग' के कारण बड़े पैमाने पर पशुओं के मारे जाने के सरकार के आदेश के विरोध में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक प्रमुख सड़कों को जाम कर दिया। नाराज किसानों ने न केवल ट्रैक्टरों से सड़कों की नाकेबंदी कर दी, बल्कि भूसे के गट्ठरों में भी आग लगा दी। पुलिस ने नाराज भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। यह विरोध प्रदर्शन फ्रांस के कृषि क्षेत्र में बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है, जो पहले से ही पशु स्वास्थ्य संकटों और लगातार बढ़ते आर्थिक तनाव से गुजर रहा है।

# पाकिस्तान में पहली बार संस्कृत, गीता पढ़ेंगे बच्चे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहली बार बच्चे संस्कृत पढ़ेंगे और हिंदू धर्म ग्रंथ गीता का अध्ययन करेंगे। दरअसल लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठयक्रम का हिस्सा बनाया है।

आजादी के 77 साल बाद यह कदम पाकिस्तान में शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा। संस्कृत कोर्स की शुरुआत एक साप्ताहिक कार्यशाला से हुई थी, जो अब कोर्स में बदल गई है। एलयूएमएस अब महाभारत और भगवद्गीता पर अलग कोर्स शुरू करने की तैयारी में है। इस प्रयास से पाकिस्तान में संस्कृत के

■ लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया

विद्वान तैयार होंगे। गुरमानी सेंटर के निदेशक डा. अली उस्मान कासमी और एफसी कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. शाहिद रशीद विभागाध्यक्ष हैं। डा. रशीद मुख्य रूप से संस्कृत व्याकरण और शास्त्रीय साहित्य पढ़ाते हैं। शुरुआत में छात्र कठिनाई महसूस कर रहे थे, फिर संस्कृत की तार्किक संरचना समझी और विषय में उनकी रुचि बढ़ गई। छात्र हैरान हो गए कि उर्दू और अन्य स्थानीय भाषाओं के कई शब्द संस्कृत से आए हैं।

## फ्रांस में गिरफ्तार रूस की कथित जासूस ने कहा दुनिया भर से मिल रहा समर्थन

**मॉस्को।** जासूसी के शक में फ्रांस में गिरफ्तार की गई रूसी-फ्रांसीसी नागरिक ऐना नोविकोवा ने एक पत्र में कहा है कि उन्होंने हिम्मत नहीं हारी है और उन्हें अलग-अलग देशों से समर्थन पत्र मिले हैं। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने इस खत तक पहुंच होने का दावा करते हुए यह बात कही है। इससे पूर्व, ल पेरिसियन अखबार ने 25 नवम्बर को एक रिपोर्ट में कहा था कि फ्रांसीसी खुफिया सेवाओं ने नोविकोवा सहित एसओएस डोनबास संगठन के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। यह संगठन डोनबास के निवासियों को मदद देता है।

# कश्मीर मुद्दे पर ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट किया रुख

### संसद में कहाः ये भारत-पाकिस्तान का मसला

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने इस हफ्ते वेस्टमिंस्टर हाल में हुई संसदीय बहस के दौरान कश्मीर मुद्दे पर अपना पुराना और स्पष्ट रुख दोहराया, कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है और इसका हल कश्मीरियों की इच्छा को ध्यान में रखकर ही निकलना चाहिए। यह बहस 'कश्मीर' स्वभाग्यनिर्णय विषय पर हुई, जिसे पाकिस्तानी मूल के लेबर सांसद इमरान हुसैन ने आगे बढ़ाया था। उन्होंने सरकार से पूछा कि कश्मीर मसला द्विपक्षीय है या अंतर्राष्ट्रीय।

इस पर विदेश, राष्ट्रमंडल व विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री हैमिश फाल्कनर ने कहा कि मैं यूके सरकार की लंबे समय से चली आ रही नीति दोहराता हूं, कश्मीर पर स्थायी समाधान भारत और पाकिस्तान को ही निकालना है, और इसमें कश्मीरियों की इच्छाओं का सम्मान जरूरी है। यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है। मंत्री ने बताया कि यह इस साल यूके संसद में कश्मीर पर चौथी बहस है। उन्होंने कहा कि

■ यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है

■ बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया

कश्मीर दक्षिण एशिया की सबसे संवेदनशील और लंबे समय से चली आ रही जटिल चुनौतियों में से एक है, जहां इतिहास, पहचान और भू-राजनीति एक-दूसरे से टकराते हैं। फाल्कनर ने चेताया कि चूंकि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु संपन्न देश हैं, इसलिए किसी भी तरह की गलतफहमी या तनाव बढ़ने के बड़े वैश्विक असर हो सकते हैं। इसी वजह से ब्रिटेन 'तटस्थ रुख' रखते हुए संवाद और मानवाधिकारों के सम्मान की अपील करता है। इस बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया और कहा कि ज्यादातर आतंकी कैंप पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया टेररिज्म पोर्टल के अनुसार पाकिस्तान में 42 और पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान में 21 आतंकी प्रशिक्षण शिविर दर्ज हैं। इस पर फाल्कनर ने कहा कि यह दक्षिण एशिया के लिए दुखद है कि पड़ोसी देश एक-दूसरे पर आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाते हैं। यूके इस मुद्दे पर मदद करना चाहता है क्योंकि इसी कारण हाल में रिश्तों में सबसे बड़ी दरार पड़ी है। पूर्व ब्रिटिश पीएम जेरेमी कार्बिन समेत कुछ लेबर सांसदों ने कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बढ़ाने की मांग की। इस पर मंत्री फाल्कनर ने कहा कि यूएन की भूमिका को लेकर भारत और पाकिस्तान में हमेशा मतभेद रहे हैं। अलग-अलग समय पर दोनों देशों ने यूएन दखल को कभी सही तो कभी गलत बताया है।

# पाकिस्तान में रणवीर सिंह-अक्षय खन्ना पर FIR की मांग

### खाड़ी देशों में बैन के चलते धुरंधर की रिलीज अटकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची की एक अदालत में भारतीय फिल्म 'धुरंधर' के खिलाफ शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के झंडे और पार्टी रैलियों के फुटेज का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया है।

इसके साथ ही फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। यह याचिका पीपीपी के कार्यकर्ता मोहम्मद आमिर ने कराची के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट (साउथ) में दाखिल की है। याचिका में मांग की गई है कि फिल्म के निर्देशक, निर्माता, कलाकार और फिल्म के प्रचार व निर्माण से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। याचिका में फिल्म के लीड एक्टर रणवीर सिंह समेत अन्य कलाकार संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेनी, निर्देशक आदित्य धर, निर्माता लोकेश धर और ज्योति किशोर देशपांडे के नाम शामिल हैं। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार, फिल्म के आधिकारिक ट्रेलर में बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों और पीपीपी से जुड़े दृश्य बिना किसी कानूनी अनुमति के दिखाए गए हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि फिल्म में पीपीपी को आतंकियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली पार्टी के रूप में पेश किया गया है। साथ ही कराची के लियारी इलाके को 'आतंकियों का युद्ध क्षेत्र' बताया गया है, जो याचिकाकर्ता के मुताबिक मानहानिकारक, भ्रामक और पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। मोहम्मद आमिर ने कहा कि यह फिल्म पीपीपी, उसके नेताओं और समर्थकों के खिलाफ नफरत फैलाने, अपमान करने और उकसाने का काम करता है। उन्होंने पाकिस्तान दंड संहिता की धाराओं 499, 500, 502, 504, 505, 153-ए और 109 का हवाला दिया है। ये धाराएं मानहानि, आपराधिक धमकी, दंगा भड़काने और विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी फैलाने से जुड़ी हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने पहले दरख्शां थाने के एसएचओ को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने न तो मामला दर्ज किया और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की।



■ फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है

## रूस की अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर रोक

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) परिषद ने शुक्रवार को यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का हवाला देते हुए रूस के केंद्रीय बैंक से संबंधित अचल संपत्तियों के किसी भी हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। परिषद ने एक बयान में कहा कि यह फैसला ईयू की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान को सीमित करने के लिए तत्काल आधार पर लिया गया। बयान में कहा गया है कि यह उपाय रूस के केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों या भंडार के किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तांतरण के साथ-साथ 'रूस के केंद्रीय बैंक की ओर से या उसके निर्देश पर कार्य करने वाले किसी भी कानूनी व्यक्ति, संस्था या निकाय' से जुड़े लेनदेन पर प्रतिबंध लगाता है।

## ट्रम्प के संघर्ष रोकने का दावा फेल

**बैंकाक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीज जारी सीमा संघर्ष में आयदिन नए-नए मोड़ सामने सामने आ रहे है। एक तरफ जहां बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि वो एक फोन पर ये संघर्ष रुकवा देंगे।

वहीं दूसरी ओर ताजा अपडेट ये है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हमले और तेज होते नजर आ रहे हैं। आज यानी शनिवार को भी थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया सीमा के पास हवाई हमला किया। जानकारी के मुताबिक, थाई वायुसेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करते हुए कई ठिकानों पर बम गिराए। मीडिया रिपोर्टस की माने तो स्थानीय समयानुसार शनिवार की सुबह 5:50 बजे, थाई सेना ने कंबोडिया के

■ थाई सेना ने सीमा पर फिर बरसाए बम इमारतें-पुल तबाह

पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा शहर के एक होटल की इमारत को निशाना बनाकर एक बम गिराया। इसके पांच मिनट बाद, 5:55 बजे उसी इलाके में एक और होटल इमारत पर बमबारी की गई। इस हमले के बाद थाई सेना के हमले का रुख पुलों की ओर हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुबह 6:02 बजे थाई सेना ने चेई चोम्नास पुल पुल को नष्ट करने के लिए एक बम गिराया। 6:07 बजे उसी पुल पर दूसरा बम गिराया गया। फिर 6:12 बजे, चेई चोम्नास के पुराने पुल (ओल्ड ब्रिज) को निशाना बनाते हुए एक और बम गिराया गया।





# 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई धुरंधर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसका असर फिल्म के कलेक्शन पर भी देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने धमाल मचा दिया है। धुरंधर की खास बात है कि इसमें रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना और के किरदार को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने पहले दिन भारतीय बाजार में 28 करोड़ रुपए, दूसरे दिन 32 करोड़ रुपए, तीसरे दिन 43 करोड़, चौथे दिन 23-25, पांचवे दिन 27 करोड़ और छठे दिन 27 करोड़ की जबरदस्त कमाई की है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने सातवें दिन 27 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपये दे अधिक की कमाई कर ली है।

## धुरंधर में रणवीर सिंह के जबरदस्त अभिनय से प्रभावित हुए राकेश बेदी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता राकेश बेदी ने रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि इस पीढ़ी में उनके जैसा काम किसी और ने नहीं किया है। राकेश बेदी ने रणवीर सिंह के साथ धुरंधर में काम किया है। राकेश बेदी ने कहा कि रणवीर ने कितने तरह का काम किया है।

आप खुद देखिए, जो रोल रणवीर ने किए हैं, क्या किसी और बड़े एक्टर ने वैसे रोल निभाए हैं? इतनी लगन के साथ, इतनी अलग-अलग किस्म के किरदार बहुत कम लोग कर पाते हैं। उन्होंने हर रोल को पूरे जोश और अलग अंदाज में किया है, चाहे वो बाजीराव हो या खिलजी हर किरदार में वो बिल्कुल नए रूप में नजर आए हैं। हर नए किरदार के साथ रणवीर यह साबित करते जा रहे हैं कि एक लीडिग एक्टर क्या-क्या कर सकता है। जैसे-जैसे धुरंधर के लिए तालियां और तेज होती जा रही हैं, वैसे-वैसे राकेश बेदी की बात और भी सच लगती है, इस पीढ़ी में किसी और लीड एक्टर ने रणवीर जैसा काम नहीं किया है, न इतनी मेहनत के साथ, न इतनी वर्सेटिलिटी के साथ और न ही ऐसे जबरदस्त सिनेमाई असर के साथ।

## शिल्पी व माही का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज

**मुंबई।** गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज हो गया है। शिल्पी राज और माही श्रीवास्तव की जोड़ी में आया भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने रिलीज किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गाना 'दिलवा में रखिहा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को शिल्पी राज ने अलग अंदाज में गाया है।



# जान्हवी व सैनन ने बिखेरा जलवा



**मुंबई।** वर्ष 2025 में बिग स्क्रीन पर जान्हवी कपूर, यामी गौतम, तृप्ति डिमरी, कृति सैनन, रश्मिका मंदना और अनीत पड्डा समेत कई अभिनेत्रियों ने जलवा बिखेरा। वर्ष 2025 उन अदाक. ाराओं का साल रहा जिन्होंने सिर्फ अभिनय नहीं किया, बल्कि पर्दे पर पूरी तरह अपना साम्राज्य जमाया। जान्हवी कपूर के लिए 2025 एक निर्णायक साल रहा, एक ऐसा मोड़ जहां उन्होंने बड़े पर्दे पर पूरी कमान अपने हाथ में ली थी। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में जिस तरह उन्होंने अपनी धमाकेदार कमर्शियल एनर्जी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिग के साथ स्क्रीन पर चमक उठी, उसने उनके बढ़ते बॉक्स-ऑफिस आकर्षण को और मजबूत किया। इसके बाद परम सुंदरी में उनकी स्टाइलिश, कॉन्फिडेंट रोम-कॉम स्टार पर्सोना को और निखारा, यह एक ऐसी चमक थी, जिसने उन्हें कमर्शियल स्टार बना दिया। इसके अलावा होमबाउंड में उनका रॉ, सच्चाई और दर्द से भरे अभिनय ने सबका दिल छू लिया। इस तरह इस साल रिलीघ हुई अपनी इन तीनों फिल्म से उन्होंने सिर्फ अपना रेंज नहीं दिखाया, बल्कि अपनी असरदार मौजूदगी का जोरदार ऐलान किया। उन्होंने बता दिया कि अब वे सिर्फ उभरती नायिका नहीं, बल्कि अपनी पीढ़ी की सबसे प्रभावी थिएट्रिकल कलाकारों में मजबूती से खड़ी नायिका हैं। यामी गौतम हमेशा से असरदार नायिका की छवि अपने दर्शकों को परोसती आई हैं, और फिल्म हक़ उनकी इस ताकत को और बढ़ाकर सामने लाता है। इस फिल्म में उनका अभिनय दृढ़ता, ईमानदारी और भावनात्मक स्पष्टता पर टिका है। यामी कहानी की धड़कन और उसकी आत्मा, दोनों हैं। हालांकि सच पर टिके किरदारों में वे हमेशा से चमकदार रही हैं, लेकिन हक़ ने इसे और आगे बघया है। सिर्फ यही नहीं अपनी फिल्मों के चुनाव से इस बार भी उन्होंने साबित किया कि वे वे शोर नहीं, मायने चुनती हैं। यही वजह है कि हक़ उन्हें हिदी सिनेमा की सबसे भरोसेमंद और प्रभावशाली नाटकीय अभिनेत्रियों में स्थाई जगह देती है। इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली प्रतिभाओं में गिनी जानेवाली तृप्ति डिमरी ने धड़क 2 से अपने अभिनय का रेंज दिखाया है, उसने उन्हें मुख्यधारा वाले स्पेस में स्थापित कर दिया है। प्यार, दिल टूटने, संघर्ष और जज्बे से भरी कहानी को वे ऐसी ईमानदारी से निभाती हैं कि दर्शक उनकी हर छोटी-बड़ी बारीकी को महसूस करते हैं। धड़क 2 उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह है, और साबित करता है कि वे बड़े स्तर की कहानियां भी आसानी से संभाल सकती हैं, वो भी बिना अपनी भावनात्मक संवेदनशीलता खोए, पूरी सच्चाई के साथ। अपनी हालिया रिलीज फिल्म तेरे इश्क में कृति सेनन ने मुक्ति का काफी चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है, जिसे कृति खुद अपने द्वारा अब तक का निभाए गए किरदारों में सबसे जटिल और भावनात्मक रूप से मुश्किल किरदार कहा है। कृति के शब्दों में इस भूमिका ने उन्हें काफी चुनौती दी और इसमें बहुत सारी अनकही भावनाओं को दर्शाना था, जो कठिन, दिलचस्प था। यही वजह है कि कई दर्शकों ने उनके काम की काफी तारीफ की है। कुछ ने तो सोशल मीडिया पर इसे उनके करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस तक कहा है। रश्मिका मंदाना वर्ष 2025 में दो दमदार थिएट्रिकल फिल्मों के साथ आई थीं, जिनमें एक भव्य ऐतिहासिक ड्रामा छावा और दूसरी जॉनर-ब्लेंडिग एंटरटेनर थम्मा। छावा में जहां उन्होंने एक विशाल पीरियड सेटिग में गरिमा, संवेदना और आंतरिक दृढ़ता लाई, वहीं थम्मा की एक पूरी तरह से अलग दुनिया में उन्होंने रोमांस, हास्य, हॉरर और ड्रामा परोसकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इन दोनों फिल्मों में उन्होंने दिखाया कि वे हर तरह किरदार को बेहद सहजता से निभा सकती हैं। अनीत पड्डा भले ही नई हों, लेकिन सैयारा ने उन्हें वर्ष 2025 की सबसे आशाजनक थिएट्रिकल खोजों में मजबूती से स्थापित कर दिया है। उनका अभिनय सहज और सच्चा है, न कोई बनावट है, न कोई दिखावा, बस गहराई, कोमलता और भीतर की ताकत से भरा हुआ। सैयारा में उन्होंने भावनाओं की कई परतों को जिस खूबसूरती से एक्सप्लोर किया और अपने किरदार को स्वाभाविकता से निभाया, वो बेहद घस है। अपनी पहली फिल्म से उन्होंने ए बात सबको बता दी है कि वे आगे बढ़ेंगी, सबको चौंकाएंगी और धीरे खुद को एक मजबूत थिएट्रिकल परफॉर्मर के रूप में गढ़ेंगी।

# अवसरवादिता होने में कोई बुराई नहीं: नुसरत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा का कहना है कि अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं है।

नुसरत भरूचा ने अपनी हॉरर फ्रैंचाइज छोरी के जरिए एक अलग पहचान बनाई है, जहां उनके अभिनय की इतनी तारीफ हुई कि इसका दूसरा भाग भी बना, जिसने एक जोखिम लेने वाली, ईमानदार और स्पष्ट विचारों वाली कलाकार के रूप में उनकी जगह और मजबूत कर दी। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, नुसरत ने महत्वाकांक्षा, चुनावों और अक्सर गलत समझे जाने वाले शब्द अवसरवादी पर खुलकर बात की।

उन्होंने इस धारणा को बड़ी सच्चाई और परिपक्वता के साथ नया दृष्टिकोण दिया। नुसरत भरूचा ने कहा, मैं भी एक अवसरवादी हूं। अगर मुझे कोई ऐसी फिल्म का ऑफर मिलता है जिसे मैं सच में करना चाहती हूं, तो क्यों नहीं? जाहिर है मैं जाकर कहूंगी, 'हां, मैं यह करना चाहती हूं।' हर कोई लाइन में इसलिए खड़ा होता है, क्योंकि उसे कुछ चाहिए होता है और इसमें कोई बुराई नहीं है। अवसरवादी होना गलत नहीं है, लेकिन उस रास्ते पर चलते हुए आपके कदम जिम्मेदार होने चाहिए। यह आप ही जानते हैं, या समय के साथ सीखते हैं। मैंने अपने अनुभवों से सीखा है, और अगर मेरी सोच, मेरे मूल्य और मेरी धारणाएं मुझे सही लगती हैं, तो वे मेरे लिए सही हैं। इंडस्ट्री में नुसरत की यात्रा उनके महत्वाकांक्षा और प्रामाणिकता के इसी संतुलन को दर्शाती है। वर्षों में, उन्होंने एक मजबूत फिल्मोग्राफी गढ़ी है, जिसमें बड़े पैमाने की फिल्मों से लेकर दमदार, प्रदर्शन-प्रधान भूमिकाएं शामिल हैं। विशेष रूप से 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', और 'ड्रीम गर्ल' जैसे हिट्स से लेकर 'छोरी' और 'जनहित में जारी' में उनके प्रभावशाली अभिनय तक, नुसरत ने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं, जो उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका देते हैं और व्यापक दर्शकों से जोड़ते हैं।

# सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे श्रेयस तलपड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े, जी स्टूडियोज की फिल्म आजाद भारत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे। रूपा अय्यर की फिल्म आजाद भारत नेताजी सुभाष चंद्र बोस, उनकी अमर विरासत और उनके द्वारा स्थापित रानी झांसी रेजिमेंट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। फिल्म के केंद्र में है नीरा आर्या और अनगिनत ऐसे वीर सेनानी, जिनकी कहानियां इतिहास में कहीं खो गईं, लेकिन उन्होंने भारत की आजादी के लिए अदम्य साहस के साथ अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में दिखाई देंगे, सुरेश ओबेरॉय क्रांतिकारी छाजू रामजी के किरदार में नजर आएंगे, जबकि रूपा अय्यर स्वयं नीरा आर्या की भूमिका निभाने के साथ-साथ फिल्म की निर्देशक और निर्माता भी हैं। फिल्म के राष्ट्रगान में आवाज अमृता फडणवीस ने दी है। रूपा अय्यर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं खुद को धन्य मानती हूं, क्योंकि यह फिल्म ईश्वर की प्रेरणा से बनी है। चाहे कलाकारों का चयन हो या फिर उनसे मेरा जुड़ाव, हर कदम पर मुझे ईश्वर का मार्गदर्शन मिला।ष्श्रेयस जी ने मुझसे पूछा कि मैंने क्यों सोचा कि वे नेताजी की भूमिका निभा सकते हैं। तो मैंने कहा कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा, हर किरदार में ढल जाने की क्षमता और उनकी संवेदनशीलता उन्हें इस भूमिका के लिए उचित बनाती है। यह फिल्म नई पीढ़ी के लिए जरूर देखने योग्य है, जो कई सुविधाओं के बावजूद शिकायतें करती रहती है। नीरा आर्या, रानी झांसी रेजिमेंट और उन सभी अनसुने योद्धाओं की कहानी यह बताती है कि कैसे वे किशोरावस्था से ही मातृभूमि के प्रति समर्पित थे, बिना किसी साधन के, सिर्फ जुनून के साथ। अमृता फडणवीस ने कहा, इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। आजाद भारत एक बेहद खूबसूरत फिल्म है, जो नीरा आर्या की कहानी को शानदार ढंग से प्रस्तुत करती है। रूपा अय्यर जी ने न सिर्फ मुख्य किरदार निभाया है, बल्कि फिल्म को निर्देशित और निर्मित भी किया है। एक ही प्रोजेक्ट में तीन जम्मिेदारियां निभाना वाकई काबिल-ए-तारीफ है।



पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108